सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 27 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 289, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**10 कंपनियों की पूंजी 1.55 लाख करोड़ बढ़ी**

पिछले सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का मार्केट कैप सामूहिक रूप से 1,55,710.74 करोड़ रुपये बढ़ गया। } 10

**रूस से तेल खरीद में पूरी तरह से कटौती कर रहा है भारत**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करने जा रहा है। उन्होंने कहा चीन भी काफी हद तक कटौती करेगा। } 12



# स्वास्थ्य सेवा देश के विकास का अभिन्न अंग : मुर्मू

○ राष्ट्रपति ने गाजियाबाद में हॉस्पिटल यशोदा मेडिसिटी का किया उद्घाटन ○ कार्यक्रम में मौजूद थे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीएम योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल

विशेष संवाददाता

गाजियाबाद (उप्र)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि स्वास्थ्य सेवा राष्ट्रीय विकास का अभिन्न अंग है और किसी भी नागरिक को प्रभावी चिकित्सा सेवाओं से वंचित नहीं होना चाहिए।

गाजियाबाद के इंदिरापुरम में एक निजी अस्पताल यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सेवा देकर चिकित्सा पेशे से जुड़े लोग राष्ट्र की भी सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैं आप सभी की प्रतिबद्धता की सराहना करती हूं। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि यशोदा अस्पताल राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के अनुरूप ईमानदारी से काम कर रहा है। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी उपस्थित रहीं। राष्ट्र निर्माण में स्वास्थ्य सेवा की भूमिका पर जोर देते हुए राष्ट्रपति ने कहा स्वास्थ्य सेवा राष्ट्रीय विकास का एक अभिन्न अंग है। लोगों को बीमारियों से बचाना और उनके स्वास्थ्य मानकों में सुधार लाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, जो देश भर में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और चिकित्सा सेवाओं का निरंतर विस्तार कर रही है। उन्होंने आगे कहा, ये प्रयास एक स्वस्थ और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देंगे। राष्ट्रपति ने देश के हर कोने तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लिए निजी क्षेत्र सहित सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा किसी भी नागरिक को प्रभावी चिकित्सा सेवाओं से वंचित नहीं होना चाहिए। अच्छे निजी संस्थान इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी देश के विकास में योगदान देते हैं, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की आधारशिला : राजनाथ




गाजियाबाद (उप्र)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की आधारशिला है। यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा यशोदा मेडिसिटी के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, हम उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं जिसका सपना हमारे पूर्वजों ने देखा था, जो शक्तिशाली और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अब इलाज के लिए दिल्ली में नहीं भटकना पड़ेगा : योगी



गाजियाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अब राज्य के लोगों को इलाज के लिए दिल्ली में नहीं भटकना पड़ेगा। गाजियाबाद में रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा एक निजी अस्पताल के लोकार्पण किए जाने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नयी ऊंचाइयों को छू रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भारत की एक्ट ईस्ट नीति का मुख्य स्तंभ है आसियान

### प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर सम्मेलन को किया संबोधित



एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आसियान शिखर सम्मेलन में वर्चुअली हिस्सा लिया। इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आसियान के देश साझा मूल्यों की डोर से बंधे हुए हैं। 21वीं सदी आसियान देशों की सदी है। बता दें कि आसियान की यह बैठक मलयेशिया में हो रही है। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा, 'भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक-चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं। हम न केवल भूगोल साझा करते हैं, बल्कि गहरे ऐतिहासिक संबंधों और साझे मूल्य के जोड़ से जुड़े हुए हैं। हम वैश्विक दक्षिण का हिस्सा हैं। हमारे बीच न केवल व्यापारिक संबंध हैं, बल्कि सांस्कृतिक संबंध भी हैं। आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति का मुख्य स्तंभ है। भारत ने हमेशा आसियान की केंद्रीयता और हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर आसियान के दृष्टिकोण का समर्थन किया है। अनिश्चितता के इस दौर में भारत-आसियान व्यापक रणनीतिक साझेदारी निरंतर मजबूत हुई है। हमारी मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का आधार बनकर उभर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## गृहमंत्री अमित शाह से मिले सीएम योगी



नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों मुलाकात की तस्वीरें आदित्यनाथ ने एक्स पर साझा कीं। शनिवार को उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने इन मुलाकातों को शिष्टाचार भेंट बताया था।

## विकास व संस्कृति का संगम बनेगा 'माणा' : धामी

### चमोली में देवभूमि सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य समापन

प्रमुख संवाददाता



चमोली (उत्तराखंड)। देश के प्रथम गांव माणा ने इस बार एक बार फिर अपनी परंपरा, संस्कृति और गौरव की नई कहानी लिखी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी यहाँ आयोजित दो दिवसीय देवभूमि सांस्कृतिक महोत्सव के समापन समारोह में पहुंचे। यह भव्य आयोजन भारतीय सेना और उत्तराखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय समुदायों, पर्यटकों और गणमान्य अतिथियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

मुख्यमंत्री ने महोत्सव की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सेना, प्रशासन और जनता के समन्वय से सीमांत क्षेत्रों में विकास और पर्यटन की नई धारा प्रवाहित हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल सांस्कृतिक एकता का प्रतीक हैं, बल्कि सीमांत गाँवों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए जिला प्रशासन और सेना के संयुक्त स्टॉलों तथा 'नो योर आर्मी' प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी ने भारतीय सेना और आम जनता के बीच विश्वास और संवाद का सेतु मजबूत किया है। मुख्यमंत्री ने सेना द्वारा प्रदर्शित आधुनिक उपकरणों, मॉडलों और सूचना सामग्री की विशेष सराहना की। महोत्सव में स्थानीय विद्यालयों के बच्चों ने पारंपरिक गढ़वाली लोकनृत्य और गीतों की ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** श्रीमती अलका दास गुप्ता ने विजेताओं को दी ट्राफी व पांच लाख रुपये की प्राइज मनी, शीर्ष वरीय खिलाड़ियों पर भारी पड़े सिद्धार्थ व अमोलिका ने जीती एकल की विजेता ट्रॉफी

# योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल बैडमिंटन चैंपियनशिप का भव्य समापन

खेल संवाददाता






लखनऊ। लखनऊ स्थित बाबू बनारसी दास अकादमी गोमती नगर में रविवार को योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल यूपी स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति श्रीमती अलका दास एवं बीबीडी ग्रुप की उपाध्यक्ष श्रीमती देवांशी दास और सोनाक्षी दास ने विजेताओं को ट्रॉफी व पांच लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया। बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी गोमती नगर में आयोजित

**○ सोनाली सिंह का डबल धमाल, मिश्रित और महिला युगल दोनों में चैंपियन**

पांच लाख रुपए की ईनामी राशि वाली चैंपियनशिप में मिश्रित युगल में आगरा के दक्ष गौतम व यूपी बैडमिंटन अकादमी की सोनाली सिंह, महिला युगल में अलीगढ़ की रमा सिंह व यूपी बैडमिंटन अकादमी की सोनाली सिंह चैंपियन बने। चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति श्रीमती अलका दास एवं बीबीडी ग्रुप की उपाध्यक्ष श्रीमती देवांशी दास और सोनाक्षी दास ने विजेताओं को ट्रॉफी व पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह, उपाध्यक्ष अरुण कक्कड़, कोषाध्यक्ष आनंद खरे, रेफरी रविंद्र चौहान, लखनऊ बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल ध्यानी सहित कई पदाधिकारी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। लखनऊ के सिद्धार्थ मिश्रा और यूपी बैडमिंटन अकादमी की अमोलिका सिंह ने शीर्ष वरीय खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल यूपी स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष व महिला एकल में विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। महिला एकल फाइनल में यूपी बैडमिंटन अकादमी की अमोलिका सिंह ने शीर्ष वरीय आगरा की दिव्यांशी गौतम को अपनी तेज सर्विस और बेहतर रणनीति के सहारे खासा परेशान करते हुए 21-5, 17-21, 21-19 से हराया। अमोलिका ने पहला गेम एकतरफा जीता, जबकि दूसरे गेम में दिव्यांशी ने वापसी की। निर्णायक गेम में अमोलिका ने तेज सर्विस और चतुराई भरी रणनीति से खिताबी जीत दर्ज की। इससे पूर्व सेमीफाइनल में अमोलिका ने वरीय खिलाड़ी लखनऊ की स्नेहा सिंह को 21-5, 21-3 से हराया था। पुरुष एकल फाइनल में लखनऊ के सिद्धार्थ मिश्रा ने शीर्ष वरीय प्रयागराज के अंश विशाल गुप्ता को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 10-21, ...शेष पृष्ठ 10 पर









फोटो : अमित वर्मा

# गढ़मुक्तेश्वर मेला बनेगा श्रद्धा, अनुशासन और स्वच्छता का प्रतीक : मुख्यमंत्री

## मिनी कुम्भ के रूप में आयोजित होगा गढ़मुक्तेश्वर मेला, होंगे पुख्ता इंतजाम, सीएम योगी ने किया गंगा पूजन, 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक चलेगा मेला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/गढ़मुक्तेश्वर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले वार्षिक कार्तिक पूर्णिमा मेले और अमरोहा के तिगरी मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया और सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेला स्थल का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर हर वर्ष लगभग 40 से 45 लाख श्रद्धालु गंगा तट पर स्नान और दीपदान के लिए पहुँचते हैं, इसलिए सभी व्यवस्थाएँ समयबद्ध और समन्वित हों ताकि किसी को असुविधा न हो।



मुख्यमंत्री ने यातायात, सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बता दें कि इस वर्ष 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक चलने वाले इस मेले को मिनी कुंभ के रूप में आयोजित करने की योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। गंगा घाटों पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की तैनाती, सीसीटीवी व ड्रोन निगरानी, रेस्क्यू बोट और हेल्पलाइन सेंटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मेले को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश से जोड़ा जाए तथा एकल-उपयोग प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि घाटों पर पर्याप्त चेकर प्लेट लगाई जाएं, पैंटून ब्रिज की व्यवहार्यता का परीक्षण किया जाए और कटान क्षेत्रों में सिंचाई विभाग द्वारा ड्रेजिंग कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान गहराई वाले जल क्षेत्रों में एनडीआरएफ/एसडीआरएफ और फ्लड यूनिट लगातार सतर्क रहें और आवश्यक बैरिकेडिंग की जाए। श्रद्धालुओं को अनुशासित व्यवहार हेतु प्रेरित करने के लिए काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएं। पूरे मेले क्षेत्र में सीसीटीवी, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और इंटीग्रेटेड कंट्रोल सेंटर की सतत निगरानी सक्रिय रहे। पार्किंग स्थलों पर वाहनों की सुरक्षा, प्रसारण व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अस्थायी शौचालयों में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज की प्रणाली लागू की जाए और किसी भी प्रकार की लीकेज को रोका जाए। घाटों पर भीड़ नियमन, चेंजिंग रूम, स्वच्छ शौचालय, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, और कचरा एवं बोतल संग्रहण प्रणाली को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति और सभी स्थलों पर इलेक्ट्रिक सेफ्टी का ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेले में आकर्षक सजावट की जाए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु होर्डिंग्स लगाई जाएं। साथ ही फायर सेफ्टी सिस्टम, अस्थायी अस्पताल, एंटी-स्नेक वैनम और एंटी-रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जल में स्नान के दौरान पुलिस और एनडीआरएफ की पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, और 20 से 25 किलोमीटर के दायरे में यातायात डायवर्जन योजना प्रभावी रूप से लागू की जाए ताकि किसी प्रकार का जाम न लगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं से कोई अतिरिक्त शुल्क न वसूला जाए और पशुओं के चारे तथा भोजन-पेयजल की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ड्यूटी पर तैनात स्वयंसेवकों के खान-पान की उचित व्यवस्था की जाए और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि गढ़मुक्तेश्वर का यह ऐतिहासिक मेला न केवल आस्था का केंद्र बने, बल्कि व्यवस्था, स्वच्छता और अनुशासन का आदर्श उदाहरण भी प्रस्तुत करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़मुक्तेश्वर का यह आयोजन उत्तर प्रदेश की आस्था, अध्यात्म और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। सरकार का लक्ष्य है कि यह मेला श्रद्धा, अनुशासन और स्वच्छता के साथ सम्पन्न हो, ताकि हर आगंतुक इस पावन तीर्थ से शांति और आशीर्वाद लेकर लौटे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र में गंगा पूजन किया फिर गढ़ मेला क्षेत्र में स्थापित सदर बाजार का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने गढ़ मुक्तेश्वर में बनाए जा रहे मोढ़े के स्टोर का भी अवलोकन किया और मोढ़े की क्वालिटी की प्रशंसा की। मालूम हो कि गढ़मुक्तेश्वर का धार्मिक और पौराणिक महत्व अत्यंत प्राचीन है। मान्यता है कि महाभारत के युद्ध के बाद युधिष्ठिर, अर्जुन और भगवान श्रीकृष्ण ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए यहीं गंगा में स्नान किया था।

## डॉ. राजेश्वर सिंह ने योगी आदित्यनाथ को सौंपा नीति पत्र

**लखनऊ।** भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक विस्तृत नीति-पत्र सौंपा, जिसमें राज्यभर के स्लॉटर हाउसों के लिए एआई आधारित ह्यूमन मॉनिटिरिंग सिस्टमलागू करने तथा एक आधुनिक और पारदर्शी नियामक ढांचा तैयार करने का आग्रह किया गया है।

डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री के गौ-संरक्षण और करुणा-आधारित सुशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा है कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने गौ-संरक्षण और पशु-कल्याण को राज्य नीति का मूल तत्व बना दिया है। अब आवश्यक है कि वधशालाओं के संचालन में पारदर्शिता, तकनीक और संवेदनशीलता को जोड़ा जाए, ताकि संविधान के अनुच्छेद 48 की भावना के अनुरूप वैज्ञानिक एवं मानवीय व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्य चिंता और तथ्य में नीति-पत्र में वधशालाओं की निगरानी और मानवीय प्रक्रिया में गंभीर कमियों की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है जिनमें एनसीआरवी (2019-22): देश में प्रतिवर्ष 20,000 से अधिक पशु-क्रूरता के मामले दर्ज। यूपी पशुपालन विभाग (2023): लगभग 260 लाइसेंस प्राप्त वधशालाओं में से केवल आधी में सीसीटीवी कार्यरत। एडब्ल्यूबीआई (2020): मेरठ, मुरादाबाद और अलीगढ़ में गर्भवती भैंसों के वध की शिकायतें। वर्ल्ड एनिमल प्रोटेक्शन इंडेक्स (2020): भारत कमजोर प्रवर्तन श्रेणी में दर्ज। डॉ. सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पशु-कल्याण और क्रूरता रोकथाम में ऐतिहासिक बदलाव ला सकती है। एआई सक्षम कैमरे रीयल-टाइम वीडियो फीड का विश्लेषण कर सकते हैं, जिससे गर्भवती या नवजात पशुओं की पहचान, स्टूनिंग'प्रोटोकाल का उल्लंघन या ओवरक्राउडिंग जैसी गतिविधियाँ तुरंत चिन्हित की जा सकती हैं। यह प्रणाली स्वतः अलर्ट जनरेट कर जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग को सूचित करेगी, जिससे कार्रवाई क्रूरता घटने से पहले ही संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा, एआई केवल तकनीक नहीं, बल्कि करुणा का माध्यम है। यह शासन को संवेदनशील और प्रभावी – दोनों बना सकता है। डॉ. सिंह ने प्रस्ताव किया कि उत्तर प्रदेश के सभी स्लॉटर हाउसों को सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार एआई-सक्षम कैमरे लगाने के लिए निर्देशित किया जाए, और इन्हें राज्य कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा जाए। इससे सभी जिलों से प्राप्त रीयल-टाइम वीडियो फीड का केंद्रीकृत विश्लेषण और निगरानी संभव होगी, जिससे तत्काल अलर्ट, त्वरित कार्रवाई और बहु-विभागीय (पशुपालन, नगर विकास, पुलिस) समन्वय सुनिश्चित किया जा सकेगा।

यह प्रणाली उत्तर प्रदेश को एआई-आधारित ह्यूमन गर्वनेंस नेटवर्क वाला देश का पहला राज्य बना सकती है – जहाँ करुणा, तकनीक और पारदर्शिता एक साथ कार्य करें। वैश्विक उदाहरण में नीति-पत्र में यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, न्यूजीलैंड, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के उदाहरण दिए गए हैं, जहाँ वधशालाओं में सीसीटीवी, पशु-कल्याण अधिकारी और मानवीय प्रशिक्षण अनिवार्य हैं।

## भाजपा सरकार में किसानों की लगातार उपेक्षा हो रही : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

- उर्वरकों के लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में किसानों को लगातार खाद संकट से जूझना पड़ रहा है। धान के बाद अब गेहूं और अन्य फसलों की बुआई के लिए खाद नहीं मिल रही है। डीएपी, एनपीके आदि अन्य उर्वरकों के लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि लखीमपुरखीरी, महोबा, फतेहपुर, बदायूं, अमेठी समेत अन्य जिलों में सहकारी समितियों पर किसानों की लम्बी-लम्बी लाइनें लग रही हैं। किसान दिन भर इंतजार करते है लेकिन उन्हें खाद नहीं मिलती है। हर दिन सैकड़ों किसान निराश होकर वापस लौट रहें है। प्रदेश में जबसे भाजपा सरकार आयी है खाद संकट कम नहीं हो रहा है। खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी जारी है। इस गोरखधंधे में भाजपा के लोग शामिल है। सरकार के पास किसानों के लिए झूठे आश्वासन के अलावा कुछ नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। किसानों की लगातार उपेक्षा हो रही है। सरकार किसानों के प्रति संवेदनहीन है। यह किसान विरोधी सरकार है। भाजपा चाहती है कि किसान परेशान होकर खेती करना छोड़ दें, जिससे बीजेपी किसानों की जमीन औने-पौने दाम पर उद्योगपतियों को दे दे। भाजपा पूरी साजिश के तहत किसानों को खेती और उनकी जमीनों से दूर कर रही है। खेती की दुश्वारियों के कारण बड़ी संख्या में किसान खेती छोड़ने और मजदूरी करने पर विवश हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश के किसान को पहले धान की फसल के लिए खाद नहीं मिली। कई जगह- किसानों पर लाठीचार्ज हुआ।

## शहरों में अब कम चौड़ी सड़कों पर लग सकेंगे छोटे उद्योग

**लखनऊ।** शहरों में अब कम चौड़ी सड़कों पर भी छोटे उद्योग लगाया जा सकेगा। अभी ग्रामीण क्षेत्रों में सात मीटर चौड़ी सड़क पर उद्योग लगाने की अनुमति दी जा चुकी है अब शहरों में भी मानक बदलने को लेकर सरकार विचार कर रही है। शासन पर सहमति लगभग बन चुकी है। कैबिनेट से पास कराने के बाद सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) नीति में बदलाव के बाद ही इसे लागू किया जा सकेगा।

प्रदेश में छोटे-छोटे उद्योगों को लगवा कर युवाओं को रोजगार देने का काम सरकार कर रही है। इसके लिए एमएसएमई नीति में लगातार बदलाव किया जा रहा है। प्रदेश में पहले ग्रामीण क्षेत्रों में 12 मीटर सड़क पर औद्योगिक पार्क विकसित करते हुए उद्योग लगाने की अनुमति दी जा रही थी, लेकिन इसे बाद में बदल कर सात मीटर कर दिया गया।

## योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : ओपी राजभर

### गांव-गांव स्वच्छता और विकास का संकल्प के साथ राजभर ने की समीक्षा

**लखनऊ।** पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग मंत्री ओम प्रकाश राजभर की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ योजनाओं परियोजनाओं को गति प्रदान करने के लिए समीक्षा बैठक की गई। प्रभारी जिलाधिकारी एवं सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने भी मा0 मंत्री जी से भेंट कर आवश्यक निर्देश प्राप्त किए।



मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन से प्राप्त कार्यों एवं योजनाओं को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, ताकि आमजन को प्रत्यक्ष रूप से इसका लाभ मिल सके।

समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया कि विभागीय अधिकांश कार्य पूर्णता की ओर हैं। इस पर मंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यों की गति एवं पारदर्शिता में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने उपनिदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण अमृता सिंह को निर्देशित किया कि न्यूनतम 5 करोड़ की परियोजनाओं यथा अस्पताल, कॉलेज, सद्भावना मंडप, छात्रावास एवं स्टेडियम के प्रस्ताव चारों जिलों से एकत्र कर शीघ्र शासन को उपलब्ध कराए जाएं।

मंत्री ने एएमए जिला पंचायत को निर्देशित किया कि शासकीय धन का जनहित में सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए और गड्ढा मुक्ति अभियान के कार्य में तेजी लाई जाए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों के पद रिक्त हैं, वहां शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण की जाए। ग्रामों में सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि जहां सफाई कर्मी तैनात हैं, वहां स्वच्छता कार्य नियमित रूप से कराया जाए। मा० मंत्री जी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हमें आजादी तो दिलाई, पर स्वच्छता की आजादी का सपना सरकार को पूरा कर रही है। घर-घर से कचरा संग्रहण अभियान को जनसहभागिता से सफल बनाया जाए।

## डिजिटल कनेक्टिविटी का नया मानक बनेगा जेवर एयरपोर्ट

- डयूल फाइबर नेटवर्क, स्वतंत्र डेटा सेंटर और रियल-टाइम डिजिटल मॉनिटरिंग से लैस
- एयरपोर्ट परिसर में लगाया गया है वीडियो सर्विलांस सिस्टम

**लखनऊ।** यूपी में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर का नया मानक बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप बनकर तैयार हुआ यह एयरपोर्ट जल्द ही अपनी सेवाएं शुरू कर देगा। यह न केवल देश का सबसे आधुनिक हवाई अड्डा होगा, बल्कि फ्यूचर-रेडी टेक्नोलॉजी सिस्टम से सुसज्जित डिजिटल कनेक्टिविटी का केंद्र भी बनेगा। यह एयरपोर्ट ड्यूल फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क से लैस होगा, जिससे डेटा कनेक्टिविटी पूरी तरह निर्बाध और सुरक्षित रहेगी। दो स्वतंत्र डेटा सेंटर अलग-अलग स्थानों पर स्थापित किए जा रहे हैं। संपूर्ण एयरपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर एकीकृत नेटवर्क से जुड़ा होगा।

एयरपोर्ट परिसर में वीडियो सर्विलांस सिस्टम लगाया जा रहा है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट अब सिर्फ उड़ानों का नहीं, बल्कि डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के नए युग का प्रतीक बनने जा रहा है। यह एयरपोर्ट किसी पारंपरिक हवाई अड्डे की तरह नहीं, बल्कि एक स्मार्ट, फ्यूचर-रेडी डिजिटल नेटवर्क के रूप में आकार ले रहा है। यहां ड्यूल फाइबर ऑप्टिक कनेक्टिविटी होगी–दो स्वतंत्र नेटवर्क, जो सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी तकनीकी अड़चन के बावजूद डेटा प्रवाह कभी न रुके। दो अलग-अलग स्थानों पर बनाए जा रहे स्वतंत्र डेटा सेंटर पूरे सिस्टम का डिजिटल ह्रदय होंगे। इनकी मदद से टर्मिनल से लेकर रनवे, पार्किंग से लेकर सुरक्षा तंत्र सब कुछ एकीकृत नेटवर्क से जुड़ा रहेगा। हर गतिविधि, हर मूवमेंट, हर सूचना रियल टाइम में मॉनिटर और नियंत्रित होगी।

## छठ पर्व के लिए कई रूटों पर आज चलेंगी विशेष ट्रेनें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा हेतु पूजा विशेष गाड़ियों का संचलन किया जा रहा है। 27 अक्टूबर को पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली पूजा विशेष गाड़ियां हैं।




27 अक्टूबर को 05062 टनकपुर-अछनेरा पूजा विशेष गाड़ी टनकपुर से 04.35 बजे प्रस्थान कर पीलीभीत, इज्जतनगर, कासगंज, मथुरा जं. होते हुये चलाई जायेगी। 27 अक्टूबर को 09112 गोरखपुर-वडोदरा पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 05.00 बजे प्रस्थान कर बस्ती, गोंडा,बादशाहनगर, कानपुर सेंट्रल, फरुर्खाबाद होते हुये चलाई जायेगी। 27 अक्टूबर को 05131 गोरखपुर-बहराइच पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 05.25 बजे प्रस्थान कर आनन्दनगर,बढ़नी, गोंडा होते हुये चलाई जायेगी। 27 अक्टूबर को 05741 गोमती नगर-न्यू जलपाईगुड़ी पूजा विशेष गाड़ी गोमती नगर से 09.40 बजे प्रस्थान कर बाराबंकी, अयोध्या धाम जं., मनकापुर, गोरखपुर, सीवान, छपरा होते हुये चलाई जायेगी। 27 अक्टूबर को 04607 छपरा-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी छपरा से 12.00 बजे प्रस्थान कर सीवान, गोरखपुर, गोंडा, सीतापुर, मुरादाबाद होते हुये चलाई जायेगी। 27 अक्टूबर को 03048 गोरखपुर-हावड़ा पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 13.00 बजे प्रस्थान कर सीवान, छपरा, हाजीपुर होते हुये चलाई जायेगी।

27 अक्टूबर को 09044 बढ़नी-बान्द्रा टर्मिनस पूजा विशेष गाड़ी बढ़नी से 13.30 बजे प्रस्थान कर बलरामपुर,गोंडा, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) होते हुये चलाई जायेगी। 27 अक्टूबर को 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 14.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) होते हुये चलाई जायेगी। 27 अक्टूबर को 05132 बहराइच-गोरखपुर पूजा विशेष गाड़ी बहराइच से 14.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा, बढ़नी, आनन्दनगर होते हुये चलाई जायेगी। 27 अक्टूबर को 03678 गोरखपुर-धनबाद पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 15.30 बजे प्रस्थान कर भटनी, औड़िहार, जौनपुर, वाराणसी जं. होते हुये चलाई जायेगी। 27 अक्टूबर को 01032 बनारस-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) पूजा विशेष गाड़ी बनारस से 16.00 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी, सतना होते हुये चलाई जायेगी। 27 अक्टूबर को 01416 गोरखपुर-पुणे पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 17.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) होते हुये चलाई जायेगी। 27 अक्टूबर को 03216 थावे-पटना पूजा विशेष गाड़ी थावे से 18.25 बजे प्रस्थान कर मसरख, खैरा होते हुये चलाई जायेगी। 27 अक्टूबर को 05305 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल पूजा विशेष गाड़ी छपरा से 22.00 बजे प्रस्थान कर थावे, कप्तानगंज, गोरखपुर, गोंडा, ऐशबाग होते हुये चलाई जायेगी।

## रोजमर्रा की चुनौतियों को विकास के अवसर में बदल रहे ग्रामीण

### संचालन से लेकर वित्तीय प्रबंधन तक महिलाएं ले रही हैं महत्वपूर्ण निर्णय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गांवों में स्थानीय लोग रोजमर्रा की चुनौतियों को विकास के अवसर में बदल रहे हैं। खेती के नवाचार से लेकर वित्तीय समावेशन और स्वास्थ्य पहलों तक, ये साबित कर रहे हैं कि प्रगति तब सबसे अधिक चमकती है जब समुदायों को स्वयं नेतृत्व करने का अधिकार मिले। अलीगढ़ के टप्पल ब्लॉक के भरतपुर गांव में कचरे को सोने में बदला जा रहा है। इसका श्रेय टप्पल समृद्धि महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को जाता है, जो 2022 में स्थापित महिला-प्रधान किसान उत्पादक संस्थान (एफपीओ) है। यह अब 1,000 से अधिक महिला किसानों को एकजुट किया है। सिर्फ दो वर्षों में इसे लाइटहाउस एफपीओ का दर्जा मिल गया है।



इस परिवर्तन के केंद्र में पंचायत की जमीन पर बनी जैव उर्वरक यूनिट है। जब नीलम देवी ने इस जमीन को लीज पर लेने का निर्णय लिया तो यह कस्बे की महिला किसानों के लिए महत्वपूर्ण मोड़ बन गया। महिलाएं रोजमर्रा के कचरे जैसे गाय का गोबर, रसोई के बचे खाने के टुकड़े, फसल अवशेष को इकट्ठा कर आईआईटी कानपुर से विकसित नई तकनीक का उपयोग करके जैविक उर्वरक में बदलती हैं। इसका परिणाम है कि स्वस्थ मिट्टी से कम लागत में मजबूत और अधिक फसलें पैदा हो रही हैं। यह यूनिट केवल उत्पादन स्थल नहीं है, यह सशक्तीकरण का मंच भी है। महिलाएं संचालन, वित्तीय प्रबंधन और महत्वपूर्ण निर्णय लेती हैं। ब्लॉक के किसान बेहतर मिट्टी और कम लागत का लाभ उठाते हैं, जबकि पंचायत को लीज से नियमित आय प्राप्त होती है, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है। यहां समुदाय, सरकार और बाजार मिलकर काम करते हैं। महिलाएं नेतृत्व करती हैं, नीतियां सहयोग करती हैं और खरीदार प्रतिक्रिया देते हैं। इस मॉडल ने कचरे को संपति में बदलने, नेतृत्व कौशल बढ़ाने और यह साबित करने का काम किया कि सतत खेती लाभदायक हो सकती है। मीरजापुर की 33 वर्षीय चंदा शुक्ला ने बदलाव की मिसाल पेश की। उन्होंने ऋण लिया, पहला ई-रिक्शा खरीदा और ड्राइविंग व उद्यम प्रशिक्षण लिया। हर यात्रा के साथ उनका आत्मविश्वास बढ़ा। जल्द ही वह यात्रियों और स्कूल बच्चों को रोजाना ले जाने लगीं। उन्होंने न केवल दो वर्षों में अपना ऋण चुका दिया, बल्कि बच्चों की शिक्षा के लिए नियमित बचत भी की। उन्होंने अब तक 100 से अधिक महिलाओं को ड्राइविंग, वाहन रखरखाव और सड़क सुरक्षा में प्रशिक्षित किया है। वह आर्या महिला समूह का नेतृत्व करती हैं। उनका नेतृत्व उन्हें लखनऊ और दिल्ली तक ले गया, जहां उन्होंने महिला आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अपनी यात्रा साझा की। हरदोई के बघराई गांव के 25 वर्षीय किसान हिमांशु यादव फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का हिस्सा बने। उन्होंने आशा कार्यकताओं के साथ दवा देने में मदद की और ग्रामीणों के डर को दूर किया। अमेठी के किसुनी गांव की 32 वर्षीय ग्रेजुएट अनिता देवी कुछ साल पहले गृहिणी थीं, जो पति को मेट्रो शहरों में काम करने के लिए जाते देख घर पर रहकर योगदान करने का अवसर नहीं पा रही थीं। 2022 में अनिता आधिकारिक रूप से सखी बन गईं।

## स्वदेशी अपनायें और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करें : भूपेंद्र चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाना और युवाओं में स्वावलंबन, उद्यमिता एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को जागृत करने के लिए आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन डालीगंज स्थित मानस मंदिर में भाजपा लखनऊ युवा मोर्चा द्वारा आयोजित किया जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, उत्तर विधानसभा विधायक डॉ नीरज बोरा उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी हुई। उत्तर प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री राम प्रकाश गुप्ता के 100वीं जयंती अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सहित सभी ने उनके चित्र पर पुष्पर्जन करके श्रृद्धा सुमन अर्पित किये।




प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि स्वदेशी का आग्रह एक नारा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है। देश में बने उत्पादों को अपनायें और अपने देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करें।

हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी हमारा मंत्र है, हमारा लक्ष्य है, और यही हमारी शक्ति यह देश के कारीगरों, किसानों, छोटे व्यापारियों, हमारे उद्यमियों के प्रति एक सम्मान है जब हम स्वदेशी अपनाते हैं, तो हम देश की मिट्टी से जुड़ते हैं, अपने लोगों के श्रम को सम्मान देते हैं और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हैं। स्वदेशी का भाव केवल आर्थिक क्षेत्र में नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है। हम विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने के बजाये अब अपनी जड़ों को पहचान रहे हैं। दुनिया में भारत का योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प, परंपररागत उद्योग, यह सब वैश्विक पहचान बना चुके हैं।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि सरकार ने युवाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका लाभ उठा आज का युवा आत्म निर्भर बन सकता हैं देश को आर्थिक मजबूत बनाने के लिए आज के युवाओं महत्वपूर्ण भूमिका है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाया जा रहा आत्मनिर्भर भारत अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह एक जनांदोलन है।

उत्तर विधान सभा विधायक डॉ नीरज बोरा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो यह कार्यक्रम हम युवाओं को सौप है वह निश्चित रूप से भारत को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में मील का पठार साबित होगा। युवाओं की शक्ति है भारतीय जनता पार्टी की शक्ति है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा, लखनऊ महानगर के अध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप सिंह ने सभी युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान में भाग लेकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। इस अभियान में क्षेत्रीय मंत्री युवा मोर्चा शिवांजलि पाण्डेय, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, सुधा, युवा मोर्चा से महामंत्री अभिषेक गुप्ता एवं अमित त्रिपाठी , अभय उपाध्याय, सौरभ तिवारी, संजय शुक्ला, अंकित पांडेय, वैभव सिंह, अविनाश यादव, मंत्री आशुतोष तिवारी, अतुल सिंह, सचिन सोनकर, चेतन तिवारी, समर्थ सिन्हा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रबी सीजन के लिए पर्याप्त बीज और खाद उपलब्ध : कृषि मंत्री

### शेष किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर मिलेंगे बीज

**लखनऊ।** रबी सीजन में प्रदेश के सभी 75 जनपदों सुचारू रूप से आच्छादन हो सके इसके लिए प्रदेश के कृषि विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसकी जानकारी प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को दी है।

कृषि मंत्री श्री शाही ने किसानों को आश्वस्त किया है कि प्रदेश की योगी सरकार द्वारा रबी सीजन के लिए बीज और खाद की समुचित व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने बताया कि दलहन और तिलहन में उत्तर प्रदेश और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश के 10 लाख से अधिक किसानों को ऑनलाइन आवेदन पर लाटरी के माध्यम से निःशुल्क मिनीकिट उपलब्ध करा रही है। वहीं शेष किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर किसान कल्याण केन्द्र (उप्र कृषि विभाग के बीज गोदाम) पर आधारीय और प्रमाणित उत्कृष्ट बीज (गेहूँ, चना,



मसूर, दालवाली मटर, सरसों आदि के बीज आधे दाम पर किसानों को जोत के आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध करा रही है। उन्होंने जानकारी दी है कि 8 प्रकार की फसलों/प्रजातियों के बीज अनुदान पर दिए जा रहे हैं। जिसमें गेहूं (सामान्य प्रजातियाँ) और गेहूं डीबीडब्ल्यू के लिए विक्रय दर 4680/- रुपये प्रति क्विंटल है, जिस पर सरकारी अनुदान 2340/- रुपये है और कृषक अंश भी 2340/- रुपये है। इसी प्रकार, राई (बाजरा प्रजातियाँ) और तोरिया (आजकल/अगेती) के बीज प्रमाणित प्रकार के हैं। तोरिया का विक्रय दर सर्वाधिक 11147/- रुपये है, जिस पर 5500/- रुपये का अनुदान और 5647/- रुपये का कृषक अंश है। राई/सरसों का विक्रय दर 10317/- रुपये है, जिस पर अनुदान 5153/- रुपये और कृषक अंश 5164/- रुपये है। चना (समस्त प्रजातियाँ) के बीज का विक्रय दर 10320/- रुपये है, जिस पर 5160/- रुपये का अनुदान और कृषक अंश भी 5160/- रुपये है। मसूर का विक्रय दर 11048/- रुपये है, जिस पर अनुदान 5523/- रुपये और कृषक अंश 5525/- रुपये है। जौ बीज की विक्रय दर 7093/- रुपये है, जिस पर अनुदान 3574/- रुपये और कृषक अंश 3519/- रुपये है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे प्राप्त नवीन बीज का समुचित भण्डारण, सही ढंग से बोआई और पक्षियों एवं अन्य कृषक जीवों से बचाव की उचित देख-रेख करें ताकि बीज का अच्छा अंकुरण हो सके।

# शहर के छठ घाट सजधज कर तैयार, प्रशासन ने की पुख्ता तैयारी

## स्वच्छता, प्रकाश, पेयजल व सुरक्षा व्यवस्थाओं में न बरती जाये ढिलाई, घाट पर किसी समस्या के लिए कंट्रोल रूम नंबर 92199 02914 जारी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी के प्रमुख घाटों झूलेलाल घाट, सांझीया घाट, कुड़िया घाट एवं मेहंदी घाट छठ पूजा के लिए सजधज कर तैयार हो गए हैं।

सोमवार को वृती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसके लिए घर से लेकर घाटों तक व्यापक तैयारी की गई है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने छठ पर्व की तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से रविवार को घाटों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान मंत्री श्री शर्मा ने घाटों पर की गई सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, बैरिकेडिंग, फॉगिंग तथा सुरक्षा प्रबंधों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी घाटों पर श्रद्धालुओं के आगमन से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह चाक-चौबंद रहें और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। नगर निगम की ओर से कंट्रोल रूम नंबर 92199 02914 जारी किया गया है। छठ घाटों पर किसी तरह की समस्याओं के संबंध में इस नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छठ पर्व जन-आस्था का पर्व है और प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान सुविधाजनक, स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिले।

उन्होंने नगर निगम की टीमों को पूरी तरह मुस्तैद रहने के निर्देश दिए तथा कहा कि सभी अधिकारी स्वयं स्थल निरीक्षण कर आवश्यक सुधार तत्काल सुनिश्चित करें। श्रद्धालुओं ने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल आपूर्ति जैसी तैयारियों पर खुशी और संतुष्टि व्यक्त की।

मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह पर्व नारी शक्ति, स्वच्छता और श्रद्धा का प्रतीक है। छठ पर्व के दिनों में घाटों पर चौबीसों घंटे निगरानी, स्वच्छता और विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इससे पहले मंत्री ने नगरीय निकायों की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक वर्चुअल बैठक की। उन्होंने कहा कि यह अवसर समाज के समर्पण, सफाई, श्रद्धा और एकजुटता को प्रदर्शित करता है, इसलिए प्रशासनिक दृष्टि से इसकी तैयारियों में किसी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी।

निकाय यह सुनिश्चित करें कि सभी घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, फॉगिंग, जल निकासी, और सुरक्षा प्रबंध पूरी तरह दुरुस्त रहे।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर छठ पूजा होती है, वहां की सड़कें समतल और सुरक्षित हों, रास्तों पर स्ट्रीट लाइटें कार्यशील रहें और बिजली की तारें खुले में न लटकें। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि छठ पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए सभी फीडरों का निरीक्षण कर लिया जाए और आवश्यक मरम्मत समय रहते कर ली जाए।

मंत्री श्री शर्मा ने पेयजल व्यवस्था पर भी विशेष बल देते हुए कहा कि नगर निकायों के वाटर स्टेशन और हैंडपंपों की कार्यशीलता सुनिश्चित की जाए, घाटों के समीप पेयजल टैंकरों की व्यवस्था की जाए। कहा कि निकाय अपने स्तर से स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर घाटों पर प्राथमिक उपचार केंद्र भी स्थापित करें, जिससे किसी आकस्मिक स्थिति में तत्काल मदद दी जा सके। उन्होंने कहा कि यह पर्व सिर्फ साफ-सफाई का नहीं, बल्कि जन आस्था के सम्मान का भी पर्व है।

मार्गों पर यातायात व्यवस्था भी सुव्यवस्थित रहे, इसके लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ तालमेल बनाकर योजना बनाई जाए।



### महापौर ने छठ महापर्व की तैयारियों का लिया जायजा

महापौर सुषमा खरकवाल ने रविवार को शहर के विभिन्न घाटों का दौरा कर छठ घाट की तैयारियों का निरीक्षण किया। महापौर ने ओम गंगे घाट (चतुरिया घाट), कुड़िया घाट, देवरहा बाबा घाट (पंचमुखी हनुमान मंदिर) तथा दुर्गा मंदिर, ईश्वरी खेड़ा (वृंदावन) स्थित छठ घाटों पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन एवं जल निकासी की समग्र स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं संतोषजनक रूप से पूरी की जाएं। महापौर ने सबसे पहले जोन-6 के ओम गंगे घाट (चतुरिया घाट) का निरीक्षण किया। घाट पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और जलस्तर की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए। साथ ही, श्रद्धालुओं के लिए बैरिकेडिंग, प्राथमिक चिकित्सा एवं नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य समयबद्ध एवं संतोषजनक रूप से पूर्ण किए जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मंडलायुक्त ने स्टीमर से गोमती नदी का किया निरीक्षण

## घाटों की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं पर दिए निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** छठ पूजा को लेकर मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने नगर आयुक्त गौरव कुमार व नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने सबसे पहले लक्ष्मण मेला मैदान का निरीक्षण किया और वहां की सफाई व्यवस्था एवं छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने गोमती नदी का निरीक्षण स्टीमर के माध्यम से किया। इस दौरान उन्होंने नदी की साफ-सफाई, घाटों की स्थिति, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम की तैयारियों की सराहना की और जहां आवश्यक था, वहां सुधार संबंधी निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि छठ महापर्व श्रद्धा और आस्था का उत्सव है, जिसमें स्वच्छता और सुरक्षा दोनों का विशेष महत्व है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदी और घाटों की सफाई पर निरंतर निगरानी रखी जाए। साथ ही, गोमती नदी पर बने पुलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, बड़े डस्टबिन रखने और घाटों पर अर्पण कलश स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वच्छता व्यवस्था बेहतर हो सके। मंडलायुक्त ने नगर निगम की ओर से किए जा रहे कार्यों का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया और कहा कि सफाई व्यवस्था अपेक्षाकृत बेहतर है। उन्होंने घाटों पर जल स्तर, सुरक्षा प्रबंध, बैरिकेडिंग, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा और शौचालयों की उपलब्धता की भी जानकारी ली। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने जानकारी दी कि नगर निगम की ओर से गोमती नदी की सफाई के लिए 15 नावें (बोट्स) और एक स्टीमर लगाया गया है, जिसकी निगरानी जीपीएस एप के माध्यम से की जा रही है। इसके अलावा, नगर निगम ने सभी प्रमुख घाटों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, वाहनों के पार्किंग क्षेत्र, मार्ग प्रकाश व्यवस्था, घाटों की सजावट, रंगाई-पुताई, साफ पेयजल की उपलब्धता, तथा शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की है। उन्होंने बताया कि नगर निगम की टीमें लगातार क्षेत्रवार निगरानी कर रही हैं, ताकि छठ पूजा के दिन श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही, सफाई कर्मियों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है और जल पुलिस व आपदा प्रबंधन दल को भी सतर्क मोड पर रखा गया है। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि घाटों की व्यवस्था समयबद्ध रूप से पूरी की जाए और छठ पर्व के दौरान सुरक्षा एवं स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

# प्रारंभिक अवस्था में पहचान से ब्रेस्ट कैंसर का इलाज संभव

## एसजीपीजीआई ने वॉकाथन और पिंक बॉल क्रिकेट लीग के साथ मनाया जागरूकता माह

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विश्वभर में ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में होने वाला सबसे आम कैंसर है, जो हर आठ में से लगभग एक महिला को जीवन के किसी न किसी चरण में प्रभावित करता है। मगर इसे प्रारंभिक अवस्था में पहचान लिया जाए, तो इसका इलाज सफलतापूर्वक संभव है और मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकती हैं। इसी संदेश को प्रसारित करने के उद्देश्य से एसजीपीजीआई के ब्रेस्ट हेल्थ प्रोग्राम और एंडोक्राइन एवं ब्रेस्ट सर्जरी विभाग की ओर से ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं को स्तन स्व-परीक्षण के प्रति जागरूक करना, शुरूआती लक्षणों को पहचानना और बिना किसी डर या हिचकिचाहट के चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए प्रेरित करना है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से एसजीपीजीआई समाज तक यह संदेश पहुँचाने का कार्य निरंतर कर रहा है कि समय पर जांच, जीवन की रक्षा।

इस वर्ष की जागरूकता पहल के तहत 26 अक्टूबर को एसजीपीजीआई परिसर में एक रंगारंग और ऊर्जावान वॉकाथन का आयोजन किया गया। यह वॉकाथन दोपहर 3 बजे संस्थान के क्रिकेट मैदान से शुरू होकर मुख्य अस्पताल द्वार तक निकला। डॉक्टरों, नर्सों, छात्रों, कर्मचारियों, उनके परिवारजनों और परिसर के निवासियों ने बड़ी संख्या में इसमें भाग लिया। सभी प्रतिभागी गुलाबी टी-शर्ट और टोपी पहने थे, जिन पर ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता और स्व-परीक्षण से जुड़े संदेश लिखे थे। पूरा परिसर गुलाबी रंग में निखर उठा, जो एकता, देखभाल और महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक था। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अभिषेक कृष्ण, डॉ. सबरेटनम एम और डॉ. ज्ञान चंद ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया।

विभागाध्यक्ष प्रो. गौरव अग्रवाल ने समाज में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. अंजलि मिश्रा ने सभी महिलाओं के लिए नियमित स्तन स्व-परीक्षण और जांच के महत्व पर जोर दिया। शाम को पिंक बॉल क्रिकेट मिनी लीग, जो एससीजी/एसजीपीजीआई क्रिकेट मैदान पर आयोजित हुई। इस अवसर पर एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो. आर. के. धीमन संरक्षक, डॉ. प्रवीणा धिमान कप्तान थीं।

### आईटी कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखायी प्रतिभा



**लखनऊ।** भारत सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत आई.टी. कॉलेज, लखनऊ में एक क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में जागरूकता, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता तथा आत्मरक्षा की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. डेविड चार्ल्स उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. (मेजर) नीरजा मैसी एवं सह-प्राध्यापक डॉ. उमेश प्रसाद ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर नेचुरल टच वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष स्मृति शर्मा को गेस्ट स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया। श्रीमती शर्मा ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास, और समाज में महिलाओं की सक्रिय भूमिका पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। क्विज प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। वहीं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की शिक्षिकाओं एवं आयोजन समिति द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। अंत में, सभी प्रतिभागियों ने मशन शक्ति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात, बारिश की संभावना

**लखनऊ।** अरब सागर और बंगाल की खाड़ी- दोनों तरफ से बन रहे मौसम तंत्रों के चलते प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक बेमौसम बारिश होने की संभावना हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। साथ ही 27 से 31 अक्टूबर के बीच प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश का पूवार्नुमान है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि पूर्व-मध्य अरब सागर पर बने लो प्रेशर एरिया से लेकर पश्चिमी मध्य प्रदेश तक फैली द्रोणी के कारण अरब सागर से नमी आ रही है। इसके चलते बुंदेलखंड क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में 27 अक्तूबर को हल्की बारिश की संभावना है। दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में बना गहन अवदाब तेजी से प्रबल होकर गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल रहा है। इसके असर से 29 से 31 अक्तूबर के बीच पूर्वांचल के कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना बन रही है।

### भूपेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं संग बूथो पर सुनी मन की बात

**लखनऊ।** नरेंद्र मोदी का अत्यंत लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम का 127वां संस्करण लखनऊ महानगर में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, नीरज सिंह, मुकेश शर्मा सहित प्रदेश पदाधिकारीयों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने अलग-अलग बूथों पर क्षेत्र वासियों के साथ सुना। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और कार्यकताओं के साथ कैंट विधानसभा की बूथ संख्या 127 पर, प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता ने पूर्व मंडल 5 बूथ संख्या 364 पर, वरिष्ठ भाजापा नेता नीरज सिंह ने मध्य विधानसभा के रफी अहमद किदवई वार्ड की बूथ संख्या 318 पर, एमएलसी मुकेश शर्मा ने पूर्व विधानसभा की बूथ संख्या 346 पर, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने उत्तर मंडल 1 की बूथ संख्या 75 पर, विधायक ओ पी श्रीवास्तव ने पूर्व मंडल 3 की सरस्वती शिशु मंदिर में मंडल अध्यक्षों, पार्षदों और कार्यकताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। उपस्थिति मीडिया को संबोधित करते हुए भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से सभी देशवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं और इस उत्सव में उत्साह पूर्वक शामिल होने की अपील की। प्रधानमंत्री जी ने वंदे मातरम के 150वें वर्ष को यादगार बनाने के लिए, जीएसटी बचत उत्सव, सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी में सहभागिता जैसे विषयों के साथ अनेक सामाजिक विषयों पर भी बात की।



# इमिडाजोल आधारित यौगिकों से खुली नयी दवाओं की राह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दवा निर्माण की दुनिया में एक नई उम्मीद जगी है। लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रगति कुशवाहा की ओर से हाल ही में किये गए शोध में पता चला है कि इमिडाजोल आधारित यौगिक नई और असरदार दवाएँ बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। अक्टूबर 2025 को ChemistrySelect नामक जर्नल में प्रकाशित हुआ। यह एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित जर्नल है जिसे वैली प्रकाशक द्वारा प्रकाशित किया जाता है इमिडाजोल एक छोटी-सी रासायनिक रिंग होती है जिसमें दो नाइट्रोजन परमाणु शामिल रहते हैं। इसकी खास बनावट इसे शरीर में मौजूद प्रोटीन, एंजाइम और धातु आयनों से जुड़ने में मदद करती है। यही वजह है कि यह शरीर की कई जरूरी प्रक्रियाओं, जैसे एंजाइम की क्रिया, रोग प्रतिरोधक क्षमता और तंत्रिका संदेशों के संचार में भाग लेती है। डॉ प्रगति कुशवाहा का कहना है कि इमिडाजोल सिर्फ लैब में बनाई गई दवाओं में ही नहीं, बल्कि समुद्री जीवों-जैसे स्पंज, कोरल और ट्यूनिकेट्स में पाए जाने वाले प्राकृतिक यौगिकों में भी मौजूद है। इन यौगिकों में कैंसर, संक्रमण, फंगल और सूजन से लड़ने वाले गुण पाए गए हैं। उदाहरण के तौर पर एजेलाडिन ए, फेकलिन्स, ग्रोसुलरीन और क्रिब्रोस्टैटिन-6 जैसे समुद्री यौगिकों में कैंसर और बैक्टीरिया दोनों के खिलाफ असर देखा गया है। इन यौगिकों को अब प्रयोगशाला में भी तैयार किया जा रहा है, ताकि इनके औषधीय गुणों को और बेहतर तरीके से समझा जा सके।

# 21 सौ वर्ष तक बिजली भार स्वीकृत, वाह रे लेसा का सर्किल चार

## बिल्डर्स को फायदा पहुंचाने के लिए टुकड़ो में किया भार स्वीकृत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कहते है बिजली अधिकारी चाह ले तो समय से पहले कनेक्शन मिल जायेगा, खंम्भा लग जायेगा, ट्रांसफार्मर लग जायेगा। लेकिन क्या यह संभव है कि आने वाले 21 सौ वर्ष तक विभिन्न चरणों में एक बिल्डर को फायदा पहुंचाने के लिए लोड़ सेंसन कर दिया गया। प्राइवेट लिमिटेड फर्म कल्ली पश्चिम के जिस जगह पर यह लोड़ सेंसन किया गया है वहां पहले से ही 2 कनेक्शन अस्थाई तौर पर चल रहे है। अब ऐसा क्यो किया गया है इस खेल को समझिए हुआ यह है कि जब नियमतह भार किया जाता तो यह भार 20 एमवीए से ऊपर चला जाता जिसके लिए प्राइवेट फर्म को करोड़ो खर्च सब स्टेशन बनाना पड़ता। इस लिए लोड़ को बाट दिया गया। जिससे फर्म को करोड़ो की बचत हो गयी और विभाग को करोड़ो का घाटा हो गया।

### ऐसे हुआ है खेल

- भार स्वीकृति में जो लोड का दस्तावेज लगा है वह जमीन का चिन्हीकरण नही किया गया है।
- ओमेक्स हाईटेक सिटी टाऊनशिप कल्ली पश्चिम रायबरेली रोड़ पर पहले से ही 3 अस्थाई कनेक्शन वर्तमान में चल रहा है। जबकी नियमतह परिसर पर एक अस्थाई कनेक्शन होना चाहिए
- 20 एमवीए भार हो रहा था जिस पर नियमतह लोड़ 132 या 220 पर ट्रासमिशन सब स्टेशन बनाकर दिया जाना चाहिए, लेकिन यहा भी नियमो को दरकिनार कर दिया गया।
- भार स्वीकृत विभिन्न चरणों में वर्ष 2025 से वर्ष 2100 तक किया गया है। 85 वर्ष का अनुमोदन एमडी मध्याचंल के द्वारा किया जाना चाहिए। जबकी इस फर्म को फायदा पहुंचाने के लिए बिना अनुमोदन के ही भार स्वीकृत कर दिया गया है।
- इस भार को पूर्व के अधीक्षण अभियंता ने बिना एमडी अनुमति के पास करने से मना कर दिया था।



नियमो का पालन किसी अधिकारी ने नही किया है तो इसके लिए जांच कर दोषी पाये जाने पर कार्रवाई किया जायेगा।
**आषीश गोयल**, चेयरमैन

विभाग को किसी अधिकारी ने नुकसान पहुंचाया है तो इसकी जांच कराई जायेगी। नियमो से ऊपर कोई भी नही जा सकता है। आपने बताया है इसकी जांच कराई जायेगी।
**एके शर्मा**, ऊर्जा मंत्री

# सीनियर डीसीएम ने किया लखनऊ स्टेशन का निरीक्षण

## छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए की गयी तैयारियों का लिया जायजा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की अत्यधिक भीड़ एवं उनके सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक आवागमन को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा लखनऊ स्टेशन पर व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे लखनऊ कुलदीप तिवारी ने आज लखनऊ स्टेशन का निरीक्षण कर पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन पर की गई विभिन्न यात्री सुविधाओं एवं प्रबंधन का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने स्टेशन के एन्ट्री एवं एग्जिट पॉइंट्स पर चेकिंग स्टाफ की तैनाती, टिकटिंग व्यवस्था, मल्टीपरपज एवं कैटरिंग स्टॉल्स, पूछताछ कार्यालय, एटीवीएम मशीनों की कार्यशीलता, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, मेगाफोन घोषणाएँ, तथा सहायता काउंटर जैसी सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण किया।

इसके अतिरिक्त उन्होंने उउळश मॉनिटरिंग सिस्टम, होल्डिंग एरिया में की गई व्यवस्थाएँ, पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था, फर्स्ट एड सुविधा, तथा महिला यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहार के दिनों में किसी भी यात्री को असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएँ लगातार निगरानी में रखी जाएँ। लखनऊ मंडल द्वारा महिला यात्रियों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए फ्ढक्त्र्क्की महिला कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। बच्चों एवं वृद्ध यात्रियों की सहायता हेतु मेडिकल टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से फ्ढक्त्र्के जवानों द्वारा विशेष ट्रेनों की मैनिंग की जा रही है ताकि सुरक्षा पर विशेष निगरानी रखी जा सके।

पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु लखनऊ मंडल से होकर गुजरने वाली नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त 27 अक्टूबर को कुल 58 विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। ये ट्रेनें बिहार, कोलकाता, हावड़ा, दिल्ली, जयपुर, गुजरात एवं मुंबई सहित विभिन्न दिशाओं में संचालित होंगी, जिनमें से 23 ट्रेनें बिहार की दिशा में चलाई जा रही हैं, इन ट्रेनों में गाड़ी संख्या 04235 लखनऊ - शकूर बस्ती स्पेशल ट्रेन 27 अक्टूबर को लखनऊ स्टेशन से समय रात्रि 20:50 बजे शकूर बस्ती के लिए प्रस्थान करेगी। अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि स्टेशन पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, मार्गदर्शन संकेतक, सहायता काउंटर तथा सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए और इन सभी व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए।उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल यात्रियों की सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने हेतु सतत रूप से प्रयासरत है और छठ पर्व के दौरान यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक यात्री को बेहतर सेवा, सुरक्षा एवं सुविधा प्राप्त हो सके।

# जहानाबाद में लगा आपका विधायक ,आपके द्वार शिविर

## 4 मेधावियों को साइकिल, 3 यूथ क्लब गठित कर स्पोर्ट्स किट वितरित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरोजनीनगर की मिट्टी में सेवा की जो गंध बसी है, वही हर रविवार को एक नई कहानी लिखती है - संवाद की, समाधान की और सम्मान की। इसी सतत परंपरा के अंतर्गत रविवार को आपका विधायक - आपके द्वार अभियान का 141वां शिविर ग्रामसभा जहानाबाद में आयोजित हुआ।ग्राम के खुले आकाश तले जब विधायक कार्यालय, जनता और सेवा एक साथ जुड़े, तो वह दृश्य केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि लोकतंत्र के जीवंत स्वरूप का प्रतीक बन गया। लोग अपनी समस्याएँ लेकर आए, और समाधान लेकर लौटे। प्रधानमंत्री आवास योजना, हैंडपंप, सड़क, नाली और सोलर लाइट जैसी स्थानीय समस्याओं से जुड़ी 30 शिकायतें और सुझाव प्राप्त हुए, जिनका तत्काल संज्ञान लिया गया। अभियान की यही पहचान है - सुनवाई का नहीं, समाधान का भरोसा।

जनकल्याण के इस प्रयास में स्वास्थ्य भी एक अहम आधार रहा। सन आई हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 35 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण, 60 ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण, तथा 50 जरूरतमंदों को चश्मे प्रदान किए गए। इसके साथ ही 2 ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनवाकर उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ा गया - यह सुनिश्चित करते हुए कि सरोजनीनगर का हर नागरिक सुरक्षित, स्वस्थ और समर्थ बने।

गाँव की शान पहल के तहत चार बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राएँ -रोली (74%), निधि गौतम (73%), मोहित (72%), और अंजलि (71%) को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान केवल अंकपत्रों का नहीं, बल्कि उस उजले भविष्य का अभिनंदन था जो गाँवों से निकलकर भारत को नया आकार दे रहा है।

शिविर के दौरान जहानाबाद में 90वां गर्ल्स यूथ क्लब तथा 153वां और 154वां बॉयज यूथ क्लब गठित किए गए। इन क्लबों को कैरम, वॉलीबॉल, फुटबॉल और क्रिकेट किटें प्रदान की गईं ताकि गाँव का हर युवक न केवल खेल में आगे बढ़े, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व में भी निखरे।

ग्राम समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने वाले प्रबुद्ध नागरिकों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इनमें प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत, सभासद बृजेश कुमार, सेक्टर संयोजक शिव सागर सिंह, बूथ अध्यक्ष शिव प्यारी रावत, मंडल मंत्री बीना श्रीवास्तव, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, विकास सिंह, आकाश सिंह, अंकित सिंह, मोनू, अमरजीत, विक्रम सिंह, राजरानी, राजकुमारी, मंजू, किरन, नीतू, सुशीला, कृष्णावती, गिरधारी, गंगा प्रसाद सहित कई अन्य गणमान्य नागरिक शामिल रहे। यह सम्मान उनके उस सतत योगदान का प्रतीक है जो गाँव की प्रगति को जनांदोलन में बदल देता है। शिविर का एक अन्य मानवीय पहलू रहा ताराशक्ति निःशुल्क रसोई, जिसके माध्यम से उपस्थित सभी ग्रामीणों को ताजा और पौष्टिक भोजन परोसा गया।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# युवक ने कार के अंदर खुद को मारी गोली, मौत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शनिवार को आधी रात राजधानी गोलीकांड से दहल उठी। कार स्टार्ट थी, दरवाजे लॉक थे और कार के अंदर युवक की लाश मिली। डीएम कंपाउंड कॉलोनी के पास खून सनी लाश देखकर अफसरों में हड़कंप मच गया। कार पांच घंटे से वहां पर खड़ी थी, लेकिन किसी का इस ओर ध्यान नहीं गया। यह सुरक्षा में भी बड़ी चूक मानी जा रही है। राजधानी लखनऊ में शनिवार की आधी रात हजरतगंज में डीएम कंपाउंड कॉलोनी के पास युवक ने कार के भीतर खुद को गोली मार ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय कार स्टार्ट थी और भीतर से लॉक थी। युवक की पहचान 23/46, एफ ब्लॉक, राजाजीपुरम निवासी ईशान गर्ग (28) के रूप में हुई। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक कार नंबर यूपी 32 केई 8099 में ईशान का शव मिला है। कार उसी के नाम पर रजिस्टर्ड है। उसके घर वालों को सूचित कर दिया गया है। कार में एक पन्नी में चार कारतूस भी मिले हैं। फोरेंसिक टीम साक्ष्य जुटा रही है। छानबीन में सामने आया है कि कार शनिवार शाम करीब 6 बजे के आसपास वहां देखी गई थी। रात 11:45 बजे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। माना जा रहा है कि युवक ने शाम को कार सड़क किनारे खड़ी की और खुद को गोली मार ली। हालांकि, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकेगा। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। कार के भीतर चारों तरफ खून बिखरा था। शव के पास ही असलहा भी पड़ा था। पुलिस ने टार्च जलाकर पीछे की सीट भी चेक की, लेकिन भीतर कोई दूसरा व्यक्ति मौजूद नहीं था। युवक ने कार की पार्किंग ऑन कर रखी थी।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से गयी युवक की जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से चोटिल युवक की मौत हो गई। वही पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर आरोपित कार चलाक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित यातायात पार्क निकट शीला गैस गोदाम के पास रहने वाली




महिला अन्जु कश्यप पत्नी स्व सोनू कश्यप के अनुसार शनिवार 25 अक्टूबर की दोपहर 2.45 बजे उनके घर के मोड़ के पास एक चार पहिया गाड़ी चालक ने उनके पति सोनू कश्यप को टक्कर मार फरार हो गया। घटना की जानकारी पड़ोसी के द्वारा मिलने पर उन्होंने एम्बुलेन्स की मदद से इलाज के लिए नजदीकी लोकबन्धु अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वही पीडिता का कहना था कि उनके पड़ोसी द्वारा गाड़ी का कलर सफेद और हरी बताया जा रहा है। जिसके चलते उन्होंने अज्ञात आरोपित कार चालक के खिलाफ लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित कार चालक की तलाश की जा रही है।

# माता-पिता के झगड़े से नाराज होकर छात्रा ने दी थी जान



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग।** आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाली मेडिकल परीक्षा की तैयारी कर रही एक छात्रा घर में माता पिता के झगड़े से नाराज हो कर शनिवार सुबह अपने घर से निकल गई, और शाम समय छात्रा का शव गोमती नदी रिवर फ्रंट के किनारे मिला। पुलिस ने मृतका की पहचान हो जाने पर परिजनों को सूचना दे मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीआईएसएफ में कमांडो पद पर महाराष्ट्र में पोस्टेड संतोष का परिवार आशियाना के सेक्टर पी में रहता है परिवार में पत्नी रानी और 19 वर्षीय पुत्री रिया उर्फ रुचि थी रिया इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण कर मेडिकल की तैयारी कर रही थी।मिली जानकारी के अनुसार संतोष इन दिनों दीपावली पर्व पर छुट्टियों में लखनऊ आए है शनिवार को छठ पूजा को लेकर माता पिता के बीच हो गया था माता पिता की लडाई का विरोध कर बीच बचाव करने के बाद वह नाराज हो छात्रा गुस्से में घर से निकल गई और रविवार को छात्रा का शव गोमती नगर स्थित रिवरफ्रंट गोमती नदी में मिला था। वही पुलिस ने मृतका की पहचान होने के बाद शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि छात्रा का पोस्टमार्टम गोमती नगर पुलिस द्वारा किया गया है। युवती के परिजनों ने आशियाना थाने पर कोई शिकायत नहीं की है और पुत्री के लापता होने की भी पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी थी। शिकायत मिलने पर विधिक कार्यवाही किया जाएगा।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की मीडिया के साथ हुई चाय पर चर्चा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आज गोमती नगर के होटल कंफर्ट इन में मीडिया कर्मियों के साथ चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ के सभी मीडिया प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने कर्मचारियों की समस्याओं एवं उनका उत्पीड़न तथा बढ़ते हुए उत्तरदायित्व पर चर्चा करते हुए अवगत कराया है कि विगत एक वर्ष से शासन प्रशासन के मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव कार्मिक के स्तर पर संवाद हीनता बनी हुई है, जिसके कारण विभागों के अधिकारी भी संगठनों के साथ वार्ता नहीं कर रहे हैं। विभिन्न विभागों में लाखों की संख्या में रिक्त पद पड़े हुए हैं जिन पर भर्ती नहीं की जा रही है, जिसके कारण कार्यरत कर्मचारियों पर कार्य का अतिरिक्त दबाव बढ़ता जा रहा है। अधिकारियों की मनमानी चरम पर है शासन द्वारा निर्गत अपने ही आदेशों को अधिकारी नहीं मान रहे हैं। समाज कल्याण विभाग में कार्मिक विभाग द्वारा निर्गत शासनादेश, जिसके अंतर्गत कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष महामंत्री को विशेष अवकाश एवं बायोमेट्रिक से छूट प्रदान की गई है, का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन हो रहा है। संगठनों के पदाधिकारियों को टारगेट बनाकर उत्पीड़न किया जा रहा है। विभिन्न विभागों में कर्मचारियों की छंटनी हो रही है। नगरीय परिवहन विभाग में हजारों की संख्या में संविदा चालक परिचालक नौकरी गवा चुके हैं। समाज कल्याण एवं जनजाति विकास सहित कई विभागों में संविदा कर्मियों को बिना किसी उचित कारण के सेवा से हटाया जा चुका है।

# दबंगों ने युवक पर धारदार हथियार से किया हमला



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग।** आशियाना थाना इलाके मे बीते दो सप्ताह पूर्व दबंगो ने घर के बाहर हो-हल्ला-गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक की जमकर पीटाई करने के साथ धारदार हथियार हमला कर लहुलुहान कर अपनी बाइक छोड़ धमकी दे फरार हो गए। वही पुलिस ने घटना के दो सप्ताह बाद जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित रश्मिखण्ड निवासी मुकुट मणि सिंह पुत्र स्व० श्याम बहादुर सिंह के अनुसार बीते 9 अक्टूबर की रात्रि वह 9:30 से 10:00 बजे अपने घर के बाहर वाले कमरे में बैठा था। घर के बाहर से हो-हल्ला-गाली-गलौज की आवाज सुनाई देने पर अपने गेट पर गया तो उसने देखा कि तीन लड़के नाम-पता अज्ञात भद्दी-भद्दी गालियाँ दे रहे थे। जिसका विरोध करने पर उक्त लोगो ने धारदार हथियार हमला बोल दिया। जिससे वह लहुलुहान हो गया। आरोप है कि पडोसियों ने पीडित को बचाने का प्रयास किया तो आरोपित भीड़ देखकर उसे जान से मारने की धमकी दे अपनी बाइक संख्या यूपी 36 एल 5825 वहीं पर छोड़कर भाग निकले। वही पीडित मुकुट मणि सिंह का कहना था कि उसने घटना की जानकारी पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर देने के साथ सूचना पर पहुंची पुलिस को आरोपितो की बाइक सुपुर्द करने के बाद नजदीकी लोकबंधु अस्पताल मे अपना प्राथमिक उपचार करा स्थानीय आशियाना थाने मे पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवा्ई की जा रही है।

**दबंगो ने बाजार से घर लौट रहे युवक को पीटा, दी धमकी:** आशियाना थाना इलाके मे बीते चार दिन पूर्व दबंगो ने बाजार से घर लौट रहे युवक की जमकर पिटाई कर दी और उसे जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना इलाके स्थित औरंगाबाद खालसा निवासी उज्जवल कुमार पुत्र सुरेश कुमार ने बताया कि बीते 21अक्टूबर को वह बाजार से घर जा रहा था। आरोप है कि उस दौरान पुलिया के पास सुनील लोधी व उनके भाई सोनू, मोनू सुल्तान ने उसे अचानक रोक लिया और गाली गलौज करते हुये मारपीट करने लगे और उसे जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए। जिसके पश्चात उसने अपना प्राथमिक उपचार कराने के बाद स्थानीय आशियाना थाने मे पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

## घर जाते समय युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**नगराम।** नबीनगर भट्ठा चौराहे पर स्थित दवाखाने से ड्यूटी कर घर वापस जाते समय कोइली पुरवा निवासी युवक की रास्ते में नबीनगर के युवक दीपचंद ने गालियां देते हुए लात घूसों से पिटाई कर दिया।इस मामले में नगराम पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। नगराम के कोइली का पुरवा निवासी युवक संत सरन के अनुसार वह नबीनगर भट्ठा चौराहे पर अशोक कुमार के मेडिकल स्टोर पर मजदूर है। रविवार शाम 6 बजे वह काम निपटाने के बाद बाईक से रिश्तेदारी जा रहा था कि रास्ते में नबीनगर का युवक दीपचंद मिला। रोककर गुलाम व गोड़इत शब्द कहकर उसने अपमानित करना शुरू कर दिया, विरोध करने पर तैश में उसने बाइक में धक्का देकर गिरा दिया।फिर लात-घूंसों से पिटाई करने लगा। लोगों को आता देख जान से मारने की धमकियां देते हुए मौके से भाग निकला। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि इस मामले में दी गई तहरीर पर आरोपी दीपचंद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## शाखा प्रबंधक ने ग्राहक से की अभद्रता

माल संवाददाता। थाना क्षेत्र के सैदापुर चौराहा स्थित बैंक ऑफइंडिया से बसहरीगांव के एक व्यक्ति ने दुकान हेतु लोन लिया था। किश्तें न जमा होने से बैंक मैनेजर ने गुरुवार को ग्राहक से किश्तें जमा करने को कहा,इस पर ग्राहक ने किश्तें न जमा होने पर बीमारी का हवाला दिया।

ग्राहक राजेश कुमार का आरोप है कि शाखाप्रबंधक ने बीमारी की बात सुनते ही अभद्रता से बात करने लगे और कहने लगे कि मैने लोन की राशि अपने पास से दी आज ही जमा करो। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद शाखा प्रबंधक प्रशांत शुक्ला डेढ़ बजे ताला लेकर दुकान पर आ पहुंचे और शटर बंद करने लगे। जब मैने विरोध किया तो जाति सूचक गालियां देते हुए जन से मार डालने की धमकी देने के साथ ही आज ही लोन पूरा जमा करने को कहने लगे।जब मैने कहा कि तबियत ठीक होने के पर शीघ्र ही सारा पैसा जमा कर देंगे। इस पर भी प्रबंधक अभद्रता करते रहे। यह देख पड़ोसी इकट्ठे हो गए और मैनेजर से बैंक की सीमा में रहकर बात करने को कहा। इसके बाद मैनेजर आपा खो बैठे और पीड़ित राकेश को जेल भेजवाने की धमकी देने लगे।पीड़ित ने अपने को अपमानित और बेइज्जत होने से आहत होकर माल थाना अध्यक्ष नबाब अहमद से न्याय की गुहार लगायी है। इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

## घर के बाहर खड़े ई रिक्शा की बैट्री चोरी

आलमबाग। आशियाना थाना इलाके मे चोरो ने बीते एक सप्ताह पूर्व एक घर के बहार खडे ई रिक्शा की चारो बैट्री चोरी घटना को अंजाम दे दिया और मौके से फरार हो गए। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर, ओ, मानसरोवर योजना निवासी गुलाब चन्द्र के अनुसार बीते 16 अक्टूबर की रात्रि उनके घर के बाहर खडे ई रिक्शा संख्या यूपी 32 टी एन 1574 की चारो बैट्री पार कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने कन्ट्रोल नम्बर पर पुलिस को जानकारी दे स्थानीय आशियाना थाने मे शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर जांच के बाद ऋक्ष्फ़दर्ज कर चोरो की तलाश की जा रही है।

## दबंग ने हंगामा कर घर के बाहर खड़ी कार पर पथराव कर किया क्षतिग्रस्त, मुकदमा दर्ज

आलमबाग। आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के घर पर 21 अक्टूबर की रात्रि एक दबंग युवक ने घर के बाहर हंगामा करने के साथ गाली गलौज करते हुए पत्थर बाजी करने लगा और बाहर खड़ी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया।पीड़ित की शिकायत पर शनिवार को आशियाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना के सेक्टर जे अंबिका बिहार कॉलोनी में रहने वाले आशीष गुप्ता पुत्र सुखदेव कुमार गुप्ता के अनुसार 21 अक्टूबर की रात्रि करीब 9 बजे पुराना बर्फ खाना उदयगंज में रहने वाला कुलदीप सोनकर पुत्र स्व कन्हैया लाल उनके घर के बाहर पहुंच करीब बीस मिनट तक हंगामा करता रहा और गाली गलौज के साथ घर पर पथरावबाजी करने लगा इस दौरान घर के बाहर खड़ी कार पर पत्थर में कार का शीशा तोड़ दिया जिसकी हरकत सीसी कैमरे में कैद हो गई,पीड़ित ने कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दे स्थानीय आशियाना थाने पर युवक के खिलाफ नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

# सत्संग से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं

- 9 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का द्वितीय दिवस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का का दूसरा दिन बहुत ही भव्य और भाव विभोर करने वाला रहा, द्वितीय दिवस के यजमान जगदीश बुटोला, रवींद्र बिष्ट और महेन्द्र सिंह तड़ियाल द्वारा प्रातः विधि विधान से पूजा आर्चना के साथ प्रारम्भ हुआ।

सांय की बेला में कथा वाचक पंडित मुकेश शुक्ला जी ने अपने मुखारविंद से भगवान-शिव की महिमा का वर्णन बताते हुए उन्होंने सती चरित्र, शिव विवाह, द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा, रुद्राक्ष की महिमा, रावण की तपस्या और समुद्र मंथन जैसी कथाएं संगीतमय भजनो के साथ सुनाया। शिव महापुराण कथा में सतसंग के महत्व को बहुत ही विस्तार से बताया गया है। सतसंग का अर्थ है सच्चे संतों और विद्वानों की संगति में रहना और उनके द्वारा दिए गए उपदेशों को सुनना। शिव पुराण में कहा गया है कि सतसंग से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं और वह मोक्ष के मार्ग पर आगे बढ़ता है। कथा वाचक पंडित मुकेश शुक्ला जी ने शिव महापुराण कथा में बताया कि सतसंग से मनुष्य को आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है और वह अपने जीवन के उद्देश्य को समझ पाता है। सतसंग में भाग लेने से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं और वह पुण्य की ओर अग्रसर होता है। भक्तों ने पंडित जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और कथा के साथ साथ भजन कीर्तन का भी आनंद लिया। आज कथा स्थल पर पूजा का पंडाल शिव भक्तों से खचाखच भरा हुआ था। जिसमें मुख्य रूप से विनय मिश्रा, बहादुर सिंह बिष्ट, महेन्द्र सिंह राणा, हरेन्द्र नेगी, अशोक असवाल, आर पी जुयाल, भवान सिंह रावत, पूरन बिष्ट, महावीर खन्तवाल, केशव बिटालू, डी डी नरियाल, हेमंत सिंह गडिया, रमेश चन्द्र सिंह बिष्ट, वरिष्ठ अधिवक्ता जी डी भट्ट, बच्ची सिंह डोलिया, श्रीमती अनामिका बिष्ट, नंदनी तडियाल, भारती बुटोला, नीलम जुयाल, संगीता रावत, रजनी राणा, हेमंती महेता, प्रेमा बिष्ट, मीना बिटालू, कंचन यादव, सीता सीलाकोटी, अम्बा बिष्ट, भारती बसेडा, शान्ति पंत, सरोज पंत, सरोजनी नौटियाल, कांति बिष्ट, मंजू मिश्रा, रंजना सिंह, इन्दु सिंह, मंजू रावत, दया जोशी आदि कई भक्त गण मौजूद थे।

# कला ने समाज की चेतना, भावनाओं और संस्कारों को आकार दिया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कला केवल सौंदर्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की आत्मा और सृजनशीलता की जीवंत अभिव्यक्ति है। सदियों से कला ने समाज की चेतना, भावनाओं और संस्कारों को आकार दिया है। आज के समय में कला न केवल प्रेरणा का स्रोत है, बल्कि एक सशक्त निवेश का क्षेत्र भी बन चुकी है। चित्रकला, मूर्तिकला, प्रिंट्स या अन्य ललित कलाओं में निवेश अब केवल संग्रह या सजावट नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पूँजी और आर्थिक समझदारी का प्रतीक है।

इसी उद्देश्य को जीवंत करता है राजधानी लखनऊ में आयोजित होने जा रहा लखनऊ स्पेक्ट्रम 2025 आर्ट फेयर, जिसे प्रतिष्ठित फ्लोरोसेंस आर्ट गैलरी द्वारा 1 से 30 नवंबर तक फिनिक्स पलासियो में आयोजित किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में देशभर के लगभग 100 से अधिक प्रतिष्ठित पद्मश्री और नवोदित कलाकारों की समकालीन लोक जनजातीय एवं पारंपरिक लगभग 350 कलाकृतियाँ प्रदर्शित होंगी। यह आयोजन न केवल कला प्रेमियों के लिए, बल्कि कला निवेशकों के लिए भी एक विशेष अवसर लेकर आ रहा है, जहाँ वे भारतीय समकालीन, लोक, पारंपरिक और जनजातीय कलाओं के अनमोल रूपों से रूबरू हो सकेंगे। कला में निवेश का अर्थ केवल किसी चित्र या मूर्ति को खरीदना नहीं, बल्कि एक दृष्टि और परंपरा में विश्वास जताना है। युवा कलाकारों की कृतियाँ भविष्य की अपार संभावनाओं से भरी होती हैं—वे समय के साथ मूल्य में भी वृद्धि करती हैं और सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाती हैं। वहीं, प्रतिष्ठित कलाकारों की कृतियाँ स्थायित्व, सम्मान और पहचान की प्रतीक बन जाती हैं। इस प्रकार कला में निवेश आर्थिक लाभ के साथ-साथ आत्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि भी प्रदान करता है। लखनऊ जैसे सांस्कृतिक नगर में, जहाँ तहजीब और रचनात्मकता की गहराई हर गली में बसती है, कला में निवेश करना शहर की आत्मा में निवेश करने जैसा है। यह न केवल एक वित्तीय निर्णय है, बल्कि अपने समय की सांस्कृतिक धारा से जुड़ने का माध्यम भी है। कला वह संपत्ति है जो समय के साथ और मूल्यवान होती जाती है—जो हमारे परिवेश को सुंदर बनाती है और आत्मा को समृद्ध करती है। लखनऊ स्पेक्ट्रम 2025 इसी विश्वास का उत्सव है—जहाँ कला, संस्कृति और निवेश मिलकर एक ऐसा भविष्य रचते हैं जो सौंदर्य, संवेदना और संपन्नता तीनों को साथ लेकर चलता है।

# कानपुर से लखनऊ आ रही कार बनी आग का गोला



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में एक कार सड़क पर चलते हुए आग का गोला बन गई। बताया जा रहा है कि लखनऊ के किसानपथ पर दरोगा खेड़ा स्थित पारसनाथ मेमोरियल स्कूल के सामने रविवार सुबह चलती कार में आग लग गई। चालक और उसके साथ बैठे एक अन्य ने जैसे ही गाड़ी को आग पकड़ते हुए देखा तो किसी तरह बाहर निकलकर खुद को बचाया। इसके बाद पुलिस और दमकल विभाग को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस संग पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। मामले में मिली जानकारी के अनुसार कार बाराबंकी के कौरियाड़ गांव के रहने वाले राजू की बताई जा रही है। वही हादसे के समय अपनी कार में था। उन्होंने बताया कि कानपुर से लखनऊ आते समय दरोगा खेड़ा के पास कार में आग लग गई। आग देखते ही चालक और उसके साथी ने किसी तरह कार रोककर खुद को बचाया। इसकी सूचना दमकल को दी गई। सूचना मिलते ही सरोजनीनगर फायर स्टेशन से पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया। एफएसओ ने बताया कि आग के दौरान कोई हताहत नहीं हुआ है। समय रहते दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। आशंका है कि अधिक इंजन हीटिंग अथवा शार्ट सर्किट से आग लगी है। मामले में कार सवारों की जानकारी अनुसार जांच की जाएगी। कार सवारों को भी कोई चोट नहीं पहुंची है। हालांकि कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई है। आग की लपटें तेजी से कार में फैली थीं।

**गाली-गलौज के विरोध पर युवती को पीटा:** लखनऊ के वजीरगंज निवासी युवती ने विनीत द्विवेदी व 20 अन्य पर गाली-गलौज के विरोध पर उनकी पिटाई करने व कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया है। वजीरगंज पुलिस ने 21 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। युवती के मुताबिक शनिवार को सुबह दस बजे वह मंदिर जा रही थीं। आरोप है कि रास्ते में विनीत उनसे गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर आरोपी ने उन्हें बुरी तरह से पीटा। इस दौरान आरोपी के घर से सुमित, विनीत की मां, सुशांत, नीतू, सत्यम, वीरेंद्र, संदीप, पन्ना, परवीन, रीषू, सचिन, मिंटू, शालू, मिंटू की पत्नी व छह अज्ञात लोग भी आ गए।युवती का आरोप है कि शोर सुन जब उनकी मां बीच-बचाव के लिए आईं तो आरोपियों ने उन्हें भी बुरी तरह से पीटा। आरोपियों ने पीड़िता के कपड़े फाड़ डाले और घर में घुसकर तोड़फोड़ की। लोगों की भीड़ जुटने पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। पीड़िता मां के साथ अस्पताल गईं, जहां प्राथमिक उपचार हुआ। फिर उन्होंने पुलिस से शिकायत की। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक पीड़िता और आरोपियों के बीच में मंदिर पर कब्जे का विवाद चल रहा है। इसी कारण आरोपियों ने वारदात की। चार आरोपियों को जेल भेजा गया है।

# कार्तिक मेला की रूपरेखा तैयार, 5 को होगा शुभारंभ

- मेले का शुभारंभ महंत दिव्या गिरि के गोमती पूजन से होगा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कार्तिक पूर्णिमा मेला समिति की आवश्यक बैठक गोमती तट पर आहूत की गई। इस विशेष बैठक में पदाधिकारियों और सदस्यों नें आपस में सुझाव साझा किए। हर वर्ष की तरह इस बार भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर चिनहट स्थित गोमती नदी के तट पर ग्राम देवरिया के पास विशालकाय मेला आयोजित किया जाएगा। मेला समित के संरक्षक पूर्व विधायक राजेंद्र यादव की मौजूदगी में बैठक प्रारम्भ हुई। मेला समिति के अध्यक्ष सुरेश यादव नें बताया कि आगामी 6 तारीख को पूरे विधिविधान से गोमती पूजन मनकामेश्वर मठ की महंत दिव्या गिरी जी के द्वारा किया जाएगा जिसके बाद मेला का शुभारंभ होगा। उन्होंने बताया कि रायबरेली के आल्हा सम्राट शीलू राजपूत का आल्हा कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। शाम को ही सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। मशहूर गायक गुडडू यादव द्वारा जवाबी बिरहा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। खेल प्रतियोगिता अगले दिन यानि 8 को आयोजित होंगे। सुरेश यादव नें बताया कि यूपी के अलग अलग जनपद से खेल जगत के नामी टीमें यहां भाग ले रही है। शाम 8 बजे संगीत की महफिल सजेगी इस महफिल को रायबरेली के संगीत सम्राट खन्ना सिंह चौहान सजाने आ रहे है। इसके बाद आखरी दिन यानि 8 नवंबर को मुलायम सिंह यादव की स्मृति में दंगल का आयोजन किया गया है। बताते चले कि इस दंगल में सूबे के जाने पहचाने पहलवान हिस्सेदारी निभाने जा रहे हैं। तीन दिनों तक आयोजित होने वाले कार्तिक पूर्णमा स्नान मेले कि पूरी रूपरेखा को आज फाईनल रूप दिया गया साथ ही सभी सदस्यों को भी अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी व्यापक इंतजाम किये गए हैं स्थानीय प्रशासन से भी सहयोग की अपील की गई है। मुख्य रूप से पार्षद ममता रावत, सीताराम यादव, गुरु प्रसाद, आदित्य यादव, बाबूलाल सहित दर्जनों समित के सदस्य मौजूद रहे।

# व्रतियों ने किया खरना, आज डूबते सूर्य को दिया जायेगा अर्घ्य



छठ महापर्व में खरना की पूजा करती व्रती महिला



गोमती तट पर पूजा-अर्चना करती महिलाएं




छठ महापर्व के लिए सजा गोमती तट

फोटो-समीर भटनागर

## छठ पूजा : 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू, घरों व घाटों पर तैयारियां पूरी, बाजारों में खूब दिखी रौनक





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आस्था और विश्वास के महापर्व छठ पूजा की शुरूआत राजधानी में हो गई है। खरना के साथ ही महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। घाटों पर पारंपरिक लोकगीत गूंज रहे हैं। बाजारों की रोनक देखते ही बन रही है। शाम होने से पहले ही महिलाएं सजधज कर सुशोभिता पर पूजा करने पहुंची। इससे पहले उन्होंने नदी में स्नान भी किया और सूर्य की उपासना करने के बाद अपनी सुशोभिताओं पर दीप प्रज्जवलित कर पूजा की शुरूआत की। पूरे दिन निराहार रहकर छोटी छठ पर महिलाओं ने शाम को मीठा भोजन किया।

सोमवार को पूरे दिन निर्जला व्रत रखा जाएगा और मंगलवार को उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ ही पूजन समाप्त होगा। पूर्वांचल के लोगों ने गोमती किनारे विभिन्न घाटों पर पूजा के वेदियां सजाईं। दिनभर परिवार के लोग लक्ष्मण मेला मैदान पर ही स्थित छठ मेला घाट, झूलेलाल वाटिका, कुड़ियाघाट और मनकामेश्वर मंदिर घाट पर सुशोभिताओं को सजाते देखे गए। सुशोभिता सजाने आई महिलाओं ने बताया कि सूर्य षष्ठी का यह व्रत विवाहित महिलाएं और पुरुष भी रखते हैं। इस व्रत में पंचमी से सप्तमी तक तीन दिन उपवास किया जाता है। पंचमी के दिन केवल एक बार शाम के समय चंद्रास्त से पहले नमक रहित खीर भोजन किया। सोमवार को षष्ठी के पूरे दिन जल भी नहीं पिया जाएगा। शाम के समय डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर फल, पकवान और पुष्प आदि अर्पित किए जाएंगे।

### लखनऊ में छठ माई के गीतों से गूंजे घाट



**लखनऊ।** छठ माई के गीतों से गूंजते घाट, अपने पुत्र की लंबी आयु के लिए पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देती महिलाएं, हजारों की संख्या में सिर पर फलों की टोकरी लेकर आते लोग यह नजारा सोमवार को देखने को मिलेगा। शाम 5 बजे के बाद धीरे-धीरे सूर्यदेव अस्ताचल की ओर बढ़ेंगे और नदी में खड़ी सुहागिन महिलाएं उन्हें अर्घ्य देने के साथ पुत्र की दीर्घायु की कामना करेंगी। छोटी छठ खरना में व्रती महिलाओं ने लौकी की खीर व सात्विक भोजन ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा। व्रती महिलाएं सोमवार को पानी में खड़ी होकर शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी जबकि मंगलवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर अपने व्रत का पारण करेंगी। भोजपुरी लोक कलाकारों ने गीत, संगीत की मधुर प्रस्तुतियों से दर्शकों व श्रोताओं को बांधे रखा। वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति भी एकल कलाकारों ने दी। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति 18 घंटे लगातार सोमवार दोपहर से शुरू होगी, जो कि मंगलवार सुबह आठ बजे तक चलेगी।

**रोशन हुए घाट, मुख्य पूजन आज :** छठ घाट सफाई और लाइटिंग के बाद रोशन हो गया है। पूरी घाट पर रंगीन मैट बिछाई गई है, जिससे व्रतियों के बैठने में किसी प्रकार की समस्या न हो। जाल आदि लगाकर घाट किनारे पानी को लगातार निर्मल किया जा रहा है। सुरक्षा के लिहाज से जल पुलिस, एसडीआरएफ, गोताखोर, नाविक, फायर पुलिस, स्टीमर, रस्से, बड़ी टॉर्च आदि के जीवन रक्षक उपकरणों के साथ लैस हैं। इसके अलावा घाट पर करीब एक दर्जन सीसीटीवी से नजर रखी जा रही है। पार्किंग की व्यवस्था व यातायात के सुचारू संचालन के लिए ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी लग गई है।

## बाजारों में छठ पूजा सामग्री की खूब हुई खरीदारी





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रविवार को भी महिलाओं ने दिन भर बाजारों में पूजन सामग्री खरीदी। गन्ना, सेब, केला, अन्नानास, शरीफा, कच्ची हल्दी, अमरस, मौसम्मी, चकोतरा, गागल, नारियल, अनार, शकरकंद, सिंघाड़ा आदि खरीदने के लिए फलों की दुकानों पर महिलाओं की खूब भीड़ रही।

पीतल के लोटे, सूप, डाला, ढलिया और सुपली की भी खूब बिक्री हुई। मुंशीपुलिया में दुकानदार रमेश ने बताया कि महिलाओं ने अन्नानास, चकोतरा और अनार के अलावा पूजा में लगने वाले फलों को खरीदा। इसके अलावा हल्दी का पौधा, गन्ना, अमरस, शरीफा महिलाओं की डिमांड में खूब रहा।

शहर के निशातगंज पुल के नीचे गोमतीनगर में पत्रकारपुरम, इंदिरानगर में भूतनाथ, आलमबाग, तेलीबाग समेत अन्य जगह पर दुकानदारों ने सड़क किनारे दुकानें सजाई हुई थीं। सभी जगह पर एक साथ 10 से 15 दुकान लगी रहीं। फल, पूजन का सामान ज्यादातर दुकानों पर एक ही साथ मिला। पूजन के सामान में दौरी टोकरी सूप, शहद, काला तिल, पान का पत्ता, सुपारी, गन्ना, सुथनी, अनार, अनानास, नारियल, अदरक, हल्दी, बड़ा नीबू, बेर, संतरा, इमली, कच्चा कद्दू, शरीफा आदि बिकता रहा। इसके अलावा आटा, गुड़, साठी के चावल आदि की खरीदारी हुई। निशातगंज के दुकानदार राजू ने बताया कि चौक कतरा 50 रुपए का छोटा और बड़ा पीस 70 रुपए का है। कैथा 10 रुपए पीस, सुतली 40 से 50 रुपए, शकरकंद 70 से 90 रुपए किलो आदि मिल रहा है। बाजार में इस बार खासतौर से कटक का जालदार काम वाला चांदी का सूप खासा पसंद किया जा रहा है। इसकी कीमत 13 हजार से 15 हजार रुपये है। इसके साथ ही गोल्डन लुक वाला चांदी का सूप 25 हजार का है। चांदी का पंचदीप कलश 8 हजार से 70 हजार रुपये का है। डिजाइनदार मिट्टी की कोसी के अलावा बाजार में झालर वाले सूप भी मिल रहे हैं।

लोगों के लिए हेल्थ एटीएम, चिकित्सा शिविर आदि व्यवस्था भी है।

**घाट व पूजन स्थल तैयार:** शहर में जिला प्रशासन व नगर निगम की ओर से लखनऊ में होने वाले छठ पूजा के लिए करीब 108 जगह चिन्हित किए गए हैं, जहां पर बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष इकट्ठा होकर पूजन करेंगे। लखनऊ में करीब 18 लाख लोग इस साल छठ पूजा करेंगे। कॉलोनी, अपार्टमेंट, पार्कों आदि जगह पर बनाए गए जलाशयों पर पानी की व्यवस्था कर दी गई है।

**आज मुख्यमंत्री रहेंगे मुख्य अतिथि:** अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने बताया कि रविवार शाम चार बजे के करीब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लक्ष्मण मेला मैदान स्थित छठ घाट पर मुख्य अतिथि रहेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय से सहमति मिल गई है। इसके अलावा डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक,



केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सूर्य प्रताप शाही, जयवीर सिंहए स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल आदि प्रमुख रूप से आमंत्रित हैं।

**जल चढ़ाने की सही विधि:** सूर्य देव तो जल चढ़ाने के लिए सुबह जल्दी उठकर नहा लें। जल चढ़ाने के लिए तांबे के लोटे का प्रयोग करें क्योंकि तांबा सूर्य की धातु माना गया है। जल में फूल पत्तियां, रोली और चावन डाल लें, इसके बाद सूर्य देव पर जल अर्पित करें और साथ साथ गायत्री मंत्र का जाप करते रहें। गायत्री मंत्र के साथ आप 12 नाम वाले मंत्र का जाप भी कर सकते हैं। सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान पानी की जो धारा जमीन पर गिरी है उस धारा का दर्शन जरूर करें। माना जाता है कि ऐसा करने से आंखों की रोशनी तेज होती है। साथ ही जमीन पर गिरे इस पानी को अपने माथे पर लगाना चाहिए, वहीं सूर्य को सुबह उठकर जल चढ़ाते हैं और इसका फायदा शरीर को काफी मिलता है।

**यहां भी होगी पूजा:** राजधानी में छठ पूजा का मुख्य केंद्र लक्ष्मण मेला पार्क में भव्य रूप से छठ पूजा का महापर्व मनाया जाता है। मेला स्थल पर पक्की सुसोबिता बेदी बनाई जा रही है। वहीं मनकामेश्वर घाट, कृष्णानगर के मानसनगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर नई पानी की टंकी पार्क में छठ पूजा होगी। इंद्रलोक कॉलोनी के सैसोबीर मंदिर परिसर के अलावा पीएसी महानगर, छोटी व बड़ी नहर आलमबाग के साथ ही मवैया में भी महिलाएं पूजन करेंगी।

## श्रद्धा व सत्कार से मनाया गया बाबा बुड्ढा साहब जी का जोड़ मेला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** टिकैत राय तालाब स्थित गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब जी मे ब्रह्म ज्ञानी बाबा बुड्ढा साहब जी का जोड़ मेला बहुत ही श्रद्धा एवं सत्कार से मनाया गया।

बाबा दीप सिंह जी फाउंडेशन के संस्थापक मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि बाबा बुड्ढा साहब जी के जोड़ मेले का आज समापन हुआ। इस अवसर पर प्रातः 6:00 बजे से लेकर दोपहर में 3:00 बजे तक विशेष दीवान का आयोजन किया गया जिसमें श्री दरबार साहब श्री अमृतसर से आए भाई कारज सिंह जी ने शबद कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल किया एवं गुरुद्वारा नानक पिआऊ दिल्ली से आए ज्ञानी बचित्तर सिंह जी ने बाबा बुड्ढा जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 6:00 सुखमनी साहब के पाठ से हुई एवं 3:00 बजे कार्यक्रम की समाप्ति पर गुरु का लंगर वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री दरबार साहब से भाई कारज सिंह जी एवं गुरुद्वारा नानक पिआऊ दिल्ली से आए ज्ञानी बचित्तर सिंह जी को डॉक्टर गुरमीत सिंह एवं हरजिंदर सिंह चावला ने गुरु घर का सत्कार शॉल एवं सिरोपा भेंट किया। इस अवसर पर लायंस क्लब द्वारा त्रिलोक सिंह परिहार के संयोजन में रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें 22 यूनिट रक्तदान किया गया एवं डॉक्टर अमरजोत सिंह के संयोजन में मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से हरजीत सिंह सब्बरवाल, मुरलीधर आहूजा, गुरशरण सिंह चावला, हरजिंदर सिंह चावला, तरनजीत सिंह, धर्मेंद्र सिंह एवं सिमरजोत सिंह उपस्थित थे।

## गीत-संगीत के साथ प्रगति महोत्सव का समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वाधान में आशियाना के सेक्टर एम आशियाना कोतवाली के बगल में प्रगति महोत्सव 2050 का आज समापन हो गया। धनतेरस भैया दूज दीपावली एवं छठ की धूम प्रगति महोत्सव 2025 में खूब दिखाई दी। झूले फूड जोन क्रोकरी फर्नीचर कारपेट खानपान का स्टॉल जरूर की हर छोटी बड़ी चीज उचित मूल्य पर प्रगति महोत्सव 2025 में उपलब्ध रही।

प्रगति महोत्सव 2025 में प्रतिदिन सांस्कृतिक मंच से नृत्य, गायन, डांडिया, फैशन शो ,बहुत सारे कार्यक्रमों ने नया आयाम कायम किया। प्रगति महोत्सव2025 के अंतिम दिन प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट तथा हनुश्री ट्रस्ट की अध्यक्ष रागनी पूजा जयसवाल के माध्यम से विशाल निशुल्क स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया जिसमें शहर के प्रमुख हॉस्पिटल मेक्स, लोक बंधु, रेजेंसी, के साथ एलोपैथिक चिकित्सा, होम्योपैथिक चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा से जुड़े डॉक्टर और उनकी टीम ने सैकड़ों लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और दवाइयां बांटी शहर की नामी-गिरामी पैथोलॉजी द्वारा ब्लड प्रेशर शुगर, इसीजी,बीएमडी, जांच की। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में इंडियन रेट कॉस्ट सोसाइटी द्वारा ऐसी बस अत्याधुनिक उपकरणों से लेस द्वारा योग डॉक्टरों के माध्यम से ब्लडी डोनेट करया गया।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ शाहरुख , सांगा अजय लक्ष्मी, आयुषी, तुषार रुपचंद्र, अरविंद डॉउत्तम, राजेश कुमार तिवारी, केशव, पवन, विनय , डॉ अभिषेक डॉ शिखा , डॉ आदर्श, कल्पना, डॉ एस के पांडे विजय सिंह, वरुण पटेल, डॉ एस पी उपाध्याय, धनंजय प्रजापति उपेंद्र यादव नीतू भारती राज बहादुर आशीष अमित कमलेश रजनीश अजय सिंह रावत विश्वनाथ दिवाकर राहुल डॉ सौम्या डॉ सृष्टि डॉ अजय शंकर डॉ पीसी तिवारी, नेहा शर्मा स्वाती अरुण कुमार, राम सेवक, रविंदर, अंशुमान, कुछ अन्य विशेष मेहमान शशांक चतुवेर्दी, पूनम सिंह ,योगेंद्र कुमार मिश्रा ,चंद्रभान, विवेक शर्मा, शैलेंद्र शुक्ला ,के साथ भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे हनुश्री ट्रस्ट की अध्यक्ष रागनी पूजा जसवाल द्वारा आए हुए सभी लोगों का स्वागत और अभिनंदन किया प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने समापन के अंतिम दिन सफल आयोजन के लिए अपनी पूरी टीम ,प्रशासन, पुलिस विभाग, और सभी सहयोगियों को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

## 'थुनई' को मिला सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार

### लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल का समापन, गंगा पुत्र को सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र का सम्मान





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आज लखनऊ फिल्म फेस्टिवल के अंतिम दिन की शुरूआत दस उल्लेखनीय शॉर्ट फिल्मों के विशेष प्रदर्शनों के साथ हुई, जो एफटीआईआई छात्रों और स्वतंत्र फिल्म निमार्ताओं द्वारा बनाई गई हैं और फेस्टिवल की थीम–शांति और सद्भाव–के लिए उनकी शक्तिशाली कहानियों और प्रासंगिकता के आधार पर सावधानीपूर्वक चुनी गई हैं। फिल्मों ने डिमेंशिया, आध्यात्मिक जागरण, बाधाओं को तोड़ना, सामाजिक कलंक, बाल श्रम, पदानुक्रम पर व्यंग्य, पहचान की खोज, प्रवासी दृढ़ता और दैनिक करुणा जैसे विषयों की खोज की।

फेस्टिवल की चमक बढ़ाते हुए, प्रसिद्ध अभिनेत्री हुमा कुरैशी और अभिनेता एवं निर्देशक सनी सिंह ने आयोजन में शिरकत की, जो एमरन फाउंडेशन की संस्थापक रेणुका टंडन के नेतृत्व में एक आकर्षक सत्र में शामिल हुए, जिसमें एक प्रमुख पैनल के साथ भारतीय सिनेमा में महिलाओं की विकसित भूमिकाओं और पहचान, शॉर्ट फिल्मों के उद्योग में अपनी जगह बनाने के तरीके और मीडिया के फिल्म निमार्ताओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका पर गहन चर्चा हुई। प्रसिद्ध पटकथा लेखिका ज्योति कपूर दास ने एलएसएफएफ के पूर्व विजेताओं के साथ एक प्रेरणादायक चर्चा का नेतृत्व किया, जिसमें उन्होंने फिल्म निर्माण की चुनौतियों और प्रक्रिया पर चर्चा की। लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल की विजेता कत्यायनी कुमार ने फेस्टिवल के पैनल के दौरान स्वतंत्र फिल्म निमार्ताओं के लिए क्राउडफंडिंग पर मूल्यवान सलाह साझा की। कत्यायनी कुमार, एलएसएफएफ 2023 विजेता, ने क्राउडफंडिंग को केवल धन संग्रह के बजाय दर्शक निर्माण के रूप में महत्वपूर्ण बताया, जो ऑस्कर विजेता गुनीत मोंगा की सलाह से प्रेरित है, क्राउडफंडिंग सिर्फ पैसे के बारे में नहीं है–यह शुरूआत से ही अपने दर्शकों को निर्माण करने के बारे में है। गुनीत मोंगा ने सड़क यात्रा पर जाने की सलाह दीः घरों, पार्टियों और आयोजनों पर अपनी फिल्म का पिच करें, धन इकट्ठा करें और समर्थन प्रणाली बनाएं। इससे विश्वास और विश्वास निवेश होता है, और यह चक्रीय है–यदि एक समर्थक आपको बैक करता है, तो यह और अधिक आकर्षित करता है। पटकथा लेखिका ज्योति कपूर दास ने अपनी फिल्मों में रणनीतिक कास्टिंग के माध्यम से समर्थक भीड़ को प्रदर्शनों में पैक करने के लिए अपनी चतुर जुगाड़ का खुलासा किया। मेरी फिल्म में, मैं उन दोस्तों और कनेक्शनों की पहचान करती हूं जो भीड़ ला सकते हैं, और मैं उन्हें एक पार्टी दृश्य में शामिल कर लेती हूं फेस्टिवल ने दिन का समापन बहुप्रतीक्षित पुरस्कार समारोह के साथ किया। तालियों से भरे पल में, सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार विग्नेश परमासिवम द्वारा निर्देशित थुनई को दिया गया, जबकि सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री जय प्रकाश द्वारा निर्देशित गंगा पुत्र को प्रदान किया गया–प्रत्येक को उनकी उत्कृष्टता के सम्मान में 45,000 का नकद पुरस्कार मिला। लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल 2025 की संस्थापक रेणुका टंडन ने कहा, यह यात्रा फिल्मों से अधिक, प्रदर्शनों से अधिक, आयोजनों से अधिक रही है। यह लोगों के बारे में रही है–प्रेम, स्नेह, जुनून और सपनों के बारे में जो आपने सभी ने अपने साथ लाए। हर फिल्म निमार्ता, हर वॉलंटियर, हर समर्थक, हर दर्शक सदस्य–आपने हमारी कहानी को छुआ और उसे अर्थपूर्ण बनाया। कार्यक्रम निदेशक गौरव दिवेदी ने कहा कि लखनऊ का अपना शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल ऐसा कुछ है जिस पर सभी लखनऊवासी को गर्व और उत्साहित होना चाहिए।

### बड़ा संदेश देती हैं लघु फिल्में : हुमा कुरैशी

**लखनऊ।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने लघु फिल्मों को ज्यादातर कलाकारों की कामयाबी की पहली सीढ़ी करार देते हुए रविवार को कहा कि लघु फिल्में हमेशा बड़ा संदेश देती हैं और वे उन लोगों को बड़ा मंच प्रदान करती हैं, जो इस कला में आगे बढ़ना चाहते हैं। हुमा ने लॉस एंजिल्स (अमेरिका) के इंडिपेंडेंट शॉर्ट अवार्ड के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की इकलौती फिल्म बनी घुसपैठिया कौन को लखनऊ शार्ट फिल्म फेस्टविल में बेस्ट स्क्रिप्ट क्रिटिक्स च्वाइस अवार्ड प्रदान किया। उन्होंने कहा कि ज्यादातर अभिनेताओं ने अपने फिल्मी सफर की शुरूआत लघु फिल्मों से ही की थी। अभिनेत्री ने कहा, लघु फिल्में उन लोगों को बड़ा मंच प्रदान करती हैं, जो इस कला में आगे बढ़ना चाहते हैं। अगर उनके पास काबिलियत है तो वे लघु फिल्मों के जरिये जो बताते हैं, उसे गम्भीरता से लिया जाता है। छोटी फिल्मों से बड़ा संदेश जाता है।

संक्षेप

## विज्ञान मेला में विजेता प्रतिभागी सम्मानित

फतेहपुर ।23वें क्षेत्रीय विज्ञान मेला के तृतीय अथवा समापन दिवस पर आज विजेता भैया बहनों को मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अब यह सभी विजेता भैया बहन आगामी नवंबर माह में होने वाले अखिल भारतीय स्तर के विज्ञान मेला मेरठ में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस विज्ञान मेला में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की 8 समितियों गोरक्ष नगरीय, गोरक्ष ग्रामीण, काशी नगरीय, काशी ग्रामीण, अवध नगरीय, अवध ग्रामीण, कानपुर नगरीय, कानपुर ग्रामीण, के लगभग 350 से अधिक भैया बहनों ने चार विधाओं प्रदर्श, प्रश्न मंच, पत्र प्रस्तुति, और प्रयोग मेंअपनी योग्यता एवं कौशलता का प्रदर्शन किया। जिसमें प्रमुख रूप से 87 अंक प्राप्त कर काशी नगरीय प्रांत के भैया बहनों का दबदबा रहा जिन्होंने ओवरऑल उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा किया।समापन समारोह में त्रिदिवसीय मेले का सामूहिक व्रत क्षेत्रिय संगठन मंत्री हेमचंद्र ने प्रस्तुत किया, मुख्य अतिथि के रूप में गौ सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। अध्यक्षता विधान परिषद सदस्य बाबूलाल तिवारी के द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निशाद एवं सदस्य गौ सेवा आयोग, राजेश सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा समाज के सभी क्षेत्रों में विज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान है, संसार में व्याप्त सभी प्रकार के प्रदूषणों का निदान यदि कोई व्यक्ति कर सकता तो वह सिर्फ आज के वैज्ञानिक ही है। इस अवसर पर उपर्युक्त 8 समितियों के प्रांत प्रमुख, समस्त संभाग निरीक्षक, विद्या भारती कानपुर प्रांत के प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्रा, प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा धीरेंद्र सिंह , फतेहपुर विभाग के विभाग कार्यवाह ज्ञानेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज वीआईपी रोड फतेहपुर नरेंद्र सिंह, समस्त प्रांतों से आए हुए प्रतिभागी भैया बहन एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम के समापन में आए हुए अतिथियों का आभार बांके बिहारी पांडे, विज्ञान संयोजक, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दो लोगों को मनोनीत किया

मौरावां, उन्नाव। सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शुक्ला द्वारा दो लोगों को अलग-अलग पदों पर मनोनीत किया गया। जिसमें पथिक कुमार पांडे को प्रदेश मीडिया प्रभारी का भार सौपा गया एवं एडवोकेट प्रवीण त्रिपाठी को अधिवक्ता समिति का जिला महामंत्री पद भार सौपा गया। बधाई देने वालों में निर्मल अवस्थी, विद्या शंकर पांडे, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा हिलौली रमेश बाजपेई, पूर्व अध्यक्ष नवनीत शुक्ला हरिराम यादव, शशिकांत शुक्ला सुनील कुमार मिश्रा, राजमणि सिंह साहित्य शुक्ला गौरी सिंह, दिनेश साहू, रामबाबू लोधी, पत्रकार राजू श्रीवास्तव शामिल रहे।

## विवाहिता को मौत के घाट उतारा

सिधौली (सीतापुर) ।कोतवाली क्षेत्र के अक्किलपुर मजरा बिलरिया गांव में शनिवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता का शव कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना के बाद ससुराल पक्ष ने आत्महत्या की बात कही। जबकि मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। रानीपुरवा मजरा परेवा जाल निवासी टीपू पुत्र गयादीन ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री सोनाली की शादी करीब चार वर्ष पूर्व संजय पुत्र रामेश्वर निवासी अक्किलपुर मजरा बिलरिया से की थी। विवाह के कुछ समय बाद से ही पति संजय, सास और ससुर रामेश्वर उसे प्रताड़ित करने लगे। टीपू ने आरोप लगाया कि बेटी के एक बच्ची होने के बाद भी ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला और आए दिन विवाद करते थे। पीड़ित पिता ने बताया कि भाईदूज का त्योहार मनाने के बाद जब उनकी पुत्री सोनाली ससुराल वापस पहुंची, तो सास, ससुर और पति संजय इस बात पर नाराज हो गए कि वह मायके क्यों चली गई थी। इसी बात को लेकर तीनों ने मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई की जिससे उसकी मौत हो गई। बाद में घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए सोनाली के शव को फांसी पर लटका दिया गया और यह अफवाह फैला दी गई कि उसने खुदकुशी कर ली है। मृतका के पिता टीपू ने कोतवाली सिधौली में लिखित तहरीर देकर ससुराल पक्ष के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका के पिता टीपू ने कोतवाली सिधौली में लिखित तहरीर के आधार पर पति पति इंद्रजीत व ससुर रामेश्वर को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया।

# आवश्यकता पड़ी तो नैमिष में होगी टूरिज्म पुलिस की स्थापना: डीजीपी



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण अपनी पत्नी के साथ नैमिषारण्य तीर्थ पहुंचे। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की तत्पश्चात डीजीपी राजीव कृष्ण अपनी पत्नी के साथ निजी कार्यक्रम के तहत सबसे पहले चक्रतीर्थ पहुंचे। यहां उन्होंने कुंड पर आचमन और पूजन-अर्चन किया। इसके उपरांत उन्होंने मां ललिता देवी मंदिर में मत्था टेका और पत्नी के साथ पूजन किया। इस दौरान एडीजी लखनऊ सुजीत पांडे, डीएम अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल सहित अन्य पुलिस व पीएसी के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

बैठक के उपरांत डीजीपी ने मीडिया से बातचीत करते हुए नैमिषारण्य में टूरिज्म पुलिस स्थापित करने की संभावना जताई। उन्होंने कहा कि मथुरा, आगरा और बनारस की तर्ज पर नैमिष में भी आवश्यकता पड़ने पर टूरिज्म पुलिस की स्थापना की जाएगी। डीजीपी ने बिहार में होने वाले चुनावों के मद्देनजर उत्तर प्रदेश की सीमाओं पर लगातार चेकिंग अभियान चलाने और अवैध नकदी व शराब जब्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम सुरक्षा समितियों को भी सक्रिय रखने पर जोर दिया। डीजीपी ने कहा कि यूपी में बढ़ते साइबर अपराधों के लिए अब प्रत्येक थाने में साइबर डेस्क स्थापित किए जाएंगे। ये डेस्क लगातार अपराधों पर निगरानी रखेंगे और त्वरित कार्रवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक साइबर अपराध से जुड़े 24 प्रतिशत पैसों को सीज किया जा चुका है और इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। दर्शन-पूजन के बाद देर रात डीजीपी ने नैमिष थाने का औचक निरीक्षण किया। थाने में गंदगी मिलने पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया और थानाध्यक्ष पंकज तिवारी को साफ-सफाई व व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मिशन शक्ति केंद्र सहित अन्य विभिन्न पटलों का भी जायजा लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री के मिशन शक्ति अभियान की समीक्षा की और आठ महिला पुलिस कर्मियों से बातचीत कर उनके कार्य की सराहना की।

## शस्त्र सहित हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



साण्डा-सकरन (सीतापुर)। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना सकरन पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शातिर अभियुक्त तोताराम पुत्र कामता पासी निवासी ग्राम कोडवा धमधमपुर थाना रेउसा जनपद सीतापुर को 01 अदद नाजायज तमंचा 12 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त उपरोक्त थाना रेउसा का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके विरूद्ध पूर्व में भी चोरी, लूट, अवैध शस्त्र, एनडीपीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट जैसे करीब 02 दर्जन अभियोग पंजीकृत है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु0अ0सं0 337/2025 धारा 25(1-ठ) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया।

## 100 फीट गहरे कुएं में कूदा युवक, पुलिस ने बचायी जान

उन्नाव। शनिवार को देर रात पति का किसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद हो गया। जिसके बाद पति ने आव न देखा ताव और घर पर बाहर बने एक 100 फीट गहरे कुएं में छलांग लगा दी। चीख पुकार सुनने सुनने के बाद आस के लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामवासियों ने पुलिस को इस बात की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस आनन फानन में मौके पर पहुंची और बिना मौका गवाए रेस्क्यू कर कुएं में कूदे युवक को रस्सी के सहारे सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस के द्वारा किए गए इस कार्य से ग्रामीणों ने पुलिस प्रशंसा की।



बता दे कि उन्नाव जनपद के असोहा थाना क्षेत्र के ग्राम रानीपुर में रहने वाले सुनील पुत्र बृजलाल का किसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ा हो गया। नाराज सुनील ने बिना कुछ सोचे समझे घर के बाहर बने कुएं में छलांग लगा दी। जिसके बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। ग्राम वासियों ने आनन फानन में पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही निखलेश कुमार थानाध्यक्ष असोहा मय हमराह फोर्स तत्काल मौके पर पहुंचे। काफी कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर रस्सी के सहारे कुएं में कूदे व्यक्ति को कुएं से सही सलामत बाहर निकालकर इलाज के लिए सीएचसी असोहा ले जाया गया। जहां पर युवक सुनील पूर्ण रूप से स्वस्थ्य रहे। असोहा पुलिस के द्वारा किए गये इस कार्य की समस्त ग्रामवासियों ने खूब प्रशंसा की।इस सराहनीय कार्य के दौरान पुलिस टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 निखलेश कुमार (थानाध्यक्ष असोहा), उ0नि0 सुनील कुमार, का0 राहुल कुमार, का0 शनि कुमार, का0 चालक राजेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## मां की खोज में दर दर भटक रहीं बेटियां, पुलिस से गुहार

हिलौली, उन्नाव। थाना क्षेत्र के पारा गांव की एक पैंतालीस वर्षीय महिला संदिग्ध परिस्थितियों में अपनी तीन बेटियां को छोड़कर कहीं चली गई या कोई उनके साथ अनहोनी घटना घटित हो गई। ऐसी आम चर्चा है। उनकी बेटियां जगह जगह खोज कर रही है परन्तु उन्हें उनकी मां का कोई अता-पता नहीं चल पा रहा है। बता दें कि जनकदुलारी पत्नी स्व रज्जन लाल मौरावां थाना क्षेत्र के गांव पारा मे अपनी तीन बेटियां कृष्णा 24 वर्ष राधा 20 वर्ष राधिका 15 वर्ष के साथ रहती थी। महिला 16 अक्तूबर की दोपहर के लगभग तीन बजे बिना कुछ बताए घर से कहीं चली गई, जब शाम तक वह घर नहीं पहुंची तो पुत्रियों को चिंता हुई और उन्होंने उसको ढूंढना शुरू किया। बहुत ढूंढने के बाद भी जब मां का कोई पता नहीं लगा तब राधा ने थाना मौरावां में पत्र देकर मां के लापता होने की सूचना दी है। पत्र के अनुसार थाना मौरावां ने गुमशुदगी दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस खोजबीन कर रही है।

## पत्रकार पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी की मनी जयंती



जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। जिले के मंडपम गेस्ट हॉउस में 26 अक्टूबर 2025 को शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की 134वीं जयंती पर एक भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ ।

इस कार्यक्रम का आयोजन जिला पत्रकार संघ द्वारा किया गया था, जिसमें जिले के पत्रकारों, समाजसेवियों, प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया ।नेतृत्व और संचालनकार्यक्रम का संचालन संघ के अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया ने किया। उन्होंने विद्यार्थी जी के जीवन से प्रेरणा लेकर लोगों को निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया ।मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने गणेश शंकर विद्यार्थी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थी जी केवल एक पत्रकार नहीं थे, बल्कि वे राष्ट्र के निमार्ता और मानवता के प्रहरी थे । उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जी का जीवन सत्य, साहस और नैतिकता की मिसाल है ।श्रद्धांजलि और सम्मान कार्यक्रमकार्यक्रम में अमर शहीद विद्यार्थी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद पत्रकार जगत से जुड़े कर्मठ पत्रकारों, समाजसेवियों और साहित्यकारों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिएसम्मानित किया गया । आयोजन में प्रताप पत्र के ऐतिहासिक योगदान और गणेश शंकर विद्यार्थी के निष्कलंक आदर्शों पर आधारित प्रेरक वक्तव्य भी प्रस्तुत किए गए ।कार्यक्रम का संदेश पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों को विद्यार्थी जी की विचारधारा का अनुसरण करते हुए सच्चाई और जनहित कीपत्रकारिता को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने गणेश शंकर विद्यार्थी को राष्ट्र की अंतरात्मा बताते हुए कहा कि यदि आज उनका आदर्श अपनाया जाए तो समाज में नैतिकता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सकती है ।समापनकार्यक्रम के अंत में जिला पत्रकार संघ ने यह संकल्प दोहराया कि वे गणेश शंकर विद्यार्थी की परंपरा को जीवित रखने के लिएहर वर्ष इस जयंती को इसी तरह समर्पित भाव से मनाएंगे ।

इस दौरान संघ के महामंत्री आशीष दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमलाल साहू, मंत्री अवनीश सिंह चौहान, डॉ सुनील गुप्ता रविंद्र त्रिपाठी, विश्व दीपक अवस्थी इरशाद सिद्दीकी, आशीष सिंह चंदेल जावेद अहमद, शैलेश सिंह, निरंजन सिंह, राजेश सिंह भदौरिया, अरमान, नैज घोषी यस द्विवेदी, मोहम्मद हसनैन खान समेत सैकड़ो पत्रकार मौजूद रहे।

## छठ महापर्व खरना व्रत के साथ शुरू

### अस्ताचलगामी सूर्य को आज दिया जायेगा अर्घ्य



जिला संवाददाता(vol)

शुक्लागंज, उन्नाव। नहाय खाए के साथ शनिवार से छठ महापर्व का शुभारंभ हो गया है दूसरे दिन खरना व्रत निर्जला रखने के बाद व्रती महिलाओं ने घर में शाम को पूजा करके गुड़ की खीर फल और रोटी का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला व्रत को शुरू किया जो मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ व्रत का समापन होगा।

खरना के दिन गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद मिट्टी के चूल्हे पर बनाया जाता है। जिससे प्रसाद के पवित्रता को माना जाता है। खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया है जो 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाएगा। छठ व्रत का आरंभ 25 अक्टूबर से हो चुका है। सोमवार को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और प्रसाद को सुरक्षित अपने घर पर रखा जाएगा उसके बाद दूसरे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन होगा उसके बाद व्रती महिलाएं प्रसाद खाकर व्रत का पारण करेंगी। छठ व्रत करने वाली महिलाएं अपने परिवार की सुख समृद्धि और संतान की लंबी आयु के लिए व्रत करती है।

## दुर्घटना में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को पहुंचाई आर्थिक मदद

पाटन उन्नाव। विधानसभा भगवन्तनगर के सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के बदरका मे 20 अक्टूबर को मार्ग दुर्घटना मे सुभाष पुत्र रामगोपाल का असमय कष्टकारी निधन हो गया था परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने की सूचना ग्रामवासियों द्वारा समाजसेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को दी गयी। सूचना मिलते ही राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह दिवंगत सुभाष के परिजनों सें (माता झब्बो देवी, पत्नी सुमन पुत्री नेहा 13 वर्ष, पुत्र शिवा 10 वर्ष)सें मिलने पहुंचे गाँव पहुंचे हादसे की जानकारी ली व घर की स्थिति दयनीय देखकर पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने स्वर्गीय सुभाष के परिजनों को आर्थिक मदद दी व सांत्वना देते हुए कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाओ अब यही भविष्य है अगर शिक्षा पढ़ाई के क्षेत्र मे कही कोई कमी हो तो हमें अवगत कराये हम पुनः मदद करेंगे परिवार के मुखिया का निधन बहुत ही दुःखद है जिसकी भरपाई जीवनभर नहीं हो सकती है संकट की इस घड़ी मे हम आपके साथ है आर्थिक मदद मिलने पर परिजनों ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को धन्यवाद दिया व भविष्य मे भी ध्यान देने का निवेदन किया। क्षेत्रीय लोगो ने भी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा की गयी मदद की सराहना की है इस मौके पर शिवम, अंकित सिंह, सेनू यादव, जीतेन्द्र पटेल, अनीश यादव, अनिल सिंह, छेददू, रोहित सिंह, प्रखर आदि लोग मौजूद रहे।



## लोकतंत्र सेनानी हुए पंचतत्व में विलीन प्रशासन ने दिया गार्ड आफ ऑनर

हरगांव (सीतापुर) ।तहसील लहरपुर एवं विकासखंड व हरगांव थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी 85 वर्षीय लोकतंत्र सेनानी बीमारी से लड़ते लड़ते अपनी जीवन की जंग हार गए। प्रशासन की मौजूदगी में भारी भीड़ के साथ शनिवार को तिरंगा ओढ़ाकर पुष्प चक्र अर्पित कर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार से पूर्व प्रशासन की तरफ से लहरपुर तहसीलदार ने राष्ट्रीय ध्वज ओढाकर पुष्पचक्र अर्पित किया। शमसान पर पुलिस टुकड़ी ने चौकी कटेसर प्रभारी के नेतृत्व में सलामी दी। मिली जानकारी के अनुसार जिले की तहसील लहरपुर एवं के हरगांव थानान्तर्गत ग्राम मुंद्रासन निवासी 85 वर्षीय लोकतंत्र सेनानी पं.राधेश्याम मिश्र का लंबी बीमारी के चलते इलाज के दौरान शुक्रवार की शाम लगभग साढ़े तीन बजे निधन हो गया। निधन की खबर फैलते ही शासन प्रशासन सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि स्व.मिश्र पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के द्वारा देश में सन 1975 में लगाए गये आपातकाल में गिरफ्तार होकर कुछ माह की जेल की सजा काटकर छूटे थे। स्व. मिश्र ने आतंक व आततायिओं का हमेशा विरोध किया। हमेशा भृष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहे। शनिवार को भारी जन समुदाय के बीच लोकतंत्र सेनानी स्व. राधेश्याम मिश्र का पार्थिव शरीर अग्नि को समर्पित कर दिया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र ने दी। अन्तिम संस्कार से पूर्व शासन प्रशासन के निर्देश पर तहसील लहरपुर के तहसीलदार ने राष्ट्रीय ध्वज ओढ़ाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात पुलिस टुकड़ी ने कटेसर चैकी प्रभारी भारत कुमार के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया।

## स्लिप निर्माण को लेकर किसान यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना जारी



पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के बिहार मौरावां मार्ग पर स्थित देवारा मोड़ के पास गंगा एक्सप्रेसवे अंडरपास पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) द्वारा स्लिप मार्ग निर्माण की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना रविवार को 11वें दिन भी जारी रहा। यह धरना 15 अक्टूबर 2025 को प्रारंभ हुआ था।

किसानों का कहना है कि उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने उस समय मांग पत्र पर कार्यवाही और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था, किंतु अब तक विभागीय स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं की गई ।धरने में शामिल यूनियन के कार्यकर्ता अपनी मांग को लेकर अडिग हैं। उन्होंने दीपावली जैसे बड़े पर्व पर भी परिवार के साथ त्योहार न मनाकर, जनहित में अपने संघर्ष को प्राथमिकता देते हुए उदाहरण प्रस्तुत किया है। धरना स्थल पर रोजाना सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण एकजुट होकर आंदोलन को समर्थन दे रहे हैं ।इस संबंध में धरना प्रदर्शन के आयोजक व संयोजक तथा भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह ने कहा कि जब तक स्लिप मार्ग का निर्माण कार्य शुरू नहीं होता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि शासन-प्रशासन ने समय रहते किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो इसकी नैतिक जिम्मेदारी स्वयं साशन प्रशासन की होगी। वही रविवार को धरना स्थल पर राजेश कुमार, विकास सिंह चौहान, देवतादीन, प्रहलाद, विनोद, पवन कुमार बिंदाप्रसाद, अनिल कुमार, अवनी, पल्लवी, अनिकेत, प्रियांशी, राजकुमारी, अनमोल, अमन, ज्ञानदेवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक डंपर से टकराया एक की मौत, चालक गंभीर

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के गडिया हसनपुर के निकट नेशनल हाईवे पर लखनऊ की ओर से आ रहा एक ट्रक सड़क किनारे खड़े डंपर से जोरदार तरीके से टकरा गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक जमील पुत्र महबूब निवासी महामऊ, सण्डीला (लखनऊ रिफर) ट्रक चला रहा था। वहीं मृतक तौकीम पुत्र चंगा निवासी लखिरियनखेड़ा, सण्डीला, हरदोई ट्रक में ही सवार था। वह भी ट्रक का ड्राइवर ही बताया जा रहा है। बताया जाता है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों व्यक्ति ट्रक के केबिन में बुरी तरह फंस गए। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने तौकीम को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल जमील को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने ट्रक और डंपर को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है ।

# आठ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



जिला संवाददाता

फतेहपुर ।पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना गाजीपुर पुलिस टीम ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 08 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया ।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जनपद में अपराध नियंत्रण तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निष्पादन के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना गाजीपुर के प्रभारी निरीक्षक द्वारा एक टीम गठित की गई, जिसने अभियुक्तों के ठिकानों पर छापेमारी कर सभी को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणकुलदीप सिंह, पुत्र राजेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम कस्बा गाजीपुर – संबंध एनसीआर नंबर 77/17, धारा 323/504 भादवि ।जीतू, पुत्र रामकुमार, निवासी ग्राम चकटौली – संबंध वाद संख्या 8892/17, एनसीआर नंबर 88/16, धारा 323/504 भादवि ।बड़का, पुत्र सुजराम, उम्र लगभग 43 वर्ष – संबंध वाद संख्या 7291/24, एनसीआर नंबर 114/22, धारा 323/504 भादवि ।छैला, पुत्र सुखराम, उम्र 32 वर्ष – संबंध वाद संख्या 7291/24, एनसीआर नंबर 114/22, धारा 323/504 भादवि ।ननका, पुत्र सुखराम, उम्र लगभग 39 वर्ष – संबंध वाद संख्या 7291/24, एनसीआर नंबर 114/22, धारा 323/504 भादवि ।गोरेलाल, पुत्र मिल्लू, उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम साखा – संबंध अपराध संख्या 05/21, धारा 498ए/323/506 भादवि एवं 3/4 डीपी एक्ट ।राजकुमार यादव उर्फ राजू यादव, पुत्र सावल, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम गम्हरी – संबंध अपराध संख्या 45/2001, धारा 25 आर्म्स एक्ट ।रामसिंह, पुत्र सूरजपाल, उम्र 47 वर्ष, निवासी ग्राम अब्दुलगनीपुर संबंध केस संख्या 529/08, धारा 147/323/504/506/406 भादवि ।पुलिस की भूमिका और आगे की कार्रवाईथाना गाजीपुर पुलिस ने बताया कि सभी अभियुक्तों को उनके निवास स्थानों से हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय के आदेशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी ।पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने इस सफल कार्रवाई के लिए थाना गाजीपुर टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियुक्तों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ।उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी वारंटी या वांछित अभियुक्त को बख्शा नहीं जाएगा, ।

## संस्कार भारती ने किया दीपोत्सव व भजन संध्या

सीतापुर। पिसावां विकासखंड के नर्मदेश्वर नगर (मुल्ला भीरी) में संस्कार भारती के तत्वावधान में आयोजित भव्य दीपोत्सव ने क्षेत्र में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक उत्साह का अनुपम माहौल सृजित किया। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के सरोवर को 25,000 दीपकों की रौनक से सजाया गया। जिसने पूरे परिसर को प्रकाशमय कर दिया। इस भव्य आयोजन में लगभग पांच हजार लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और भजन संध्या के माध्यम से भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में लखनऊ की आकाशवाणी की प्रसिद्ध कलाकार सरिता तिवारी, नरेंद्र मृदुल और सीतापुर की आयुषी पांडे ने अपनी मधुर भजनों की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इन कलाकारों की भक्ति भरी स्वर लहरियों ने आयोजन को और भी आलौकिक बना दिया। उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

आमंत्रित मुख्य अतिथि गिरीश द्वारा इस अवसर पर मुल्ला भीरी का नाम बदलकर नर्मदेश्वर नगर करने के प्रस्ताव पर जनसमूह ने तलियों की गड़गड़ाहट के साथ भारी समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि नर्मदेश्वर महादेव मंदिर को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। जिससे क्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने दीपोत्सव की प्रशंसा करते हुए कहा, ह्लयह आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। संस्कार भारती ने इस भव्य दीपोत्सव के माध्यम से मुल्ला भीरी को एक नई पहचान दी है। यह प्रयास हमारी सनातन संस्कृति को जीवंत रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्था के सह महामंत्री मोहित शुक्ला ने कहा कि अगले वर्ष नर्मदेश्वर महादेव के मंदिर परिसर में 51000 हजार दीपक जलाए जाने की योजना है और यह आयोजन आज से हर वर्ष आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कार भारती जिलाध्यक्ष शिवप्रताप जायसवाल ने की तथा संचालन कवि सुनीत बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर प्रांतीय टोली सदस्य साहित्य कला इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव अम्बर, पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, राकेश त्रिपाठी, राहुल मिश्रा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री अजय प्रताप शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्र, अरविंद रस्तोगी रिंकू, सत्यदेव मिश्रा, मुकेश मिश्रा, महंत संतोष दास खाकी, महंत अंजनी महराज, डॉ. मनोज दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र श्रीवास्तव आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सिधौली में महिला से चैन स्नैचिंग राहगीर ने आरोपी को पकड़ा

सिधौली (सीतापुर)। रविवार दोपहर सिधौली कस्बे के बाजार गली में खरीदारी करने आई एक महिला के गले से बदमाश ने सोने की चैन छीन ली और फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों के शोर मचाने पर एक साहसी युवक ने करीब एक किलोमीटर तक दौड़ाकर चैन स्नेचर को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार, कस्बा के मोहल्ला नरोत्तम नगर निवासी नीलम अपनी बेटी के साथ बाजार में खरीदारी करने पहुंची थीं। जैसे ही वह धर्मशाला के पास पहुंचीं, तभी एक साइकिल सवार बदमाश अचानक आया और उनके गले से सोने की चैन झपटकर भाग निकला। महिला के चीखने पर बाजार में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने शोर मचाया और बदमाश का पीछा किया। इसी बीच मोहल्ला सिद्धेश्वर नगर निवासी रमन सोनी पुत्र सुरेश सोनी ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाश को लगभग एक किलोमीटर तक दौड़ाकर पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके की तलाशी कराई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने चैन स्नेचर को पकड़ने वाले युवक रमन सोनी की बहादुरी की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। चेन स्नेचिंग मामले में गिरफ्तार अभियुक्त शब्बीर पुत्र मुन्ना निवासी हुसैनगंज कोतवाली सिधौली को गिरफ्तार कर सिधौली पुलिस ने जेल भेजने की कार्रवाई की है।

## कार की टक्कर में दो बाइक सवार युवक घायल

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हुलासी कुआं तकिया मार्ग पर ऊगू कस्बा के समीप कार सवार ने एक बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया ।जहां डाक्टर ने गंभीर हालत देख दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं कार चालक वाहन छोड़ कर भाग गया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के मिट्ठू खेड़ा गांव निवासी अरविंद (22) पुत्र गंगाराम अपने गांव के ही साथी शोभित (20) के साथ रविवार को बाइक से किसी काम से जा रहा था। बाइक सवार ऊगू कस्बा के तिराहे पर जैसे ही पहुंचे तकिया की ओर से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।

संक्षेप

## हत्या का खुलासा, 5 आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी** ।पुलिस ने निर्मल कश्यप हत्याकांड का खुलासा करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में तीन पुरुष, एक महिला व एक महिला सहअभियुक्ता शामिल हैं।पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तीन डंडे ,ढबके (आलाकत्ल) भी बरामद किए हैं। थाना अमेठी क्षेत्र के टीकरमाफी गांव निवासी धर्मराज ने 23 अक्टूबर को अपने भाई निर्मल की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि पड़ोसी रवि, बहन सतना, उसके दामाद हुबलाल और अन्य साथियों ने लाठी-डंडों से पीटकर निर्मल की हत्या की है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना के आधार पर 26 अक्टूबर को दिवाकर, शिव प्रसाद, वंशराज उर्फ बंटू, अरुण कुमार और सतना को गिरफ्तार किया।

## साहित्यकार अब्दुल बिस्मिल्लाह सम्मानित

**रायबरेली**। त्रिदिवसीय साहित्यिक कार्यक्रम बतरस के अंतिम दिन की शुरुआत दिलीप श्रीवास्तव के स्वागत वक्तव्य से हुई। इसके बाद के संचालन का कार्यभार आराध्य श्रीवास्तव ने संभाला। कार्यक्रम के पहले चरण भविष्योन्मुखी बतरस की शुरूआत हिमांशु शेखर शुक्ल के वंदन गीत से हुई, इसके बाद दीपिका सिंह ने स्वागत भाषण देकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। संचालन का कार्यभार आराध्य श्रीवास्तव ने संभाला।इस सत्र में हिमांशी, शाव्या, साक्षी, संस्कृति, अम्वास्तु, अभिनंदन, प्राणिका, अक्षत, आराध्या, ओजस, अद्विजा, अंश प्रताप, आशु प्रताप, अनन्या, अनामिका, निकिता, आदि ने संगीत-नृत्य, भाषण-कविताओं से मधुर समां बांधा । कार्यक्रम का अंतिम सत्र सृजन संवाद का था जो अब्दुल बिस्मिल्लाह के रचनाकर्म पर केंद्रित था। जिसमें किशन कालजयी, आकांक्षा, इंद्रदेव, शालिनी, रामजी, दिव्यानंद, मृत्युंजय आदि शामिल रहे। वक्ताओं के संबोधन से पहले साहित्यकार अब्दुल बिस्मिल्लाह को बतरस 2025 सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

## हुआ राम-सीता का विवाह निकली राम बारात

**रायबरेली**। खीरों ब्लाक क्षेत्र की श्री दीपमालिके रामलीला कमेटी पाहो द्वारा आयोजित 11 दिवसीय रामलीला के चौथे दिन भगवान राम तथा उनके तीनों भाइयों की भव्य बारात निकाली गई। बारात राजू डीजे के दरवाजे से घोड़ों व रथ के साथ रवाना हुई। बारात में सजाए रथ में भगवान श्रीराम के अनुज भरत और शत्रुघ्न विराजमान हुए।बाद में राम-सीता विवाह की लीला का मंचन हुआ। भगवान राम के साथ भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न का भी विवाह वैदिक मंत्रोचार के बीच संपन्न कराया गया। भगवान राम द्वारा धनुष का खंडन करने के पश्चात सीता के गले में जयमाल डाली गई। उसके बाद राम बारात धूमधाम से निकली गई। महिलाओं ने घरों से निकलकर भगवान के स्वरूपों की आरती उतारी और प्रसाद वितरित किया। राम बारात का भव्य स्वागत अशोक शर्मा के दरवाजे पर अश्वनी शर्मा और राजेश निर्मल ने किया। यहां सभी बारातियों के लिए नाश्ते और भोजन का भी इंतजाम किया गया। विवाह की सभी रस्में पूरी होने के बाद विदाई का अवसर आया।जनक ने बेटी की विदाई के समय गाया गीत तेरे करके हाथ पीले मैंने गंगा नहा लिया, बेटी जिस दिन से तुझे डोली में बैठा दिया।

# अदिति सिंह ने ग्राम सभाओं में सुनीं जनता की समस्याएं

## पीड़ित परिवारों के दु:ख में हुईं शामिल



**रायबरेली**। विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने अपने क्षेत्र की जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाई। उन्होंने विकास खंड राही के अंतर्गत विभिन्न ग्राम सभाओं का दौरा किया, जहां उन्होंने न केवल लोगों की समस्याओं को सुना बल्कि दुख की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ अपनी संवेदनाएं साझा कीं।

अदिति सिंह ने मझरठिया में श्रीरामचंद्र के पुत्र लवकुश, औघड़नाथगंज में कोटेदार और मोहद्दीनपुर में समरजीत के पिता की तेरहवीं में शामिल होकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने परिवारजनों से भेंट कर अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और उन्हें इस दुखद घड़ी में ढांढस बंधाया। इसके अतिरिक्त, विधायक ने मझरठिया में अग्निकांड से प्रभावित सियाराम के पुत्र अमरेश और एक्सना में अग्निपीड़ित राम सजीवन, राम खिलावन और पप्पू से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ितों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

अदिति सिंह ने गुलिहा में सड़क दुर्घटना में घायल सुल्ताना जी के पुत्र सतीश, श्याम जी के पुत्र अजीत, और मोहद्दीनपुर में घायल गजन महाराज तथा घनश्याम के पुत्र रोशन से भी मुलाकात की।उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और उनके परिवारों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सदर विधायक अदिति सिंह ने अपने इस दौरे के दौरान न केवल पीड़ित परिवारों के दुख-दर्द को साझा किया, बल्कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए तत्परता दिखाई। उनके इस प्रयास की स्थानीय लोगों ने सराहना की और इसे जनप्रतिनिधि की सक्रियता और संवेदनशीलता का उदाहरण बताया। अदिति सिंह ने कहा, मेरे लिए मेरे क्षेत्र की जनता मेरा परिवार है। उनके सुख-दुख में शामिल होना मेरा कर्तव्य है। मैं हर संभव प्रयास करूंगी कि मेरे क्षेत्रवासियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। इस दौरे के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं पर भी चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके इस सक्रिय दृष्टिकोण से क्षेत्र में विकास और जनकल्याण के कार्यों को और गति मिलने की उम्मीद है।

# जनता दर्शन में विधायक ने सुनीं समस्याएं

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली**। विधायक अदिति सिंह ने अपने लालूपुर चौहान स्थित आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए तत्परता दिखाई। विधायक ने जनता की अपेक्षाओं और विश्वास को सर्वोपरि मानते हुए प्रत्येक समस्या के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए।

जनता दर्शन में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं, जिनमें सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। अदिति सिंह ने प्रत्येक व्यक्ति की बात को धैर्यपूर्वक सुना और उनकी शिकायतों को दर्ज करते हुए अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के लिए कहा।उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर विधायक ने कहा, जनता का विश्वास और उनकी समस्याओं का समाधान मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। हमारा प्रयास है कि हर नागरिक को उसका हक मिले और क्षेत्र का विकास निर्बाध गति से हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए और इसकी प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए।

**● जनता दर्शन कार्यक्रम में क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से विधायक ने कियाआत्मीय संवाद, अधिकारियों को दिये त्वरित समाधान के निर्देश**

जनता दर्शन में आए लोगों ने विधायक की इस पहल की सराहना की और उनके आत्मीय व्यवहार और त्वरित कार्रवाई के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम ने न केवल जनता और जनप्रतिनिधि के बीच संवाद को मजबूत किया, बल्कि क्षेत्र में विकास और समस्याओं के समाधान के प्रति विधायक अदिति सिंह की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया।

# जिला स्तरीय कबड्डी सीनियर महिला ट्रायल संपन्न



**सुलतानपुर (वीओएल)**। जिला कबड्डी एसो. सुलतानपुर के तत्वाधान में जनपद स्तरीय सीनियर महिला वर्ग का ट्रायल रामेश्वर दास इंटर कॉलेज खेल प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम शुभारंभ आरबी पांडेय पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी ने किया इन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को कभी हार से निराश नहीं होना चाहिए बल्कि बढ़-चढ़कर किए गए। अभ्यास से मुकाबला करना चाहिए खिलाड़ियों को आश्वासन देते हुए हर संभव मदद करने की बात कही ट्रायल में पर्यवेक्षक हीरालाल यादव की देखरेख में ट्रायल संपन्न हुआ जिसमें महिला कबड्डी खिलाड़ियों में कुल- 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया। तीन दिवसीय कैंप के उपरांत अंतिम 14 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव महेश कुमार ने बताया कि ये सभी महिला कबड्डी खिलाड़ी एक से दो नवम्बर 2025 को जनपद प्रयागराज में होने वाले राज्य स्तरीय जोन डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। चयन समिति में ओम प्रकाश पाल, धर्मेन्द्र कुमार, निर्णायक की भूमिका में उमेश यादव, राकेश कुमार, अवधेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## छठ पूजा पर लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सुलतानपुर (वीओएल)**। सेवा भारती के तत्वाधान में छठ पूजा उत्सव के अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। विभाग महामंत्री डॉ. सुनील त्रिपाठी ने बताया कि यह शिविर सोमवार की शाम साढ़े पांच से सात बजे तक तो मंगलवार की भोर चार से सुबह नौ बजे तक आयोजित होगा। शिविर में श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही अर्घ्य हेतु कच्चा दूध और श्रद्धालुओं के ऊजार्वान रहने के लिए नींबू चाय का निःशुल्क वितरण भी किया जाएगा।

## राम वनगमन देख दर्शक भावविभोर

**सूरापुर, सुलतानपुर (वीओएल)**। भवानीपुर के पुरानी बाजार स्थित श्री हनुमत रामलीला समिति द्वारा चल रही रामलीला में शनिवार की रात राम बनगमन का हृदयस्पर्शी मंचन किया गया। लीला के दौरान पात्रों के संवाद और अभिनय ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। मंचन में राजा दशरथ और कैकेई संवाद, कैकेई-मंथरा संवाद, तथा राम बनगमन जैसे भावनात्मक प्रसंगों का सजीव चित्रण किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को अयोध्या नगरी की वेदना का अनुभव करा दिया। लीला में राम की भूमिका शिवा, लक्ष्मण के रूप में प्रांशु, सीता के रूप में अंश, कैकेई की भूमिका रामजी, सुमंत की भूमिका शिवम् और जयकृष्ण पांडेय, राजा दशरथ के रूप में गोविन्द, गुरु वशिष्ठ के रूप में बालकृष्ण, पुरवाशी के रूप में भोला, तथा मंथरा के रूप में पिंटू ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश अग्रहरि किया और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया प्रेम प्रकाश जायसवाल आए हुए अतिथियों का सम्मान किया।

## लिंक पर क्लिक करते ही खाते से उड़ गये 75 हजार

**सुलतानपुर (वीओएल)**।साइबर ठग नित नए तरीकों से लोगों को साइबर ठगी का शिकार बना रहे हैं। वहीं साइबर पुलिस साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है।जिसके चलते साइबर अपराधियों के हौंसले बुलंद हैं। कार्रवाई न होने से साइबर अपराधी नए तरीकों से साइबर ठगी को अंजाम दे रहे हैं।जन जागरूकता के बावजूद भी लोग साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं। नगर कोतवाली क्षेत्र के नारायनपुर निवासी अजय कुमार सिंह ने साइबर थाने पर तहरीर दी है।उसने बताया कि उसे एक अनजान नंबर से फोन आया फोन करने वाले ने कहा कि आपको पेटीएम की तरफ से कैश बैक मिला है। आपके मोबाइल पर एक लिंक गया हुआ है। अगर आपको कैश बैक लेना हो तो लिंक को क्लिक कर पैसा अपने खाते में ट्रान्सफर कर लीजिए। अजय ने बताया कि जैसे ही उसने लिंक को क्लिक किया तभी उनके खाते से 75 हजार रुपए निकल गए, जिसकी शिकायत उसने साइबर हेल्पलाइन नंबर पर की है।साइबर थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## मानस सम्मेलन में जगद्गुरु ने दिया चरित्र निर्माण का संदेश



**हरचंदपुर, रायबरेली**। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने नर रूप में उच्च आदर्शों की स्थापना कर समाज को सदमार्ग पर चलने का रास्ता दिखाया। वनवास के दौरान राक्षसी प्रवृत्तियों का नाश कर उन्होंने समाज के हर वर्ग को अपने हृदय से लगाया। लंका विजय के पश्चात 14 वर्ष बाद अयोध्या लौटने पर भगवान राम सबसे पहले माता कैकेई के भवन में प्रवेश करते हैं, जो उनके आदर्श चरित्र को दशार्ता है।यह अमृतमयी उद्गार चित्रकूट धाम से पधारे जगदगुरु रामानंदाचार्य, कामदगिरि पीठाधीश्वर स्वामी श्री रामस्वरूपाचार्य जी ने हरचंदपुर के जनपद इंटर कॉलेज में शिव परिवार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मानस सम्मेलन के समापन पर व्यक्त किए। जगदगुरु ने रामचरितमानस के प्रसंगों के माध्यम से बताया कि गुरु वशिष्ठ जी ने भगवान राम से कहा, मुहूर्त निकल जाएगा, जल्दी सिंहासन पर बैठो। इस पर राम ने जवाब दिया, मुहूर्त फिर आ जाएगा, लेकिन यदि रूठी मां जीवन से चली गई तो वह कभी नहीं लौटेगी। यह कहकर राम ने परिवार में सामंजस्य स्थापित करते हुए अपनी तीनों माताओं को साथ लेकर चले। गुरु वशिष्ठ जी द्वारा प्रथम तिलक और भरत की छत्रछाया में रामराज्य की स्थापना हुई, जो उनके आदर्श चरित्र का प्रतीक है।

स्वामी रामस्वरूपाचार्य ने कहा कि बिना चरित्र निर्माण के जीवन में कुछ भी हासिल नहीं हो सकता। आज लोग घर, सड़क आदि का निर्माण तो करते हैं, लेकिन चारित्रिक मूल्यों का पतन हो रहा है। उन्होंने आधुनिक समाज की कमियों पर प्रहार करते हुए कहा कि आज के बेटे अपने वृद्ध माता-पिता की सेवा करने के बजाय उन्हें बेसहारा छोड़ देते हैं। ऐसे लोगों के लिए चित्रकूट धाम में भगवान कामतानाथ का दरबार निस्वार्थ भाव से खुला है, जहां वे प्रेरणा प्राप्त कर सकते हैं। सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय मानस वक्ता आस्था दुबे (जबलपुर, मप्र), मानस आलोक राघव किंकर जी (कानपुर), मानस मां मार्तंड अनूप शास्त्री (कामदगिरि पीठ, चित्रकूट), मंच संचालक डॉ. अंबिकेश त्रिपाठी (प्रतापगढ़), पंडित गौरी शंकर शुक्ल, और संजय सिंह ने भगवान राम के पावन नाम और दिव्य भाव कथा से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। वाद्य यंत्रों पर राम जी तिवारी और उदय प्रताप सिंह ने संगत दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक राकेश सिंह, बार एसो. के अध्यक्ष राकेश तिवारी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह, प्रधान प्रतिनिधि छोटे चौधरी, शैलेंद्र सिंह, आचार्य अशोक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## चंद्र प्रताप बने ईंट उद्यमी कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)**।ईंट उद्यमी कल्याण समिति सुलतानपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक आज रामायण लान में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता उप्र ईंट निमार्ता समिति के प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह ने की, जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीराम वर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में जिले के सैकड़ों भट्ठा स्वामी और उद्योग से जुड़े अग्रणी उद्यमी मौजूद रहे। बैठक में संगठनात्मक पुनर्गठन किया गया, जिसके तहत पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। यह पद पूर्व जिलाध्यक्ष कैप्टन डीएनजी के अतिवयजन्य कारणों से रिक्त हुआ था। अन्य पदों पर हाजी दाऊद (उपाध्यक्ष), ओंकार सिंह हलियापुर (महामंत्री), और अनूप सिंह (कोषाध्यक्ष) को उनके वर्तमान दायित्वों पर यथावत बनाए रखने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान भट्ठा उद्योग से संबंधित उपकरणों बेल्चा, कांटा, पथाई मशीन से लेकर टिपर डंपर तक की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने प्रतिभागियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित भट्ठा स्वामियों ने तालुकराजी ग्रुप द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या में बिरहा गायन का आनंद लिया। इस मौके पर अतुल कुमार सिंह, श्रीराम वर्मा, हाजी दाऊद, ओंकार सिंह, शिवमोहन सिंह मुन्ना, आशीष सिंह, जितेंद्र सिंह, मुदित सिंह, पवन सिंह, सूरज सिंह, शिवम सिंह, शिवबहादुर सिंह, सोनू जायसवाल, अजय जायसवाल, जवाहरलाल यादव, हाजी इस्लामुद्दीन, हाजी उमैर अहमद, अभिनव श्रीवास्तव, तारक नाथ मिश्रा, रामचंद्र वर्मा, श्रीराम वर्मा सहित जिले के अन्य भट्ठा स्वामी मौजूद रहे।

# नपा की लापरवाही से सड़क किनारे जमा है सीवर

**रायबरेली**। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिला प्रशासन के तमाम दावों को नगर पालिका परिषद के अधिकारी पलीता लगा रहे हैं।रायबरेली शहर में डिग्री कॉलेज से विकास भवन और कलेक्ट्रेट को जाने वाली प्रमुख सड़क पर कॉलेज के गेट नंबर दो के ठीक सामने, स्थित पेट्रोल पंप के पास, महीनों से सीवर का बदबूदार पानी जमा है। यह गंदा पानी न केवल राहगीरों के लिए मुसीबत बना हुआ है, बल्कि नगर पालिका की लापरवाही को भी उजागर कर रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बदबूदार पानी के कारण सड़क से गुजरना दूभर हो गया है, और मजबूरी में उन्हें इस गंदगी से होकर निकलना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि न केवल सड़क किनारे सीवर का पानी जमा है, बल्कि डिग्री कॉलेज के गेट नंबर दो के सामने वाली इंटरलॉकिंग सड़क पर भी गंदगी का ढेर लगा हुआ है।इस रास्ते पर इतनी गंदगी फैली है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।स्थानीय निवासियों और छात्रों का कहना है कि नगर पालिका के अधिकारी इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है।गंदगी और बदबू के कारण इस क्षेत्र में मच्छरों और बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है, जो स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों के विपरीत है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका परिषद को इस समस्या की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। सड़क किनारे जमा गंदा पानी और इंटरलॉकिंग रास्ते पर फैली गंदगी न केवल आम जनता के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है, बल्कि यह क्षेत्र के शैक्षिक संस्थानों और प्रशासनिक भवनों के पास होने के कारण शहर की छवि को भी धूमिल कर रही है।राहगीरों का कहना है कि इसी रास्ते से नगर पालिका के अधिकारी समेत अन्य कई अधिकारी विकास भवन आते जाते हैं फिर भी मौन साधे हुए हैं और समस्या का समाधान करने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे।

**● डिग्री कॉलेज के सामने पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे महीनों से जमा सीवर का बदबूदार पानी राहगीर परेशान**

स्थानीय निवासियों और छात्रों ने नगर पालिका परिषद से मांग की है कि इस समस्या का तत्काल समाधान किया जाए।लोगों ने सुझाव दिया है कि सीवर लाइन की उचित सफाई और रखरखाव के साथ-साथ नियमित निरीक्षण किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। इसके अलावा, इंटरलॉकिंग रास्ते की गंदगी को हटाने और सड़क की सफाई के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की जरूरत है। डिग्री कॉलेज के सामने सड़क किनारे जमा सीवर का पानी और गंदगी शहर के प्रशासनिक और शैक्षिक महत्व के क्षेत्र में नगर पालिका की लापरवाही को दशार्ता है।यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह न केवल जनता के स्वास्थ्य के लिए खतरा बनेगा, बल्कि स्वच्छ भारत मिशन जैसे राष्ट्रीय अभियानों की साख पर भी सवाल उठाएगा।नगर पालिका को चाहिए कि वह तत्काल कार्रवाई कर इस क्षेत्र को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए।

# सरदार पटेल की शोभा यात्रा का किया गया भव्य स्वागत

**बछरावां, रायबरेली**।फतेहपुर से सरदार वल्लभभाई पटेल फाउंडेशन के तत्वाधान में सरदार वल्लभ भाई पटेल की भव्य एवं अलौकिक शोभायात्रा राजेश सिंह के नेतृत्व में फतेहपुर से होते हुए लखनऊ विधानसभा तक निकाली गई।जिसमें हजारों की संख्या में सरदार वल्लभभाई पटेल के समर्थक शामिल रहे।इस शोभा यात्रा का मार्ग में जगह-जगह पर स्वागत किया गया। इसी क्रम में बछरावां बाईपास चुरुवा मंदिर के पास भी शोभा यात्रा का माल्यार्पण



के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।जिसमें सभी लोगों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के सिद्धांतों पर चलने के लिए संकल्प लिया और सरदार वल्लभभाई पटेल को अपने आदर्श के रूप में स्वीकार किया।चुरुवा मंदिर के पास इस शोभा यात्रा का भव्य स्वागत न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू महाराजगंज के प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने माल्यार्पण एवं जयनाद के द्वारा किया तथा सहयोगी के रूप में प्रदीप कुमार, कुलदीप, दुर्गा शंकर चैधरी, प्रेमकांत, प्रशांत बाजपेई, नितिन शुक्ला, राजा जायसवाल समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सलाहपुर में हाईकोर्ट के आदेश पर हुई विवादित चक मार्ग की पैमाइश



**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)**। इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ खंडपीठ के आदेश के अनुपालन में रविवार को तहसील लंभुआ के ग्राम सलाहपुर में विवादित चक मार्ग की पैमाइश की गई।यह कार्रवाई राज देव बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य (रिट-सी संख्या 9870/2025) मामले के तहत की गई।याचिकाकर्ता राज देव का आरोप था कि ग्राम प्रधान एवं कुछ अन्य लोग उनकी निजी भूमि पर चक मार्ग के नाम पर सीसी रोड निर्माण करा रहे हैं। इस पर न्यायालय ने 13 अक्टूबर को जिला मजिस्ट्रेट, सुल्तानपुर को मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में नायब तहसीलदार अभय राजपाल, तहसीलदार प्रांजल तिवारी, ग्राम सचिव रमेश यादव, राजस्व निरीक्षक बलराम सिंह, लेखपाल सहित प्रशासनिक टीम रविवार को गांव पहुंची।टीम ने ग्रामीणों की मौजूदगी में विवादित चक मार्ग की पैमाइश की और दोनों पक्षों की बात सुनी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार पैमाइश की रिपोर्ट जिला प्रशासन द्वारा शपथपत्र सहित 30 अक्टूबर को उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की जाएगी।ग्रामीणों का कहना है कि इस कार्रवाई से वर्षों से चल रहा भूमि विवाद सुलझने की उम्मीद जगी है।

## सीताराम नाम संकीर्तन में श्रोता हुए मंत्र मुग्ध



**अमेठी**।टिकरी गांव में चल रहे सीताराम नाम संकीर्तन एवं रासलीला में क्षेत्र के लोगों की बड़ी संख्या में मौजूदगी हो रही है।कथा सुन श्रोता मंत्र मुग्ध हो रहे हैं।रविवार को टिकरी गांव में चल रहे सीताराम नाम संकीर्तन में कथा वाचक बाबा जगन्नाथ दास जी महाराज ने कथा में बाल रूप भगवान राम की शिक्षा के बारे में बताते हुए कहा कि ₹गुरु गृह पढ़न गए रघुराई, अल्प काल विद्या सब पाई₹ । भगवान राम ने बहुत कम समय में ही सारी विद्याएं सीखकर निपुण हो गए।कथा वाचक ने बताया कि विद्या ग्रहण करने के दौरान ही भगवान राम ने गुरु विश्वामित्र की आज्ञा लेकर अनेकों राक्षसों का विनाश कर दिया।यज्ञ में बाधा डालने वाले राक्षसों से पूरा वन सुरक्षित हो गया।कथा सुन श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए।वृन्दावन से आए कलाकारों द्वारा रात में चल रही रासलीला को भी लोग देख रहे हैं। आयोजक मंडल ने बताया कि क्षेत्र के लोगों में इस धार्मिक कार्य को लेकर उत्साह है।इस मौके पर कमलेश सिंह, नरेंद्र सिंह,हरिकेश सिंह , रोहित, रब्लू, दिनेश सिंह, पूर्व प्रधान साधू सिंह, प्रमोद सिंह, आनंद भवन,बृजलाल, रंजीत तिवारी के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

# संस्कारवान,गुणवान पीढ़ी के लिए शिविर संपन्न

**भेंटुआ,अमेठी**।मानव जीवन की सफलता इसी में है कि वह अपने से अधिक श्रेष्ठ ,संस्कारवान और गुणवान पीढ़ी का निर्माण करें तभी आज से और बेहतर दुनिया की संरचना हो सकेगी और हमारी संतानों का भविष्य उज्जवल बन सकेगा।उक्त उक्त बातें नौगिरवा स्थित प्रांगड़ में आयोजित संस्कार शिविर में यज्ञ आचार्य पंडित सुभाष चंद्र द्विवेदी ने गर्भोत्सव संस्कार सम्पन्न कराते हुए बताया। मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

रविवार को गायत्री परिवार अमेठी के तत्वावधान में संस्कार शिविर का आयोजन किया गया।संस्कार शिविर में आत्म विकास ,राष्ट्र विकास समेत अनेकों बाते की गई। संस्कार शिविर में मौजूद भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक राधेश्याम तिवारी ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला शिशु ईश्वर का



स्वरूप है ,ईश्वर का वरदान है जो निकट भविष्य में परिवार के सुख सौभाग्य, यश कीर्ति का माध्यम बनेगा ।सभी को अपने धर्म और परिवार की आस्था के अनुसार अपने इष्ट देवों ,कुल देवों का स्मरण कर उनकी साक्षी में गर्भ के स्वागत सत्कार स्वरूप गर्भोत्सव मनाया जाना चाहिए।इसे गर्भ संस्कार ,पुंसवन, सीमान्तोनयन संस्कार के नाम से भी जाना जाता है जो कि गर्भधारण के तीसरे या सातवें माह में किया जाता है। प्रत्येक माता-पिता की हार्दिक इच्छा रहती है कि उसकी संतान बहुत सुंदर संस्कारवान बुद्धिमान और स्वस्थ हो इसके लिए गर्भ में ही शिशु का पोषण कर उसके शरीर और शरीर को चलने वाली अंतश्चेतना का विकास किया जाना अवश्यंभावी है। गर्भावस्था में शिशु का शारीरिक मानसिक व आध्यात्मिक विकास कर उसे मन चाहे सांचे में डाला जा सकता है। हमारे घर में भी राम,कृष्ण, भक्त प्रहलाद ,शिवाजी विवेकानंद ,गांधी ,अब्दुल कलाम जैसी प्रतिभाशाली दिव्य संताने जन्म ले सकती हैं। पर इसके लिए माता-पिता और परिवार को प्रयास करने की आवश्यकता है।इसी के साथ जन्म दिवस, विद्यारम्भ संस्कार सम्पन्न हुए।इसी स्थल पर सम्पन्न हुई जनपदीय कार्यकर्ता गोष्ठी में निर्णय लिया गया कि वन्दनीया माता जी की जन्म शताब्दी वर्ष २०२६ में शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अमेठी में नारी जागरण हेतु एक नारी उत्कर्ष का विशद कार्यक्रम महिला टोली द्वारा सम्पन्न कराया जाय। इस अवसर पर डॉ. त्रिवेणी सिंह, राधेश्याम त्रिपाठी,गया प्रसाद तिवारी, गिरीश चन्द्र पाण्डेय, शिव शरण शुक्ला,डा धर्मेन्द्र कु तिवारी ,डा प्रवीण सिंह, सरिता सिंह,संगीता द्विवेदी, कैलाश नाथ सिंह, अशोक मिश्रा,सुरेश सिंह गीता, कृष्णा, जूली सिंह, रामकली, शिवकुमारी, कंचन, विद्यावती,मंजू सिंह उपस्थित रहे।

## पूनम ने संजय तो अंशू ने मनोज को किया चित



**सुलतानपुर (वीओएल)**। भदैयां ब्लॉक के मिश्रपुर पुरैना में रविवार को राष्ट्रीय विराट दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर के कई पहलवानों ने हिस्सा लिया। कॉमनवेल्थ गेम विजेता हरियाणा हिसार की पूनम फोगाट ने संजय पहलवान चित्रकूट को हरा दिया। हरियाणा की अंशु मलिक ने चित्रकूट के मनोज पहलवान को हरा विजेता रही। मथुरा के राहुल और गाजियाबाद के लालू के बीच आठ मिनट की कुश्ती लड़ी गई जो बराबरी पर छूटी. महाराष्ट्र की मनीषा नें सतना के राजेश को पटखनी दी। सोनू हरियाणा ने सोनू कानपुर को हराया. बब्लू हाथरस को सुरेंद्र दिल्ली ने चित किया। कृष्णा दिल्ली ने लालू गाजियाबाद को परास्त किया। वाराणसी के राजन व कृष्णा दिल्ली की कुश्ती बराबरी पर छूटी। आखिरी कुश्ती रोहित हरियाणा और रितेश यूपी के बीच फ्री स्टाइल लड़ी गई, जिसमें हरियाणा के रोहित विजयी रहे। इन्हे विजेता कप व 30 हजार नकद का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा देश के कई राज्यों से महिला व पुरुष पहलवानो ने भाग लिया। कॉमेंटेटर के रूप में राष्ट्रीय पहलवान रमजान नें बेहतरीन भूमिका निभाई। मैच रेफरी यशवंत सिंह रहे कार्यक्रम आयोजक मिश्रपुर पुरैना प्रधान प्रतिनिधि राम जियावन विश्वकर्मा, अध्यक्ष बद्री प्रसाद दुबे व अन्य मानिंद व्यक्तियों द्वारा पहलवानो को उचित इनाम दिया गया।

# नयी विश्व व्यवस्था में यूनएनओ की भूमिका





मनोज बाजपेयी

विमर्श

द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद 24 अक्टूबर 1945 को जब संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन हुआ, तो शुरुआत में उसके कुल 51 राष्ट्र सदस्य थे। इसमें यूएसए, यूके, चीन, यूएसएसआर और फ्रांस सहित कुल पांच देश यूएनएससी के स्थायी सदस्य बने थे और 46 अन्य देश संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य बने। इस तरह मूल रूप से 51 सदस्य देशों के साथ संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। संयुक्त राष्ट्र संघ का उद्देश्य राष्ट्रों के मध्य युद्ध को रोकना और दुनिया में शांति स्थापित करना था। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना को 80 वर्ष पूरे हो गये। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के बाद से अब तक विश्व युद्ध तो नहीं हुआ लेकिन शायद ही ऐसा कोई समय आया हो जब दुनिया युद्ध से पूरी तरह मुक्त रही हो। आज भी रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है। गाजा में थोपे गये सीज फायर के बावजूद समय-समय पर बम-बारूद चलते रहते हैं। कुल मिलाकर युद्ध रोकने के अपने उद्देश्य में सुयक्त राष्ट्र संघ बहुत प्रभावी साबित नहीं हुआ है। संयुक्त राष्ट्र संघ लीग आफ नेशंस के विफल होने पर बना था लेकिन यह संस्था भी अब उसी राह पर आगे बढ़ रही है।

24 अक्टूबर 1945 में जब द्वितीय विश्व युद्ध की राख से संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) का जन्म हुआ, तो इसके चार्टर में एक ही सपना बुना गया था, विश्व शांति, सहयोग और समानता का ऐसा ताना-बाना, जो आने वाली पीढ़ियों को युद्ध की भयावहता से बचाये। परंतु आज, जब यह संस्था अपने 81वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, तो उसके मूल उद्देश्य और मौजूदा स्वरूप के बीच गहरी खाई दिखाई देती है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 सितंबर 2020 को संयुक्त राष्ट्र के 75वें अधिवेशन में जिस दृढ़ता से इस संस्था में व्यापक सुधार की मांग उठाई थी, वह केवल भारत की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की आवाज थी। उनका सवाल था, आखिर भारत जैसे देश को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए और कब तक इंतजार करना होगा? आखिर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, सबसे अधिक आबादी, तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और चौड़ी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति भारत को कब तक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए इंतजार करना पड़ेगा? भारत, जो दुनिया की पहली सबसे बड़ी आबादी और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है, जिसने शांति, विकास और मानवता के क्षेत्र में अनगिनत योगदान दिए हैं, आज भी सुरक्षा परिषद के निर्णायक मंडल से बाहर है। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र के पांच स्थायी सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन, वीटो शक्ति के बल पर आज भी पूरी संस्था के निर्णयों को अपनी इच्छा अनुसार नियंत्रित करते हैं। परिणामस्वरूप, चाहे रूस-यूक्रेन का युद्ध हो, गाजा का संकट हो या म्यांमार की स्थिति, संयुक्त राष्ट्र अक्सर असहाय और निष्क्रिय दिखाई देता है। इस वीटो व्यवस्था ने लोकतांत्रिक बहुमत की अवधारणा को कमजोर किया है, क्योंकि एक देश का वीटो विश्व की सामूहिक इच्छा पर भारी पड़ जाता है।

> संयुक्त राष्ट्र अपनी 81वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह अवसर केवल उत्सव का नहीं, आत्ममंथन का भी है। विश्व अब बहुध्रुवीय हो चुका है। ऐसे में यूएन को भी सबकी आवाज बनना होगा। यदि यह संस्था समय के अनुरूप खुद को ढालने में असफल रही है, तो इसका भी निष्प्रभावी होना तय है।

इसलिए विश्व के कई प्रमुख देशों की मांग है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में विकासशील और कम विकसित देशों को अधिक प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। स्थायी सदस्यों को भी एक निश्चित अवधि पूरी होने के बाद बदल दिया जाना चाहिए। भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान ने मिलकर जी-4 समूह बनाकर इस व्यवस्था में बदलाव की मांग की है। भारत का तर्क स्पष्ट है, जब संयुक्त राष्ट्र के निर्णय सभी देशों को प्रभावित करते हैं, तो प्रतिनिधित्व भी सभी को मिलना चाहिए। भारत न केवल एशिया का बल्कि विश्व का प्रामाणिक प्रतिनिधि है, जिसने विकास, जलवायु, न्याय, गरीबी उन्मूलन और शांति स्थापना के लिए ठोस प्रयास किए हैं। शांति अभियानों की बात करें तो भारत का योगदान काफी अहम है। 1950 के दशक से अब तक भारत ने 50 से अधिक यूएन मिशनों में 2.9 लाख से अधिक सैनिक भेजे हैं। आज भी भारत के लगभग सात हजार से अधिक सैनिक और पुलिसकर्मी विभिन्न विश्व शांति अभियानों में कार्यरत हैं। भारत ने 82 देशों के आठ सौ से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया है। यह योगदान केवल सैन्य नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टि से भी असाधारण है, जो यह साबित करता है कि भारत विश्व शांति में आस्था रखता है, न कि प्रभुत्व में। परंतु दुखद यह है कि ऐसी प्रतिबद्धता के बावजूद भारत को निर्णयकारी मंच से दूर रखा गया है। संयुक्त राष्ट्र की वर्तमान स्थिति यह दर्शाती है कि सुधार की दिशा में ठोस कदम न उठाने पर यह संस्था धीरे-धीरे अपनी प्रासंगिकता खो देगी।

दुनिया बदल चुकी है, अब संघर्ष केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहे, बल्कि व्यापार, जलवायु परिवर्तन, महामारी, साइबर अपराध, आतंकवाद और प्रवासन जैसी नई चुनौतियों ने वैश्विक व्यवस्था को जटिल बना दिया है। इन चुनौतियों के समाधान के लिए 1945 की सोच नहीं, बल्कि 21वीं सदी की समावेशी दृष्टि की आवश्यकता है। इसी तरह आतंकवाद के प्रश्न पर भी संयुक्त राष्ट्र असफल रहा है। 1996 में भारत ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक संधि का प्रस्ताव रखा था, परंतु 29 वर्षों बाद भी यह प्रस्ताव अधर में है, क्योंकि सदस्य देश आज तक आतंकवाद की परिभाषा पर सहमत नहीं हो पाए। भारत चाहता है कि जो देश शांति स्थापना, मानवीय सहायता और विकास में वास्तविक योगदान दे रहे हैं, उन्हें निर्णय प्रक्रिया में अधिक प्रतिनिधित्व मिले। भारत जैसे देश, जो जी-20 और ब्रिक्स जैसे मंचों पर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, वे इस समावेशी वैश्विक नेतृत्व को आकार देने में सक्षम हैं। नरसंहार, युद्ध अपराध या मानवता के विरुद्ध अपराधों के मामलों में वीटो के उपयोग पर भी सीमा लगाई जानी चाहिए, ताकि न्याय की राह किसी एक देश की राजनीतिक इच्छा पर निर्भर न रहे। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र की जवाबदेही और पारदर्शिता के लिए उसके कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा और स्वतंत्र लेखा परीक्षण आवश्यक है। भारत की भूमिका केवल सुधार की मांग तक सीमित नहीं, बल्कि यह नेतृत्वकारी भूमिका निभाने को भी तैयार है।

योग दिवस, जलवायु न्याय, वसुधैव कुटुंबकम् की भावना और मानव कल्याण पर आधारित भारत की विदेश नीति यह दिखाती है कि भारत शक्ति संतुलन नहीं, बल्कि संतुलित शक्ति का प्रतीक बनना चाहता है। यूएनओ के अस्सी वर्ष पूरे होने का यह अवसर केवल उत्सव का नहीं, आत्ममंथन का भी है। विश्व अब बहुध्रुवीय हो चुका है। ऐसे में यूएन को भी समावेशी बनना होगा। यदि यह संस्था समय के अनुरूप खुद को ढालने में असफल रहती है, तो नई क्षेत्रीय व्यवस्थाएं, जैसे जी-20, ब्रिक्स और अफ्रीकी संघ, धीरे-धीरे इसकी भूमिका को ग्रहण कर लेंगे। अतः अब समय आ गया है कि संयुक्त राष्ट्र अपने चार्टर के मूल उद्देश्य, 'हम लोग युद्ध से आने वाली भावी पीढ़ियों को बचाना चाहते हैं', को फिर से व्यवहार में उतारे और यह तभी संभव है जब भारत जैसे देशों को निर्णायक भूमिका देकर इस संस्था को समावेशी, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जाये। यही वह दिशा है, जो 21वीं सदी में संयुक्त राष्ट्र को फिर से शांति और मानवता की आशा का प्रतीक बना सकती है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

# समावेशी हो श्रम नीति

राष्ट्र की श्रम नीति ऐसी होनी चाहिए जो उभरते श्रम बाजार को, नये अवसरों के विकास को और श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को समर्पित हो। इस संदर्भ में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की 'मसौदा राष्ट्रीय श्रम नीति' यानी श्रम शक्ति नीति सही इरादों वाली प्रतीत होती है। इसका लक्ष्य एक निष्पक्ष, समावेशी और भविष्य की दृष्टि से तैयार व्यवस्था बनाने की है जहां हर श्रमिक फिर चाहे वह औपचारिक क्षेत्र का हो, असंगठित क्षेत्र का या गिग वर्कर, उसकी गरिमा का ध्यान रखा जा सके और उसे जरूरी संरक्षण और अवसर प्रदान किए जा सकें। श्रम मंत्रालय की भूमिका को 'रोजगार को बढ़ावा देने वाले' के रूप में पुनर्परिभाषित किया गया है। इसके तहत डिजिटल साधन और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस यानी एआई की मदद से श्रमिकों और नियोक्ताओं से संपर्क करना और संस्थानों को अबाध प्रशिक्षण मुहैया कराना शामिल है। इसमें इस बात को भी स्वीकार किया गया है कि भारत का श्रम बाजार ढांचागत बदलाव से गुजर रहा है और यह बदलाव डिजिटलीकरण, हरित




बदलाव और गिग वर्क तथा प्लेटफॉर्म वर्क जैसे नए तरह के कामों की बदौलत आया है। इतना ही नहीं राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) का विस्तार रोजगार के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक अधोसंरचना के रूप में करने की कोशिश भी यह दिखाती है कि एक डेटा आधारित और श्रमिक केंद्रित नीति बनाने का प्रयास है ताकि सूचना की विसंगति की खाई को पाटा जा सके। श्रम बाजार में बदलावों की बात करें तो विश्व बैंक द्वारा जारी साउथ एशिया डेवलपमेंट अपडेट (अक्टूबर, 2025) इस बात की एक जटिल तस्वीर पेश करती है कि कैसे एआई देश के श्रम परिदृश्य को बदल रही है। स्वचालन के कारण रोजगारों को क्षति पहुंचने की आशंका जहां सार्वजनिक बहस के केंद्र में है वहीं रिपोर्ट कहती है कि एआई का प्रभाव असमान हो सकता है। इससे उत्पादकता वृद्धि के अवसर भी मिल सकते हैं और समावेशन में चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं। हालांकि दक्षिण एशिया में केवल 7 फीसदी नौकरियां ऐसी हैं जिन्हें स्वचालन के कारण बहुत अधिक जोखिम है। बहरहाल, 15 फीसदी नौकरियां ऐसी हैं जहां इंसान और तकनीक साथ मिलकर उत्पादकता में सुधार कर सकते हैं। एआई से संबंधित नौकरियों में अन्य दफ्तरी नौकरियों की तुलना में वेतन करीब 30 फीसदी अधिक है। भारतीय कंपनियां अब बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग से नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग की ओर बढ़ रही हैं। इससे उच्च कौशल वाली नौकरियों के अवसर तो बन रहे हैं लेकिन शुरूआती स्तर की नौकरियों की उपलब्धता में कमी आ रही है। इस बदलाव का लाभ उठाने के लिए श्रम शक्ति नीति का मसौदा कई हस्तक्षेपों का सुझाव देता है ताकि कौशल और अवसरों के बीच की खाई को पाटा जा सके। इसके लिए लक्षित कौशल और पुनर्कौशल कार्यक्रमों की आवश्यकता है। खासतौर पर कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा करना जरूरी है। प्रशिक्षण की आपूर्ति को श्रम की मांग से जोड़ा जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, मसौदा नीति एआई-सक्षम नौकरी मिलान, डिजिटल प्रमाणन, और युवाओं व महिलाओं के लिए उद्यमिता सहयोग को भी बढ़ावा देती है। इस संदर्भ में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा तीन से ही स्कूल पाठ्यक्रम में एआई को शामिल करने की योजना बना रहा है। साथ ही, विभिन्न विषयों में स्नातक कार्यक्रमों में एआई और डेटा विज्ञान को एकीकृत करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि एआई के लिए तैयार कार्यबल का सृजन किया जा सके। मसौदा रिपोर्ट में सार्वभौमिक और पोर्टेबल सामाजिक सुरक्षा, सूक्ष्म, लघु और मझोले उपक्रमों के लिए सरलीकृत अनुपालन तथा पर्यावरण के अनुकूल तथा तकनीक सक्षम बदलावों का समर्थन आदि शामिल है। कुल मिलाकर ये उपाय एक दूरदर्शी ढांचा पेश करते हैं। इसमें नये उभरते रोजगार अवसरों को समाहित करने के साथ ही सामाजिक सुरक्षा जैसी चुनौतियों को संबोधित किया गया है।

विचार

जो काम कल करना है, उसे आज ही कर डालो और जो कुछ आज करना है, उसे अभी कर डालो, क्योंकि क्षण भर में प्रलय हो जायेगी तो फिर कब करोगे।
-संत कबीर.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।
-आचार्य विनोबा भावे.

कर्म का मूल्य उसके बाहरी रूप और बाहरी फल में इतना नहीं है जितना कि उसके द्वारा हमारे भीतर दिव्यता की वृद्धि होने में है।
-महर्षि अरविन्द.

यदि वृद्धावस्था की झुर्रियां पड़ती हैं तो उन्हें हृदय पर मत पड़ने दो। कभी भी अपनी आत्मा को वृद्ध मत होने दो।
-जेम्स गारफील्ड.

सोशल मीडिया


मोदी के कल के भाषण में हर शब्द और वाक्य को ध्यान से सुनें, तो पायेंगे कि उनका एक भी शब्द सार्थक नहीं है। वो केवल बिहार की नकारात्मक छवि पेश करते हैं। तेजस्वी यादव.


140 करोड़ भारतीयों को एकात्मता के भाव पूर्ण सूत्र में पिरोने वाला हमारा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' मां भारती के प्रति श्रद्धा समर्पण और राष्ट्र धर्म का अमर घोष है। सीएम, योगी.


पैसा हजम उड़ान खत्म! भाजपा सरकार की हर योजना सिर्फ कमीशन कमाने के लिए बनायी जाती है, चलाने के लिए नहीं। भाजपाइयों के बनाये हवाई अड्डे हवा हवाई हैं। अखिलेश यादव.

# श्रद्धा का प्रकाश

अंतर्दृष्टि

उल्लसित वर्तमान और उज्जवल भविष्य का निर्धारण पूर्णतया सत् श्रद्धा के हाथ में है। उसी का महत्व, मर्म, उपार्जन, अभिवर्द्धन सिखाने के लिए भूतकाल की कथा-गाथाओं को पुरातन उपाख्यानों में पुराण के नाम से जाना और जनाया जाता है। भूत भविष्य और वर्तमन की सुखद संभावनओं का निर्माण अंतःकरण के जिस क्षेत्र से विनिर्मित होता है, उसका स्वरूप समझना हो तो एक श्रद्धा शब्द का उपयोग करने से वह प्रयोजन पूरा हो सकता है। बीज ही वृक्ष बनता है और श्रद्धा ही व्यक्तित्व का रूप धारण करती है। मनुष्य जो कुछ बनता है- जो कुछ पाता है वह समूचा निर्माण श्रद्धा शक्ति के चमत्कार के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि इस ब्रह्म विज्ञान के, आत्मविज्ञान के गूढ़ रहस्य को समझा जा सके तो प्रतीत होगा कि तत्वदर्शियों के वेदान्त प्रतिपादन सनातन सत्य की अयमात्मा ब्रह्म प्रज्ञानं ब्रह्म, तत्वमसि, सोहम, शिवोहम, सच्चिदानन्दोहम, आदि सूत्र में घोषित किया है। पतन से बचने और उत्थान अपनाने का सुनिश्चित उपाय बताते हुए शस्त्रकार इस उत्तरदायित्व को मनुष्य के अपने कंधों पर ही लाद देते हैं, वे कहते हैं- उद्धरेत् आत्मनात्मानं अवसादयेत् अर्थात अपना उद्धार आप करो- अपने को गिराओ मत। उसका सुनिश्चित मत है कि उत्थान पतन की मुहिम हर मनुष्य स्वतः संभालता है। परिस्थितियां तो उसका अनुगमन भर करती हैं। दिशा निर्धारण और प्रगति प्रयास अपना होता है। साधन और सहयोग तो उसी चुम्बकत्व के सहारे खिंचते भर चले आते हैं। उत्थान या पतन में से जो भी अपना मन्तव्य हो-व्यक्तियों, साधनों एवं परिस्थितियों का सरंजाम भी उसी स्तर का होता चला जाता है। श्रद्धा की इसी गरिमा को देखते हुए अध्यात्म शास्त्र ने मानवी सत्ता में विद्यमान साक्षात् ईश्वरीय शक्ति के रूप में अभिवन्दन किया है। श्रद्धा वह प्रकाश है जो आत्मा की, सत्य की प्राप्ति के लिए बनाये गये मार्ग को दिखाता रहता है। जब भी मनुष्य एक क्षण के लिए लौकिक चमक-दमक, कामिनी और कंचन के लिए मोहग्रस्त होता है तो माता की तरह ठण्डे जल से मुंह धोकर जगा देने वाली शक्ति यह श्रद्धा ही होती है। सत्य के सद्गुण ऐश्वर्य स्वरूप एवं ज्ञान की चाह अपनी बुद्धि से नहीं मिलती, उसके प्रति सविनय प्रेम भावना विकसित होती है। उसी को श्रद्धा कहते हैं। श्रद्धा सत्य की सीमा तक साधक को साधे रहती है, संभाले रहती है। श्रद्धा के बल पर ही मलिन चित्त अशुद्ध चिंतन का परित्याग करके बार-बार परमात्मा के चिंतन में लगा रहता है। बुद्धि भी जड़ पदार्थों में तन्मय न रहकर परमात्मा ज्ञान में अधिक से अधिक सूक्ष्मदर्शी होकर दिव्य भाव में बदल जाती है।

# जय-जय प्यारे प्रवीण दलाल

व्यंग्यलोक


राम विलास जॉगिड़

दलाल ही सियासी मार्केट का असली माल है। बिन दलाल सब कुछ बवाल है। नित नई खाइयों में गिरती राजनीति में दलाल ही मुख्य सूत्रधार है। आप तो पधारो मेरे दलाल राजा! कमीशन की चटनी चाट जाओ ताजा! तुझको नेताजी पुकारे घर आज, मेरे दलाल देव! दलाल देव की वाणी साक्षात ईश्वरीय वरदान है। कुर्सी पर बैठने बिठाने के खेल में दलाल ही महान है। सियासी शास्त्रों में कहा गया है- हे कुर्सी! आप तो उस हृदय में वास करें जहां आपसे भी दलाल के प्रति अधिक श्रद्धा हो। महादलाल लोक कल्याण के लिए मही पर नित्यावतार है। अन्य अवतार तो दलालत्व के नैमित्तिक मात्र हैं। दलाल ही जीवन सार है। कंतजन कहते हैं- 'मंत्री अफसर सबसे बड़ा उनहूँ तो दलाल कीन्ह। तीन लोक में सब है दलाल आज्ञा आधीन।' कुर्सी के अस्तित्व में मतभेद हो सकता है, किन्तु दलाल अस्तित्व के लिए कोई मतभेद आज तक उत्पन्न नहीं हो सका। दलाल को सभी ने माना है। प्रत्येक दलाल ने दूसरे दलालों को आदर-प्रशंसा एवं पूजा सहित पूर्ण सम्मान दिया है। बहुत से सियासी संप्रदाय तो केवल दलालवाणी के आधार पर ही कायम हैं। चमचे दलाल की प्रशंसा करते हुए नहीं अघाते हैं। उन्होंने तो दलाल नई राह कहकर भ्रष्ट साधना में मनसिद्धि का सारा श्रेय अपने दलाल को दिया है। तमाम राजधानी क्षेत्र में दलाल प्रकट भये हैं। दलाल नेता दोऊ खड़े, काको लागूं पांय? बलिहारी दलाल आपने, नेता दिए बताय। दलाल की वाणी को महान चमचे एक बड़ा हथियार मानते हैं। कह चमचा मितर मिधा, दलाल के हथियारि। चमचा ग्रंथावली में दलाल की प्रशंसा और आभार व्यक्त करने के लिए 'दलाल स्तुति' नामक वृहद ग्रंथ केवल दलाल को ही समर्पित किया है।

चमचों ने उचित दलाल के चुनाव पर भी जोर देते हुए अनुचित दलाल की निंदा की है। सच्चे दलाल के परिक्रमण एवं परिभ्रमण से ब्रह्मांड के सारे सुख मिल जाया करते हैं। दलाल की स्तुति में चमचों ने बहुत कुछ लिखा है। दलाल की कृपा से मुख्यमंत्री पद की कुर्सी भी मिल जाती है। कर्फ्यू क्षेत्र में रैली करने के आदेश और अनुचित ढंग से उचित वैक्सीन भी मिल जाती है। दलाल के स्मरण मात्र से दिमाग के सारे पट खुल जाया करते हैं। दलालहि विमल विलोचन हिय के, मिटहिं दोष दुःख भाव रजनी के। इस प्रकार साधक दलाल के प्रमात्व का साक्षात्कार सहज ही कर लेता है। अतः साधक को मन, वचन एवं कर्म से दलाल वाणी को आत्मसात करना चाहिए। दलाल का हर पल जयकारा करना चाहिए। जय प्यारे प्रवीण दलाला! तुम बिन जीवन सड़ता नाला। तुम सब मंत्री नेता रखवाला!

# प्रकृति की आराधना का लोकपर्व है 'छठ पूजा'


पर्व/त्योहार

प्रो. आर. एन. त्रिपाठी

भारत उत्सव धर्मी देश है। यहां हर रोज उत्सव मनाए जाते हैं। ये उत्सव मानव को मानवता का ज्ञान और देवत्व का बोध कराते हैं। सभी उत्सव प्रकृति का संरक्षण करने और मानव का प्रकृति से तादात्म्य स्थापित करने के लिए बने हैं। सदियों से हमारी परंपरा रही है कि हम सर्वस्पर्शी उत्सवों का आनंद लें और प्रकृति के साथ यथोचित समावेशन भी करें। इसीलिए इन उत्सवों में गरीबी-अमीरी और ऊंच-नीच जैसा कोई भी सामाजिक व सांस्कृतिक विभेद नहीं रहता, बल्कि सबके समावेशन के आधार पर श्रद्धा के साथ समर्पण भाव से ये उत्सव मनाए जाते हैं। 'छठ' ऐसा ही एक परंपरागत उत्सव है जिसमें पूजन के लिए नदी का जल जो सबके लिए उपलब्ध है और आराधना के लिए देवता सूर्य जो सबको समान रूप से प्रकाश देते हैं मानो यह कहता है कि यह संपूर्ण ब्रह्मांड समान भाव से मेरे लिए है। आपभी अपने आचरण से मेरे समान समानधर्मी बनें। इस पर्व पर जितनी वस्तुएं तैयार की जाती हैं और पर्व में जो पूजा-सामग्री प्रयुक्त होती है, उसमें कोई भी वस्तु बाजार से नहीं खरीदी जाती बल्कि पूजन करने वाले की स्वयं की और उसके घर परिवार द्वारा उसी के घर की तैयार की हुई होती है।

सूर्य षष्ठी अर्थात 'छठ' का पर्व स्थानीयता और पर्यावरण सुरक्षा दोनों ही दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। इस उत्सव के लिए किसी प्रकार के मंदिर, धाम, आश्रम की भी आवश्यकता नहीं होती बल्कि नदियों का खुला सार्वजनिक स्थान ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। यह इस बात का संदेश है कि वास्तविक वैभव और विलास की जगह महल और मंदिर नहीं है बल्कि आपसी सामूहिकता और प्रकृति प्रदत्त व्यवस्था है। व्यक्तिवाद से दूर रहकर प्रकृति की गोद में बैठकर ही अगर प्रकृति का पूजन किया जाए तो वह सर्वाधिक अच्छा होता है। ईख, केला, फूल, फल यहां तक कि जिसमें सामान रखा जाता है वह टोकरी भी बांस की। सारी पूजन सामग्री सीधे अपने मूल प्राकृतिक रूप में और सबकी समान होती हैं। इसमें किसी प्रकार का धन-संपत्ति का दिखावा नहीं होता और न पूजा पाठ कराने वालों की ही आवश्यकता होती है। हमारे व्रत नियम, पूजन, कर्मकाण्ड, त्यौहार सभी ऊर्जा केंद्रित होते हैं। इनमें विशेष कर 'छठ' का जो त्यौहार है यह पूर्ण वैज्ञानिक तरीके से ऊर्जा प्राप्ति का पर्व है क्योंकि ऊर्जा का स्रोत सूर्य है और उगता सूर्य खासकर हमें तमाम प्रकार के विटामिन और पोषण प्रदान करता है। छठ' ऐसा पर्व है जहां मालिक नहीं, सभी साधिकार मात्र आवश्यकता भर के भोक्ता हैं। जैसे सूर्य की पूजा समान रूप से की जाती है। नदी में की जाती है जो सदा सर्वदा एक समान सबके लिए उपलब्ध है। एक समय की जाती है, उगते और अस्त होते समय अर्थात वैभव-पराभव दोनों काल में इस भाव से की जाती है कि समय सदा तुम्हारा नहीं है और स्थिर भी नहीं है। ऐसे ही उत्थान-पतन दोनों मानव जीवन में आता रहता है।

नदी केवल तुम्हारी नहीं है। घाट केवल तुम्हारे नहीं है। तुम एक मात्र न्यासी यानी आंशिक भोक्ता हो और तुम्हें एक दिन यह सब छोड़कर जाना होगा, और ये सब यहां ऐसे ही बने रहेंगे। आपकी आगे आने वाली पीढ़ी के लिए। यही असली 'सस्टेनेबल डेवलपमेंट' का सिद्धांत है, जिसका 'छठ' पर्व जैसा उपयुक्त उदाहरण दुनिया में कोई नहीं है। यही ऐसा त्योहार है, जिसमें प्रतिद्वंदिता नहीं होती है। हम मनुष्यों में भी जीव-जंतु, जड़-चेतन की तरह किसी से किसी प्रकार के अधिकार को लेकर के इस त्यौहार में लड़ाई नहीं होती है। वैसे आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो यह हमारा पंचभूतों से रचित भौतिक शरीर जिसमें पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु की पूजा होती है, इस 'छठ' में इस पंचरचित शरीर के आधार पर ही पूजा की जाती है। इस सम्पूर्ण रचनाधर्मिता के पीछे एक मात्र मनुष्य ही भोक्ता होता है। बाकी सब कुछ प्रकृति ही मनुष्य को देती है और यह भी कहती है कि तुम मात्र भोक्ता हो। भोक्ता की ही तरह व्यवहार करो, न कि मालिक की तरह, क्योंकि तुम्हारी जीवन दात्री मैं ही हूं। पूरे चार दिन चलने वाला यह पर्व शारीरिक, मानसिक और वैचारिक पवित्रता को प्राप्त कराता है, इसमें हमारी अंतःकरण की पवित्र शक्तियां भी जागृत हो जाती हैं और अंतस में जो छल, द्वेष, पाखंड, कपट है उसका लय हो जाता है। चित्त में विशेष प्रकार की शांति आ जाती है। 2015 से भारत सरकार का जो स्वच्छता कार्यक्रम है उसका सबसे बड़ा पर्याय है यह पर्व क्योंकि इसमें चतुर्दिक स्वच्छता रखी जाती है।

*(लेखक बीएचयू में प्रोफेसर हैं)*

## आप की बात

### रोजगार दाता बनें युवा

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी है कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़े। ऐसे में यह जरूरी है कि जब भी कोरोना का संकट खत्म हो तो रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए। जो सरकारी नौकरियों में चयनित हो जाते हैं उनसे वहां बेहतर काम लेना चाहिए। लेकिन सरकारी नौकरी में प्रवेश की उम्र सीमा घटानी चाहिए।

**कृष्ण मोहन शुक्ला, गोण्डा.**

### विकास पर भारी राजनीति

विधान सभा चुनावों के मद्देनजर जिस तरह से पार्टियां विकास के बजाय जाति-धर्म केन्द्रित राजनीति को हवा दे रही हैं उससे स्पष्ट है कि चुनाव में विकास के बजाय जाति धर्म की राजनीति ही अधिक चलेगी। भारत की राजनीतिक दशा एवं दिशा तय करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव में जिस तरह विकास के मुद्दों को छोड़कर सत्ता पक्ष और विपक्ष के दल जाति, धर्म के नारों, जुमलों के माध्यम से चुनावी वैतरणी पार करने के फिराक में हैं वह अत्यंत चिंताजनक है। बिहार का चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यही कारण है कि पार्टियां बिहार जीतने के लिए या फिर भाजपा को रोकने के लिए कुछ भी करने पर आमदा हैं। चुनाव में प्रतिस्पर्धा उचित है लेकिन विकास को लेकर होना चाहिए। जाति एवं धर्म के आधार पर वोट मांगना या चुनाव लड़ना गलत है। अगर पार्टियां विकास की बात करती तो ज्यदा अच्छा होता। अगर ऐसा होता तो पार्टियां जनता के हित की बात करती हैं। हां युवाओं को लुभाने के लिए जरूर रोजगार की बात हो जाती है लेकिन फोकस बेकार के मुद्दों पर ही अधिक है। चुनावी राजनीति में महागठबन्धन एवं क्षेत्रीय दलों की धमाचकौड़ी विकास को और पीछे धकेलती है। क्योंकि क्षेत्रीय दलों के कारण राष्ट्रीय पार्टियां हर राज्य एवं प्रदेश में अलग-अलग मुद्दे उछालती हैं। क्षेत्रीय पार्टियां अपने जाति, समाज एवं क्षेत्र में पैठ बनाकर राष्ट्रीय दलों से सौदेबाजी कर अधिक से अधिक कीमत वसूलने की फिराक में लग गयी हैं।

**विनय कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## बांकेबिहारी मंदिर में बेहोश हुईं दो महिलाएं अस्पताल में भर्ती

**मथुरा।** त्योहारों के बाद रविवार के अवकाश के चलते बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का ऐसा सैलाब उमड़ा कि गलियों में पैर रखने तक की जगह नहीं बची। वीकेंड और छठ पर्व के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु ठाकुरजी के दर्शन को पहुंचे, जिससे मंदिर परिसर और आस-पास की गलियों में जबरदस्त भीड़ रही। इसी दौरान दो महिला श्रद्धालु बेहोश होकर गिर पड़ीं, जिससे अफरातफरी मच गई। बताया गया कि दीपमाला (37) निवासी गाजियाबाद और काजल (26) निवासी प्रयागराज रविवार को ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन के लिए वृंदावन आई थीं। दोनों महिलाएं मंदिर की गली नंबर-1 में लाइन में खड़ी थीं, तभी अचानक भीड़ के दबाव में उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर पड़ीं। पास खड़े श्रद्धालुओं और परिजनों ने तुरंत पुलिस की मदद से दोनों महिलाओं को जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि दोनों की सेहत में सुधार है और अब वे खतरे से बाहर हैं। भीड़ के दौरान हुई इस घटना से कुछ देर के लिए मंदिर क्षेत्र में हलचल मच गई, हालांकि पुलिस और मंदिर प्रशासन ने स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया।

## गैंगस्टर में वांछित 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नगला सिंघी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। रविवार को थाना नगला सिंघी पुलिस द्वारा थाना टूण्डला पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तगणों सुमित कुमार पुत्र राकेश कुमार सुल्तान अली पुत्र सम्मी अली को टूण्डला से फिरोजाबाद की तरफ जाने वाली सड़क हाईवे पर टोल के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## चोरी की चार बाइकों सहित तीन गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना बरसाना पुलिस ने आज तडके मुखबिर की सूचना पर चरण पहाड़ी यशोदाकुण्ड वाईपास शमसान घाट के पास तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चार चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। इनमें हीरो स्पलेंडर की सभी बाइक बिना नंबर प्लेट के थीं और कुछके चैसिस व इंजन नंबर घिसे हुए थे। पुलिस ने बताया कि पकडे गये आरोपियों में रोहित पुत्र संतराम निवासी कस्बा छाता, सोनू पुत्र मदनगोपाल निवासी आजनौख, यही का रहने वाला देवदत्त पुत्र रामबाबू शामिल है।

## ई रिक्शों के जाम से जूझा वृंदावन

**वृंदावन।** कार्तिक मास में बढ़ रही श्रद्धालुओं की आवक से तीर्थनगरी में भीड़ और जाम का दवाब बढ़ रहा है। जिसमें ई रिक्शों का बेतहाशा परिचालन आग में घी का काम कर रहा है। प्रशासन द्वारा लाख कोशिशों के बाद भी जाम का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर भर में हर सड़क, हर गली में ई रिक्शाओं की अनगिनत संख्या के चलते लंबी लंबी कतार लग रही हैं। जाम में फंसे श्रद्धालु न तो समय पर मंदिरो के दर्शन को ही पहुंच पा रहे थे और न ही अपने वाहनों को पार्किंग तक पहुंचाने में कामयाब हो रहे हैं। नगर में तमाम रोक के बावजूद परिक्रमा मार्ग में भी चैपहिया वाहनों का प्रवेश हो रहा है। रेंगते हुए वाहनों की लंबी कतार को व्यवस्थित करने को मौजूद पुलिसफोर्स भी खुद को असहाय ही मान रहे थे। हालात ये कि सबसे व्यस्ततम इलाके नगर निगम चैराहा, गोपीनाथ बाजार, बनखंडी महादेव, अठखंभा, किशोरपुरा, गौतम पाड़ा, विद्यापीठ चैराहा पर पैदल राहगीरों का रास्ता तय करना मुश्किल भरा था। स्थानीय लोग स्वयं भी जाम खुलवाते नजर आते हैं। ई रिक्शाओं ने शहर में यातायात पूरी तरह बाधित कर दिया। यहां बताते चले कि धार्मिक वृंदावन में लगने वाले जाम से निजात मिल सके, इसे लेकर सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने समय समय पर चेकिंग अभियान चलाने के आदेश भी दिए थे। जिनका कुछ दिनों तक तो पालन हुआ लेकिन जैसे ही मुखिया के आदेशो को समय बीता तो आदेश भी हवा हवाई हो गए। जिसके कारण नगर की सड़को पर बेलगाम दौड़ते ई रिक्शाओं के कारण जाम की स्थिति भयावह बनने लगी है।

# पिता को बेटे और भतीजे ने मौत के घाट उतारा



● पांच माह से बेटियों के साथ दुष्कर्म कर रहा था

**मथुरा।** राजस्थान के डीग जिले का एक शराबी पिता पांच महीने से अपनी दो बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे रहा था। पिता की हरकतों से परेशान होकर दोनों बेटियां मथुरा के कोसीकलां थाना क्षेत्र में रहने वाली बुआ के घर आ गईं और पूरी बात बताई। बुआ ने बहनों के भाई को यहां बुला लिया। इधर पिता को जानकारी हुई तो वह भी रविवार दोपहर डेढ़ बजे थाना कोसीकलां क्षेत्र के गोपालबाग चैकी क्षेत्र के गांव में आ गया। जहां बेटियों के खुलकर बोलने पर विवाद हो गया। शराबी पिता ने तमंचा निकालकर बेटियों को मारना चाहा। इससे पहले बेटे और चचेरे भाई ने तमंचा छीनकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद कुल्हाड़ी से काट डाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित बेटे और चचेरे भाई को हिरासत में ले लिया है। दोनों बेटियों ने पिता के खिलाफ दुष्कर्म करने का बयान दिया है। कोसी के गोपाल बाग चैकी क्षेत्र के अंतर्गत नगला इस्लामपुर रोड पर रविवार दोपहर पिता की उसके पुत्र और भतीजे ने हत्या कर दी। मृतक अपनी ही बेटियों से दरिंदगी करता था। जिससे तंग आकर पुत्र ने चचेरे भाई के साथ मिलकर यह कदम उठाया। मृतक की पहचान रामलाल उम्र 55 वर्ष निवासी गांव बदनगढ़ डींग (राजस्थान) के रूप में हुई है। जो इस्लामपुर रोड स्थित मकान में परिवार सहित रह रहा था। बताया गया कि रामलाल नशे का आदी था और बीते 6 माह से अपनी ही दो बेटियों के साथ अश्लील हरकत कर रहा था। रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे जब उसने पुनः बेटियों के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया तो पुत्र मोहित और भतीजा अमित पुत्र रोहिताश ने उसे रोकने की कोशिश की। इसी दौरान कहासुनी के बीच दोनों ने मिलकर उस पर तलवार से हमला किया और फिर तमंचे से गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही गोपाल बाग चैकी पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। कोसीकलां थाना प्रभारी अजय कौशल ने बताया कि फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

13-14 वर्ष की नाबालिग बेटियों ने बताया कि उनके स्कूल की छुटियां गत 11 अक्टूबर को हुयी थी जिसके बाद वह अपने घर आ गयी थीं। घर आने के बाद से पिता द्वारा उनके साथ गलत काम किया जा रहा था। बुआ को उन्होंने पूरी घटना बतायी थी जिससे पिता आक्रोशित था और आज हाथ में चाकू और तमंचा लिये आया और कहा कि मुझे तुम बदनाम कर रही हो। इसके बाद वह हमलावर होने लगा तभी भाई आ गया और उसने पिता से तमंचा चाकू छीनकर उनपर हमला कर दिया। बताते हैं कि मृतक अपनी ही बेटियों पर बुरी नजर रखता था। पिता की अश्लील हरकतों से तंग आकर बेटे ने चचेरे भाई के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया है।

## आगरा पुलिस की कार ट्रक में घुसी, हेड कांस्टेबल व चालक की मौत, पांच घायल

**आगरा।** गुमशुदा महिला को बरामद कर राजस्थान से लौट रही आगरा की निबोहरा थाना पुलिस की टीम रविवार तड़के भीषण हादसे का शिकार हो गई। जयपुर हाईवे पर फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप खड़े ट्रक में पुलिस की अर्टिगा कार जा टकराई। इस भीषण दुर्घटना में हेड कांस्टेबल गौरव प्रताप सिंह और चालक देव पुत्र मंगल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सब इंस्पेक्टर गौरव कुमार समेत पांच लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना निबोहरा क्षेत्र में दर्ज एक महिला की गुमशुदगी के मामले में पुलिस टीम उसे बरामद करने राजस्थान गई थी। पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में मोबाइल लोकेशन सूरतगढ़, राजस्थान में मिली। जिस पर उप निरीक्षक गौरव कुमार, हेड कांस्टेबल गौरव प्रताप सिंह, चालक देव और महिला के परिजन एक अर्टिगा कार से सूरतगढ़ रवाना हुए थे। शनिवार देर रात टीम ने महिला को बरामद कर लिया और रविवार तड़के आगरा लौटते समय यह हादसा हो गया। सुबह लगभग पांच बजे के करीब जैसे ही कार जयपुर हाईवे पर रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप पहुंची, वहां सड़क किनारे खड़े ट्रक से तेज रफ्तार अर्टिगा कार टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी आनंदवीर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। कटर की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। पुलिसकर्मी गौरव प्रताप सिंह और चालक देव की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पांच अन्य घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें उप निरीक्षक गौरव कुमार भी शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस लाइन और वरिष्ठ अधिकारियों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है। मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता दी जाएगी। बताया जा रहा है कि कार चालक को झपकी लगने से वाहन अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराई। राहगीरों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची फतेहपुर सीकरी पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी सीकरी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को आगरा के लिए रैफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन को कब्जे में ले लिया और आगे की जांच शुरू कर दी है।

## कामधेनु गौ सेवा मित्र मंडली ने किया गौ पूजन का आयोजन



**फिरोजाबाद।** कामधेनु गौ सेवा मित्र मंडली के तत्वाधान में दिव्य एंव भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ गौ पूजन एंव हवन यज्ञ का आयोजन वृहद गौ संरक्षण केंद्र ग्राम पंचायत सांथी में आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गौ आयोग के सदस्य रमाकांत त्रिपाठी सम्मिलित हुए, कार्यक्रम संयोजक के रुप में श्री राम शर्मा प्रमुख कामधेनु गौ सेवा मित्र मंडली, अशोक पवन, संजय जाट आर्यन मंयक कविश श्रीकांत शिमम कुलदीप हर्ष एंव सभी गौ सेवक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके साथ ही गौ आयोग के सदस्य ने रविवार को जमुना किनारे की गौशाला का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान पूनम शर्मा, मनोज शर्मा, राजेश दुबे सुधीर शर्मा बिजेन्द्र मोहन शर्मा कन्हैया तिवारी, मुन्ना लाल उपाध्याय गौशाला निरीक्षण में साथ रहे उन्होंने व्यवस्थाओं को देखते हुए सुचार रूप से गौ शाला चलाने के लिए संबंधित अधिकारिओ को निर्देशित किया।

## बमरौली कटारा क्षेत्र के इकथरा मोड़ पर हादसा, सात घायल

**आगरा।** थाना बमरौली कटारा क्षेत्र के इकथरा मोड़ पर रोडवेज बस ने डंपर में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे डंपर चालक सहित सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। जहां चालक की हालत गंभीर बनी है। इकथरा मोड़ पर सुबह लगभग 6 बजे दिल्ली से बाह जा रही रोडवेज बस ने मोड़ से निकल रहे डंपर में टक्कर मार दी। डंपर चालक रामेश्वर सिंह बुरी तरह से केबिन में फंस गया। बमरौली कटारा पुलिस ने जेसीबी से चालक को बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंचे डंपर मालिक धर्मेंद्र सिंह निवासी गोला के साथ चालक को अस्पताल भेजा। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बस में सवार छह यात्री भी घायल हो गए। वहीं, यात्रियों को दूसरी बस से भेजा गया। बस चालक को आई थी झपकीः बस में सवार बलवीर सिंह का कहना था कि हादसे का कारण बस चालक को झपकी आ जाना था। इससे पहले भी कई जगह बस हादसे का शिकार होते-होते बची थी। बस चालक बस को ठीक तरह से नहीं चला पा रहा था। सवारियों ने कई बार चालक को आगाह भी किया था।

## थाने से 250 मीटर दूर छात्र की पिटाई घरों पर पथराव व हथियार लहराया

**आगरा।** आगरा में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाली एक दुस्साहसिक घटना सामने आई है। थाना ट्रांस यमुना से महज 250 मीटर की दूरी पर दबंगों ने खुलेआम तांडव किया। एक छात्र को बीच सड़क पीटा, घरों पर पथराव किया और पिस्टल लहराते हुए फायरिंग की कोशिश तक की। पूरी वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद इलाके के लोगों में दहशत है। शनिवार शाम की यह वारदात ट्रांस यमुना क्षेत्र के कीर्ति विहार की है, जहां एक छात्र कोचिंग क्लास के लिए घर से निकला ही था कि मोहल्ले के कुछ दबंग युवकों ने उसे रोक लिया। मामूली बात पर कहासुनी इतनी बढ़ गई कि आरोपियों ने छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। छात्र के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे, तो दबंगों ने उन्हें भी निशाना बना लिया। महिलाओं और बुजुर्गों तक को नहीं छोड़ा गया। इसके बाद आरोपियों ने मोहल्ले के कई घरों पर जमकर पथराव किया। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक युवक हाथ में पिस्टल लहराते हुए फायरिंग करने की कोशिश कर रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि युवक जिस पिस्टल का इस्तेमाल कर रहा था, वह उसके फौजी पिता की रिवॉल्वर थी। पथराव के दौरान एक महिला के सिर में गंभीर चोट आई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी भाग चुके थे। चौंकाने वाली बात यह रही कि यह पूरी वारदात थाना ट्रांस यमुना से केवल 250 मीटर की दूरी पर हुई। बावजूद इसके, गुंडे बेखौफ होकर घरों में तोड़फोड़ और पथराव करते रहे। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि बाकी की पहचान सीसीटीवी फुटेज से की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिस वजह से वे इलाके में लंबे समय से दबंगई कर रहे हैं। फिलहाल इलाके में पुलिस बल तैनात है और माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

# भाजपा मनायेगी भव्यता से सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती




**मथुरा।** भाजपा ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। रविवार को पार्टी कार्यालय पर महानगर और जिला इकाई ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया और प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे मे बताया गया। पार्टी 31 अक्तूबर से लेकर छह दिसंबर तक जिलेभर में एकता और राष्ट्र निर्माण के संदेश को लेकर विशेष अभियान चलाएगी। इस दौरान हर बूथ और हर वार्ड तक सरदार पटेल का संदेश पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यक्रम के तहत पूरे जिले में यूनिटी मार्च, रन फॉर यूनिटी, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और स्वदेशी अभियान के भी आयोजन किए जाएंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एमएलसी एवं जिला प्रभारी अशोक कटारिया, विधायक पूरन प्रकाश, गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे, महानगर अध्यक्ष राजू यादव आदि ने प्रेस में कहा कि यह सिर्फ समारोह नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान होगा। पार्टी हर बूथ तक सरदार पटेल का संदेश पहुंचाएगी। एक नवंबर से 25 नवंबर के बीच लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में आठ किमी की पदयात्रा भी निकाली जाएगी। वहीं 31 अक्तूबर को रन फॉर यूनिटी में भी हजारों युवा हिस्सा लेंगे। इसी दिन सभी बूथों पर सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। साथ ही स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में रन फॉर यूनिटी की दौड़ होगी जिसके विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में चेतन स्वरूप पाराशर, जिला महामंत्री अनिल चैधरी, सत्यपाल चैधरी, महिपाल चैधरी, जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी, महिला मोर्चा अध्यक्ष मुदिता शर्मा, मनीषा पाराशर, अमन ठाकुर, अजय परखम, भगत सिंह जादौन ज्ञानेंद्र राणा, सुरेश तरकर मेनू कांत, यतेंद्र फौजदार, तरुण सैनी आदि मौजूद रहे।

## कबाड़ के गोदाम में लगी भीषण आग, धमाकों से फैली दहशत, दो घंटे में पाया जा सका काबू

**आगरा।** कबाड़ के गोदाम में आग लगने से आसपास की कॉलोनी में रहने वाले लोगों में अफरातफरी का माहौल बन गया। आग एक गोदाम से दूसरे गोदाम में लगती गई। इस तरह करीब आधा दर्जन गोदाम आग की जद में आ गए। थाना हरीपर्वत क्षेत्र के खटीकपाड़ा में विक्टोरिया स्कूल के पास शनिवार रात प्लास्टिक के गोदाम में आग लग गई। करीब 6 तेज धमाके हुए। इससे आस-पास के क्षेत्र के लोग दहशत में आ गए। सूचना पर थाना हरीपर्वत पुलिस और दमकल गाड़ियां पहुंच गईं। उन्होंने करीब दो घंटे में आग पर नियंत्रण पा लिया। खटीक पाड़ा निवासी राजू, बाबू सहित करीब 12 लोगों का विक्टोरिया स्कूल के पास रेलवे मार्केट के पीछे कबाड़ का गोदाम है। इसमें प्लास्टिक और रबड़ का कबाड़ है। स्थानीय निवासी शिव कुमार राजौरा ने बताया कि देर रात लोगों ने गोदाम से धुआं उठता देख लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने बुझाने का प्रयास भी किया। लेकिन कुछ ही देर में गोदाम से आग की लपटें उठने लगीं। गोदाम से करीब 6 धमाके हुए। इससे आस-पास की कॉलोनी में रहने वाले लोगों में अफरातफरी का माहौल बन गया। आग एक गोदाम से दूसरे गोदाम में लगती गई। इस तरह करीब आधा दर्जन कबाड़ियों के गोदाम आग की जद में आ गए। पुलिस और फायरब्रिगेड को सूचना दी। थाना हरीपर्वत की पुलिस और दमकल की ईदगाह और संजय प्लेस फायर स्टेशन से गाड़ियां पहुंच गईं। एफएसओ सोमदत्त सोनकर ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर दस दमकल की गाड़ियां पहुंच गई हैं। संजय प्लेस के साथ ईदगाह फायरस्टेशन से भी दमकल आ गई है। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग को नियंत्रण में कर लिया है।

# श्री रंगनाथ मंदिर में मना अन्नकूट उत्सव



**मथुरा।** धर्मनगरी वृंदावन के विशालतम श्री रंगनाथ मंदिर में रविवार को भगवान रंगनाथ का अन्नकूट महोत्सव विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के मध्य मनाया गया। जिसमें भगवान रंगनाथ ने गिरि गोवर्धन धारी स्वरूप में दर्शन देकर भक्तों को कृतार्थ किया। बांसुरी धारण किए भगवान गोदा रंगमन्नार को अन्नकूट प्रसाद निवेदित किया गया। भगवान के अन्नकूट दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पडा। दक्षिणात्य शैली के प्रसिद्ध श्री रंगनाथ मंदिर में कार्तिक शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर अन्नकूट महोत्सव की परंपरा है। मंदिर प्रबंधन ने कार्तिक शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर विधिविधान पूर्वक अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन किया। प्रातः काल से ही मंदिर के सेवायत विद्वानों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा था। करीब 1 बजे जैसे ही धूर गोले की आवाज के साथ दर्शन खुलने का संकेत हुआ। रंगनाथ भगवान की जय जयकार से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। सेवायत पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोचार से ठाकुर जी की आराधना की गई, आरती की गई। गिरि गोवर्धन धारी स्वरूप भगवान की कुंभआरती उतार कर अन्नकूट प्रसाद निवेदित किया गया। विविध प्रकार के व्यंजन स्वर्ण रजत निर्मित थाल में सजाए गए थे। जिसके दर्शनार्थ बडी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में उमडने लगे। मंदिर के पुरोहित विजय मिश्र ने बताया ब्रज के मंदिरों में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का विशेष महत्व है। क्योंकि भगवान गोदा रंगमन्नार भगवान राधाकृष्ण का ही स्वरूप हैं इसलिए दक्षिण भारतीय शैली के श्री रंगनाथ मंदिर में इस उत्सव को प्रमुखता से मनाया जाता है। मंदिर के पुजारी, रसोइया पिछले 3 दिन से अन्नकूट उत्सव में अर्पित किए जाने वाले व्यंजनों को तैयार कर रहे थे। अन्नकूट उत्सव में स्वर्ण स्तंभ के पास गाय के गोबर से गिर्राज जी भी बनाए गए थे। अन्नकूट उत्सव के दर्शन के बाद सभी प्रसाद का मिश्रण किया गया जिसे भक्तों में वितरित किया गया।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत महिला सम्मेलन आयोजित

**मथुरा।** भाजपामथुरा महानगर के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत रविवार को पुराना भाजपा कार्यालय, जुबली पार्क, डैंपियर नगर पर महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का विषय था घर-घर स्वदेशी, नारी शक्ति से आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का शुभारंभ हाथरस की विधायक अंजुला माहौर भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव कार्यक्रम संयोजक रामकिशन पाठक वास्तव तथा महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष पूजा चैधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि विधायक अंजुला माहौर ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने का जो संकल्प लिया है, उसमें महिलाओं की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। आज भारत की नारी केवल घर की सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, उद्योग, सेवा, राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। हमें गर्व है कि भारत की हर बेटी और हर माँ अब राष्ट्रनिर्माण की सशक्त सहभागी बन चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि स्वदेशी अपनाना केवल आर्थिक पहल नहीं, बल्कि यह राष्ट्रभक्ति का भाव है। जब हम अपने घरों में स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करते हैं, तो हम देश के कारीगरों, उद्यमियों और श्रमिकों को सम्मान व समर्थन देते हैं। आत्मनिर्भर भारत का अर्थ केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मविश्वास के साथ खड़ा भारत बनाना है। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजूयादव ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत का संकल्प तभी साकार होगा जब समाज की आधी आबादी, अर्थात हमारी माताएँ और बहनें, इसमें सक्रिय रूप से भाग लेंगी। भाजपा ने हमेशा महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि आज देश की महिलाएँ हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं चाहे राजनीति हो, शिक्षा, व्यापार या रक्षा। मोदी सरकार की नीतियों ने महिलाओं को सम्मान, अवसर और आत्मविश्वास प्रदान किया है।

## भाजपाइयों ने सुना प्रधानमंत्री के मन की बात का 127 वां संस्करण




**टूंडला।** नगर के शक्ति केन्द्र बिहारी के बूथ संख्या 166 गुलाब नगर में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 127 वें संस्करण को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने लाइव प्रसारण सुना, इस मन की बात संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि समूचे भारत वर्ष की माताएं बहने छठ पूजा को बड़े भक्तिभाव से कर रहीं हैं मैं देश की समस्त मातृ शक्ति को छठ पूजा की बधाई देता हूं और उनके त्याग और समर्पण को नमन करता हूं, उन्होंने कहा कि आगामी इकतीस तारीख को सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जन्म जयंती पर सभी देशवासियों को रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक गांव एवं शहरों में आयोजित दौड़ में शामिल हों और अपने सभी इष्ट मित्रों को भी शामिल करें। उन्होंने कहा कि इस दीपावली के त्यौहार पर समस्त भारतीयों ने स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग किया ये बहुत हीं अच्छी बात हैं। हम सभी देशवासियों को वन्दे मातरम गीत के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते हुए उसका सम्मान के साथ गायन करना चाहिए, प्रधानमंत्री ने देश के कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की, इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख रविता सुशील चक, नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, शक्तिकेन्द्र संयोजक रामतीर्थ सिंह चक, विष्णु तिवारी, विकास बाल्मिकी, प्रमोद चक, संजीव दीक्षित, सोनू कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# रंगारंग ब्रजरज उत्सव का आगाज, कैबिनेट मंत्री ने किया शुभारंभ

मधुसूदन शर्मा



**मथुरा।** 11 दिन तक चलने वाले ब्रजरज उत्सव को रविवार की शाम धौली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड पर रंगारंग आगाज हो गया। प्रदेश सरकार में मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण इस दौरान मुख्यरूप से मौजूद रहे। रेलवे ग्राउण्ड की शोभा इस दौरान देखते ही बन रही है। पूरे मैदान को बेहद खूबसूरत बंग से सजाया गया है। रंगबिरंगी रोशनी में नहाया मैदान और लगी स्टॉल लोगों का मन मोह रही थीं। श्रीकृष्णजी की पावन भूमि मथुरा में रविवार को धौली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड पर ब्रज रज उत्सव 2025 का भव्य शुभारम्भ हुआ। मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग लक्ष्मी नारायण चौधरी ने फीता काटकर ब्रज रज उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग लक्ष्मी नारायण चैधरी, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, विधायक बलदेव पूरन प्रकाश, विधायक मांट राजेश चैधरी, विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से विशाल गुब्बारा उड़ाया तथा मंच पर दीप प्रज्ज्वलित किया। अतिथियों का स्वागत ब्रज की परंपरा के अनुसार फूल-मालाओं, पगड़ी, पटुका और मंगल गीतों से किया गया। अतिथियों ने मेले में लगे विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूहों और हस्तशिल्प स्टॉलों का अवलोकन किया। ब्रज की लोक कलाओं, गौसेवा, ग्रामीण उत्पादों और चित्रकला से सजे स्टॉलों ने सभी का मन मोह लिया। ढोल, ढप और बीन की लय से पूरा परिसर गूंजता रहा था। स्थानीय कलाकारों की टोलियों ने रसिया गीतों और मुरली वादन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंच के चारों ओर सजी दीपमालाएँ और रंगोलियाँ उत्सव की भव्यता को और बढ़ा रही थीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री लक्ष्मी नारायण चैधरी जी ने उद्बोधन में कहा कि ब्रज के कण-कण में संगीत और राधा-कृष्ण की लीलाएं बसती हैं। यही कारण है कि यहां की रज आज भी आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बनी हुई है। दीपावली के बाद उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद का यह आयोजित ब्रज रज उत्सव अब उस ऊंचाई पर पहुंच चुका है, जिसके लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष रूप से तीन घंटे का समय दिया और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कई बार इसमें सम्मिलित हो चुके हैं। यह आयोजन केवल सांस्कृतिक पर्व नहीं, बल्कि ब्रज की आत्मा, संस्कृति और भक्ति का जीवंत उत्सव बन चुका है। कार्यक्रम में मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी, ओएसडी प्रसून द्विवेदी, परिषद के एसीईओ मदन चंद्र दुबे, डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र तथा गीता शोध संस्थान वृंदावन के निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम/ मंच का संचालन अनिल चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

**नृत्यांगना यास्मीन सिंह ने रचा भक्ति और सौंदर्य का अद्भुत संसार :** ब्रज रज उत्सव के पहले दिन दर्शकों को उस क्षण का इंतजार था जब मंच पर क्लासिकल नृत्यांगना यास्मीन सिंह अपनी प्रस्तुति द डिवाइन कृष्णा लेकर आईं कृ और जैसे ही घुंघरुओं की झंकार गूंजी, पूरा पंडाल भक्ति और सौंदर्य के रंग में रंग उठा। यास्मीन सिंह ने शास्त्रीय नृत्य के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप से लेकर रासलीला तक की झलकियों को अद्भुत भाव और लय में पिरोया। मंच पर उनकी हर मुद्रा, दृष्टि और भावभंगिमा मानो वृंदावन की गलियों में बिखरे रास रस को सजीव कर रही थी। उन्होंने शास्त्रीय नृत्य के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप से लेकर रासलीला तक की झलकियों को सजीव किया। उनकी साथी कलाकारों के साथ हर मुद्राएँ, भाव और नृत्य की लय मानो दर्शकों को वृंदावन के रस, माधुर्य और भक्ति के रंगों में डुबो रही थीं। नृत्य की शुरुआत धीमी गति से हुई कृ बालकृष्ण की निश्छलता और स्नेह से भरे भावों के साथ।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर काम करते दो कर्मचारियों की हादसे में मौत

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस वे पर काम करते समय दो कर्मचारियों की सडक हादसे में मौत हो गई। चैकी प्रभारी बाजना कट हरेंद्र तोमर एवं अन्य पुलिस बल से कार को कब्जे में ले लिया और आरोपी की तलाश शुरू करी वहीं यमुना एक्सप्रेस वे के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। दोनों मृतक कार्मिकों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस संबंध में मांट थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि आरोपी को पकने के लिए पुलिस दल को लगाया गया है। रविवार के चलते टोल पर टैउफिक नियंत्रण के लिए टक्कर मारने वाली कार को रास्ते से हटाया गया है। नोएडा से आगरा जा रही कार ने एक्सप्रेस पर सफाई कर रहे दो टोल कार्मिकों को टक्कर मार दी। कार का चालक टक्कर मार कर फरार हो गया। गंभीर हालत में उपचार के लिए सीएचसी नौहझील में भर्ती कराए दोनों कार्मिकों ने दम तोड दिया। यमुना एक्सप्रेस वे मांट टोल के निकट किलोमीटर 76 पर दोपहर लगभग बारह बजे इटावा थाना बलेवर के व्यासपुर निवासी बाबू सिंह एवं शहजादपुर के लक्ष्मीनगर निवासी सोमबीर टोल के डिवाइडरों की सफाई में लगे हुए थे। नोएडा से तेज रफतार में आते हुए डीएल 12 सीवी 5522 कार ने दोनों में टक्कर मार दी।

संक्षेप

## अमेरिकी प्रतिबंध के बाद ओवीएल ने कानूनी राय मांगी

नयी दिल्ली। ओएनजीसी विदेश लिमिटेड ने (ओवीएल) अमेरिका द्वारा रूसी तेल क्षेत्र पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद कानूनी राय मांगी है। इस तेल क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के गठजोड़ की 49.9 प्रतिशत हिस्सेदारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 22 अक्टूबर को रूस की दो सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनियों... रोसनेफ्ट और लुकऑयल के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा की, ताकि रूस पर यूक्रेन के साथ युद्ध समाप्त करने का दबाव बनाया जा सके। इसके तहत, अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने रूस स्थित रोसनेफ्ट और लुकऑइल की कई अनुषंगी कंपनियों को प्रतिबंधित कर दिया, जिनमें उनकी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से 50 प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सेदारी थी। इस प्रकार प्रतिबंधित अनुषंगी कंपनियों की सूची में सीजेएससी वैंकोरनेफ्ट शामिल है, जिसमें ओवीएल की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है, और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल), इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और भारत पेट्रोरिसोर्सेज लिमिटेड के एक भारतीय गठजोड़ के पास 23.9 प्रतिशत हिस्सेदारी है। शेष 50.1 प्रतिशत हिस्सेदारी रोसनेफ्ट के पास है। ओएफएसी प्रतिबंधों को सीधे तौर पर पढ़ने पर पता चलता है कि ये प्रतिबंध भारतीय कंपनियों पर लागू नहीं होते, लेकिन मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि ओवीएल घरेलू और अंतरराष्ट्रीय विधि कंपनियों से कानूनी राय ले रही है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह किसी भी प्रतिबंध का उल्लंघन न करे। उन्होंने कहा कि ओएफएसी प्रतिबंध भारतीय कंपनियों पर लागू नहीं होने चाहिए, क्योंकि उनके पास वैंकोरनेफ्ट में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी नहीं है, जिसे प्रतिबंधित इकाई घोषित किया गया है।

## क्रॉम्पटन का नया एआई संचालित कैम्पेन लॉन्च

मुंबई। भारत में करोड़ो लोगों के लिए छठ पूजा आस्था, पवित्रता और कृतज्ञता का पर्व है जहां हर अनुष्ठान, सुबह के अर्घ्य से लेकर शाम की प्रार्थना तक जल के इर्द-गिर्द केंद्रित होता है। यह सुनिश्चित करते हुए कि हर घर में अविरल जल आपूर्ति के साथ त्यौहार का अनुभव हो, भारत के सबसे भरोसेमंद उपभोक्ता विद्युत ब्रांडों में से एक, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने इस अवसर का जश्न मनाते हुए एक दिल को छू लेने वाली एआई संचालित शार्ट कैम्पेन लॉन्च की है, जो जहां क्रॉम्पटन, वहां भरोसा के ब्रांड वादे से निकटता से जुड़ी है। यह इस बात का जश्न मनाती है कि कैसे क्रॉम्पटन पंप्स वर्षों से परिवारों की पीढ़ियों से जुड़कर मौन सहयोगी बने हैं-चाहे वह अनुष्ठानिक स्नान के लिए अविरल जल आपूर्ति हो, ठेकुआ, खीर और कड्डुआ-भात जैसे त्यौहार में बनाए जाने वाले पारंपरिक व्यंजन तैयार करना हो, या उगते और अस्त होते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करना हो।

## क्रॉम्पटन को मिला 445 करोड़ का सोलर रूफटॉप ऑर्डर

मुंबई। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने आंध्र प्रदेश राज्य में एक महत्वपूर्ण सौर रूफटॉप ऑर्डर प्राप्त करके सौर यात्रा एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस आर्डर के तहत निकट भविष्य में 40,000 से अधिक घरों में 2 किलोवाट के ऑन-ग्रिड सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाए जाएंगे, जिसकी कुल अनुबंधित राशि 445 करोड़ रुपये है। 77 मेगावाट क्षमता वाला 445 करोड़ रुपये मूल्य का बड़ा ऑर्डर क्रॉम्पटन का अब तक का सबसे बड़ा सोलर रूफटॉप प्रोजेक्ट है और यह सोलर रूफटॉप बाजार में प्रवेश के सिर्फ दो महीने बाद ही कंपनी की तेज प्रगति को दशार्ता है। इस महीने की शुरूआत में मिले 52 करोड़ रुपये के ऑर्डर के बाद मिला यह नया ऑर्डर क्रॉम्पटन की मजबूत बाजार पकड़, क्रियान्वयन क्षमता और सोलर सेगमेंट में तेजी से बढ़ते विस्तार को रेखांकित करता है।

## पुणे के बैटरी असेंबली संयंत्र होगा चालू

नयी दिल्ली। महाराष्ट्र के पुणे में अपने बैटरी असेंबली संयंत्र को चालू करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दीं विजयनगर में 3,800 टन सालाना (टीपीए) क्षमता वाली हरित हाइड्रोजन परियोजना के लिए परीक्षण लगभग पूरा हो चुका है और जल्द ही इसके चालू होने की उम्मीद है। कंपनी महाराष्ट्र के पुणे में पांच गीगावाट घंटा की सालाना क्षमता वाला एक बैटरी असेंबली संयंत्र स्थापित कर रही है।

# कंपनियों की पूंजी 1.55 लाख करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले पिछले सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) सामूहिक रूप से 1,55,710.74 करोड़ रुपये बढ़ गया। घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 259.69 अंक या 0.30 प्रतिशत चढ़ा। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 85,290.06 अंक के अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर को छू गया।

शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को लाभ हुआ। वहीं एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 46,687.03 करोड़ रुपये बढ़कर 19,64,170.74 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 36,126.6 करोड़ रुपये बढ़कर 11,08,021.21 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 34,938.51 करोड़ रुपये बढ़कर 6,33,712.38 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 13,892.07 करोड़ रुपये बढ़कर 8,34,817.05 करोड़ रुपये रहा। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 11,947.17 करोड़ रुपये बढ़कर 6,77,846.36 करोड़ रुपये हो गई, जबकि भारती एयरटेल का मूल्यांकन 9,779.11 करोड़ रुपये बढ़कर 11,57,014.19 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी ने सप्ताह के दौरान 2,340.25 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 5,62,513.67 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के उलट आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 43,744.59 करोड़ रुपये घटकर 9,82,746.76 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 20,523.68 करोड़ रुपये घटकर 5,91,486.10 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 11,983.68 करोड़ रुपये घटकर 15,28,227.10 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और एलआईसी का स्थान रहा।

# कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा




नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस व्यस्त सप्ताह में मौजूदा तिमाही नतीजों के सीजन, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय और व्यापक आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

इसके अलावा, एक विशेषज्ञ ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में प्रगति पर निवेशकों का विशेष ध्यान रहेगा। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजों का सीजन बाजार की दिशा तय करता रहेगा, क्योंकि कई प्रमुख कंपनियां अपने वित्तीय आंकड़े जारी करने वाली हैं। निवेशक सबसे पहले कोटक महिंद्रा बैंक के नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे। इसके बाद आईओसी, टीवीएस मोटर कंपनी, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, आईटीसी, सिप्ला, डाबर, मारुति और एसीसी के नतीजों पर सभी की निगाह रहेगी। व्यापक आर्थिक मोर्चे पर, 28 अक्टूबर को आने वाले सितंबर के भारत के औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों पर नजर रखी जाएगी। वैश्विक स्तर पर सभी का ध्यान 29 अक्टूबर को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले पर केंद्रित रहेगा, जो वैश्विक तरलता रुझानों और जोखिम धारणा को प्रभावित कर सकता है। मिश्रा ने कहा कि इसके अतिरिक्त, बाजार भागीदार अमेरिका-चीन के राष्ट्रपति की निर्धारित बैठक से जुड़े घटनाक्रमों पर नजर रखेंगे, जिससे व्यापार तनाव और कम हो सकता है और वैश्विक बाजारों पर असर पड़ सकता है। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों और ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में भी निवेशकों की नजर रहेगी। घरेलू मोर्चे पर, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में प्रगति आने वाले सप्ताह में निवेशकों का मुख्य ध्यान कर केंद्र रहेगी। भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के बहुत करीब हैं, जबकि वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जोर देकर कहा कि भारत जल्दबाजी में या सिर पर बंदूक रखकर कोई समझौता नहीं करेगा। यह यह एक व्यापक आर्थिक सप्ताह रहेगा।

# गिग और स्थायी कर्मचारियों के बीच वेतन अंतर बरकरार

मुंबई। त्योहारी सीजन में नियुक्तियों में तेजी के बावजूद गिग (आमतौर पर ऑनलाइन डिलिवरी करने वाले अस्थायी कर्मी) और स्थायी कर्मचारियों के बीच वेतन समानता का मुद्दा अभी भी अनसुलझा है। 47 प्रतिशत पेशेवरों का मानना है कि गिग कर्मचारियों को उनके स्थायी समकक्षों की तुलना में कम भुगतान मिलता है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

जब पेशेवरों से पूछा गया कि समान भूमिका में गिग या फ्रीलांस तौर पर काम करने वाले कर्मचारियों का प्रति घंटे वेतन स्थायी कर्मचारियों से कितना कम है, तो 11 प्रतिशत ने कहा कि यह 10 प्रतिशत तक कम है, 23 प्रतिशत ने कहा कि 10-25 प्रतिशत कम है और 13 प्रतिशत ने माना कि यह अंतर 25 प्रतिशत से अधिक है। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि लगभग आधे कार्यबल यानी 47 प्रतिशत लोग मानते हैं कि गिग कर्मचारियों को उनके स्थायी समकक्षों की तुलना में कम वेतन मिलता है। कार्यबल स्टाफिंग सेवाओं और मानव संसाधन समाधान प्रदाता द्वारा तैयार की गई यह रिपोर्ट एक-30 सितंबर, 2025 के दौरान विभिन्न उद्योगों के 1,550 पेशेवरों के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। त्योहारों की अर्थव्यवस्था गिग कर्मचारियों की मेहनत और योगदान पर निर्भर है, लेकिन हमारे आंकड़े बताते हैं कि वे अभी भी असमान शर्तों पर काम कर रहे हैं।

# मध्यप्रदेश देश का शीर्ष टमाटर उत्पादक राज्य बना : मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि राज्य समर्थित प्रोत्साहन योजनाओं के कारण पैदावार में हुई वृद्धि के कारण मध्यप्रदेश देश का शीर्ष टमाटर उत्पादक राज्य बन गया है।

मध्य प्रदेश सरकार के बयान के अनुसार, किसानों ने उत्साहपूर्वक नकदी फसल उत्पादन को अपनाया है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है और घरेलू खाद्य आवश्यकताओं को पूरा किया है। यादव ने शनिवार को कहा, मध्यप्रदेश देश में टमाटर उत्पादन में नंबर एक है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण (पीएमएफएमई) योजना के तहत, टमाटर की खेती पर आधारित लघु उद्योगों को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित किया जा रहा है। यादव ने कहा कि सरकार टमाटर के बीज पर 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दे रही है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सब्सिडी किसानों को बड़ा सहारा दे रही है। इस योजना का लाभ उठाकर, हमारे किसान भाई आत्मनिर्भर बन रहे हैं और समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं।

# ईयू के साथ व्यापार समझौते की बातचीत आगे बढ़ाने के लिए गोयल 27 अक्टूबर को ब्रसेल्स जायेंगे

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को राजनीतिक गति देने के लिए 27 अक्टूबर को ब्रसेल्स का दौरा करेंगे।

इस दौरान वह अपने यूरोपीय संघ समकक्ष के साथ बातचीत करेंगे। गौरतलब है कि इस वार्ता को पूरा करने की समय सीमा नजदीक आ रही है। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को बताया कि दो दिवसीय यात्रा के दौरान, गोयल यूरोपीय संघ के कार्यकारी उपाध्यक्ष और यूरोपीय व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक से मुलाकात करेंगे। यह यात्रा भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चल रही वार्ता के एक महत्वपूर्ण चरण में हो रही है। दोनों पक्ष जल्द से जल्द एक व्यापक, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्री की यात्रा का उद्देश्य वार्ता को रणनीतिक दिशा और राजनीतिक गति देना है। प्रस्तावित एफटीए के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा होने की उम्मीद है, जिसमें बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपाय और नियामक सहयोग शामिल हैं। यह यात्रा अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करने और आगे समन्वय की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने में भी सहायक होगी। गोयल की यह यात्रा 6-10 अक्टूबर तक दोनों पक्षों के बीच 14वें दौर की वार्ता पूरी होने के बाद हो रही है।

# सरसों तेल, सोयाबीन तेल, पाम में गिरावट, मूंगफली स्थिर

नयी दिल्ली। बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजार में महंगे दाम पर लिवाली प्रभावित होने से सरसों तेल-तिलहन, आयातकों द्वारा लागत से कम दाम पर बिकवाली करने से सोयाबीन तेल, संभावित सट्टेबाजी की हवा निकलने के बीच मलेशिया में एक सप्ताह से जारी गिरावट के कारण पाम-पामोलीन तथा आवक बढ़ने से बिनौला तेल के दाम में गिरावट दर्ज हुई।

वही, इंडोनेशिया में आयात मांग बढ़ने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे। नये न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी कमजोर हाजिर दाम होने की वजह से किसानों की कम बिकवाली से सोयाबीन तिलहन कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह भी सरसों के दाम ऊंचे बने रहे जिससे लिवाली प्रभावित रहने के कारण सरसों तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। सरसों का स्टॉकिस्ट, किसानों और सरकार के पास स्टॉक है। उन्होंने कहा कि सोयाबीन तिलहन का नया न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5,328 रुपये क्विंटल है जबकि हाजिर बाजार का दाम 4,000-4,200 रुपये क्विंटल के बीच है। ऐसे में केवल कमजोर वित्तीय हालत वाले किसानों को छोड़कर बाकी किसान अपने उपज की बिकवाली कम कर रहे हैं। इस कमजोर बिकवाली की वजह से सोयाबीन तिलहन कीमतों में अपने पूर्व सप्ताहांत के मुकाबले मामूली सुधार कहा जा सकता है। लेकिन इसे शुद्ध रूप से सुधार के रूप में देखना अनुचित है क्योंकि सोयाबीन



का दाम पहले से ही एमएसपी से लगभग 20-22 प्रतिशत नीचे चल रहा है। दूसरी ओर, आयातकों द्वारा बैंकों में अपना ऋण साख पत्र (एलसी) चलाते रहने के लिए लागत से कमजोर दाम पर बिकवाली करने से सोयाबीन तेल कीमतों में गिरावट आई।

उन्होंने कहा कि सरकार को इस ओर ध्यान देना होगा क्योंकि इससे किसानों, बैंकों और तेल उद्योग सभी को नुकसान हो सकता है। दूसरी एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दाम पर सोयाबीन की बिक्री करने से बचने को कहा है। उन्होंने आगामी 30 अक्टूबर से सरकारी खरीद में भाग लेने के लिए किसानों को अपना पंजीकरण कराने को भी कहा है। लेकिन सवाल यह है कि सरकार पूरी फसल की खरीद करने में सक्षम है अथवा नहीं ?सूत्रों ने कहा कि महाराष्ट्र के तेल संयंत्रों के सामने यह सवाल भी है कि वह सोयाबीन की पेराई कैसे करें क्योंकि सोयाबीन से निकलने वाले लगभग 82 प्रतिशत डी-आयल्ड केक (डीओसी) की स्थानीय मांग सामान्य है और महंगे दाम पर निर्यात की मांग नहीं है। सोयाबीन की कीमत, इससे निकलने वाले डीओसी की खपत पर निर्भर करती है जिसका बाजार नहीं होगा तो तेल संयंत्र पर्याप्त पेराई नहीं कर पायेंगे और वे किसानों की उपज भी कम दाम पर खरीदना चाहेंगे। इस स्थिति को भी सरकार को अपने ध्यान में लेना होगा और देशी तेल-तिलहनों का बाजार बनाने की ओर सारी ताकत लगानी होगी।

# चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में यात्री वाहनों का निर्यात 18 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में भारत से यात्री वाहनों का निर्यात सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़ा है। इसमें मारुति सुजुकी इंडिया दो लाख से अधिक इकाइयों के निर्यात के साथ सबसे आगे रही है। वाहन विनिर्माताओं के निकाय सियाम ने यह जानकारी दी है।

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कुल यात्री वाहनों का निर्यात बढ़कर 4,45,884 इकाई हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 3,76,679 इकाई रहा था, जो 18.4 प्रतिशत की वृद्धि है। समीक्षाधीन अवधि में यात्री कारों का निर्यात बढ़कर 2,29,281 इकाई हो गया, जो 2024-25 की अप्रैल-सितंबर अवधि में 2,05,091 इकाई की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार, अप्रैल-सितंबर अवधि में विदेशी बाजारों में उपयोगिता (यूटिलिटी) वाहनों का निर्यात 26 प्रतिशत बढ़कर 2,11,373 इकाई हो गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में वैन का निर्यात 36.5 प्रतिशत बढ़कर 5,230 इकाई हो गया। समीक्षाधीन अवधि में मारुति सुजुकी का निर्यात बढ़कर 2,05,763 इकाई हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,47,063 इकाई की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है। हुंदै मोटर इंडिया ने अप्रैल-सितंबर की अवधि में 99,540 इकाइयों का निर्यात किया, जो एक साल पहले की समान अवधि के 84,900 इकाइयों से 17 प्रतिशत अधिक है। निसान मोटर इंडिया ने समीक्षाधीन अवधि में 37,605 इकाइयों का निर्यात किया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 33,059 इकाइयों का निर्यात किया था। इसके बाद फॉक्सवैगन इंडिया ने 28,011 इकाइयों का निर्यात किया। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 18,880 इकाइयों, किआ इंडिया ने 13,666 इकाइयों और होंडा कार्स इंडिया ने 13,243 इकाइयों का निर्यात किया। सियाम ने यात्री वाहनों के निर्यात में वृद्धि का श्रेय वैश्विक बाजारों में स्थिर मांग, विशेष रूप से पश्चिम एशिया और लातिनी अमेरिका में मजबूत प्रदर्शन को दिया है। बाजार विविधीकरण के स्पष्ट रुझान को दर्शाते हुए, भारतीय निर्यातकों ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान 24 देशों में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।

## पेज एक का शेष

### स्वास्थ्य सेवा

इसलिए उनका जीवन भी अनमोल है और उन्हें भी पूर्ण सहयोग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच मिलनी चाहिए। मुर्मू ने कहा मेरा मानना है कि स्वास्थ्य संबंधी जिम्मेदारियों के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन भी चिकित्सा संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिस्टम फॉर टीबी एलिमिनेशन इन प्राइवेट सेक्टर (स्टेप्स) के तहत उत्तर भारत का पहला केंद्र यशोदा मेडिसिटी को बनाया गया है।

संस्था के प्रबंध निदेशक डॉक्टर पीएन अरोड़ा द्वारा अपनी मां के नाम पर यशोदा मेडिसिटी अस्पताल खोलने के कदम की मुर्मू ने सराहना की। मुर्मू ने कहा कि अस्पताल का नाम अपनी माता यशोदा जी के नाम पर रखना भारतीय संस्कारों और स्वदेशी की भावना का उदाहरण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्वदेशी की भावना के साथ चिकित्सा अनुसंधान पर विशेष बल देकर यशोदा मेडिसिटी अस्पताल द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि इस संस्था में कैंसर उपचार की आधुनिकतम सुविधाएं मिलेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने अस्पताल का दौरा भी किया और कहा कि उन्होंने पहली बार इतना अत्याधुनिक अस्पताल देखा है, जहां एक ही छत के नीचे सभी तरह की जांच और उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों का कीमती समय बचेगा। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से विकास की ओर अग्रसर है और यह तभी संभव है जब देश का हर नागरिक स्वस्थ हो।

उन्होंने कहा कि इस तरह की मेडिसिटी न केवल इलाज के लिए बल्कि अनुसंधान और नवाचार के लिए भी जरूरी हैं। राष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि यशोदा मेडिसिटी मुंबई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-बॉम्बे) जैसे संस्थानों के साथ मिलकर कैंसर की जीन थैरेपी जैसी स्वदेशी तकनीकों को अपनाए। यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने इस मौके पर अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. अरोड़ा ने पत्रकारों को बताया था कि यशोदा मेडिसिटी अत्याधुनिक तकनीक, अनुभवी चिकित्सकों और प्रशिक्षित स्टाफ से सुसज्जित है। अरोड़ा ने बताया कि यह न केवल आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का केंद्र बनेगा, बल्कि मरीज-केंद्रित देखभाल और स्वास्थ्य जागरूकता का भी प्रतीक होगा। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल बीमारियों का उपचार करना नहीं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देना भी है।

इसके पहले डॉक्टर पीएन अरोड़ा ने कहा कि उनकी मां यशोदा देवी का निधन 1986 में कैंसर रोग से हो गया था और तभी उन्होंने मरीजों की सेवा का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि इस संस्था को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य केन्द्र बनाने में सबका सहयोग रहा है। डॉक्टर अरोड़ा ने मुर्मू को शाल, शंख और स्मृति चिह्न भेंट करके उनका अभिनंदन किया। शॉल पर रामायण के दृष्यों को रेशम के धागों से उकेरा गया है और प्रत्येक शॉल को बनाने में कारीगरों ने एक वर्ष का समय लिया। अरोड़ा ने मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री समेत अन्य अतिथियों को भी शॉल, शंख और स्मृति चिह्न भेंट किये।

### स्वस्थ भारत

स्वस्थ हो। उन्होंने कहा हमारा हर कदम, हर नीति, हर प्रयास देश के गरीब, वंचित और ग्रामीण जनमानस को समर्पित है। हम मानते हैं कि जब भारत का हर नागरिक स्वस्थ होगा तभी भारत सशक्त होगा। सिंह ने कहा, हमें 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए राष्ट्र के नागरिकों का स्वास्थ्य उत्तम होना बहुत जरूरी है। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि यशोदा मेडिसिटी के लिए गौरव की बात है कि इसे दक्षिण एशिया में रोबोटिक्स सर्जरी प्रशिक्षण केंद्र के रूप में मान्यता मिली है। यह उपलब्धि निश्चित रूप से मेडिकल प्रशिक्षण और तकनीकी अनुसंधान को नई दिशा देगी। उन्होंने अस्पताल के एमडी डॉ. पीएन अरोड़ा के संदर्भ में कहा हम जब भी किसी सफल इंसान की कहानी पढ़ते हैं, आपको यही देखने को मिलेगा कि हर बड़ी यात्रा की शुरुआत किसी न किसी बड़ी व्यक्तिगत पीड़ा से निकलती है। यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन डॉ. पी एन अरोड़ा ने 1986 में अपनी माता को कैंसर की वजह से मृत्युशैया पर देखा, उनकी इसी पीड़ा ने यशोदा मेडिसिटी को जन्म दिया।

### अब इलाज

में निवेश, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं की दिशा में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजियाबाद में स्थापित यशोदा मेडिसिटी इसका सशक्त उदाहरण है और यह केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा की एक नयी परिभाषा है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के माध्यम से न केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के नागरिकों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं एक ही छत के नीचे प्राप्त होंगी। योगी ने कहा कि प्रदेश के लोगों को अब दिल्ली में महंगे इलाज के लिए भटकने की जरूरत नहीं, क्योंकि गाजियाबाद में ही विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में जब उत्तर प्रदेश में तृतीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित हुई थी, उस समय डॉक्टर पीएन अरोड़ा ने इन्वेस्ट यूपी के साथ एमओयू किया था कि गाजियाबाद में अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण करेंगे। इसमें सभी प्रकार की सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं होंगी और विशेष रूप से कैंसर की अत्याधुनिक सुविधा भी, जिसके लिए पहले लोगों को विदेश जाना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि तब यह विश्वास नहीं होता था कि इतनी जल्दी यह संभव होगा, लेकिन डॉक्टर पी.एन. अरोड़ा, डॉक्टर उपासना अरोड़ा और उनकी पूरी टीम ने मात्र तीन वर्षों में इसे साकार कर दिखाया। योगी ने कहा कि यह निवेश भी है और 5000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार का माध्यम भी है। योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में अब तक 42 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि दो एम्स (गोरखपुर और रायबरेली) सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मिले।

### भारत की

रही है। शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मलयेशियाई प्रधानमंत्री और मेरे मित्र अनवर इब्राहिम आपने मुझे आसियान परिवार में शामिल होने का अवसर दिया, इसके लिए मैं बहुत खुश हूं। मैं आपको इस सफल शिखर सम्मेलन के लिए बधाई देता हूं। पीएम ने कहा, समावेशीपन और स्थिरता इस वर्ष के आसियान शिखर सम्मेलन के विषय हैं और यह विषय हमारे साझा प्रयासों को दशार्ता है। चाहे वह डिजिटल समावेशन हो, खाद्य सुरक्षा हो, या इस अशांत वैश्विक समय में लचीली आपूर्ति श्रृंखलाएं हों। हम साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, 'भारत के देश समन्वयक की भूमि का कुशलता से निभाने पर फिलीपींस के राष्ट्रपति मार्कोस का धन्यवाद करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, 'थाईलैंड की राजमाता के निधन पर मैं सभी भारतवासियों की ओर से थाईलैंड के राज परिवार और जनता के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

### विकास व

मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं।मुख्यमंत्री धामी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया और कहा कि गढ़वाली लोक संस्कृति हमारी असली पहचान है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुँचाना हम सबका दायित्व है। गढ़वाली बैंड, स्थानीय कलाकारों और कारीगरों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक कलाओं और हस्तशिल्प को मंच देने से न केवल संस्कृति जीवित रहती है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं। महोत्सव में स्थानीय स्वयं सहायता समूहों और शिल्पकारों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में पारंपरिक बुनाई, लकड़ी के हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद, पहाड़ी व्यंजन और अन्य स्थानीय वस्तुएं आकर्षण का केंद्र रहीं। मुख्यमंत्री ने इन प्रदर्शनों का अवलोकन करते हुए कहा कि यह पहल वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम की भावना को मजबूत करती है और युवाओं व महिलाओं को आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराती है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देवभूमि सांस्कृतिक महोत्सव केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन, रोजगार और रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कोशिश है कि माणा जैसे सीमांत गाँव ह्लसांस्कृतिक, आध्यात्मिक और आर्थिक समृद्धि के केंद्र के रूप में विकसित हों। कार्यक्रम के समापन पर मुख्यमंत्री ने श्री बद्रीविशाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और समस्त प्रदेशवासियों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, बदरी-केदार मंदिर समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय थपलियाल, सहित अनेक सैन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### योनेक्स सनराइज

21-18, 21-17 से हराया। पहला गेम हारने के बाद सिद्धार्थ ने रणनीति बदली और सटीक सर्विस व उम्दा शॉट के चयन से अगले दो गेम जीत लिए। सेमीफाइनल में उन्होंने दूसरी वरीय नोएडा के नीर नेहवाल को 21-19, 21-13 से हराकर बड़ा उलटफेर किया था। मिश्रित युगल वर्ग में आगरा के दक्ष गौतम और यूपी बैडमिंटन अकादमी की सोनाली सिंह की जोड़ी ने यूपी बैडमिंटन अकादमी के कुंवर शिवांग व सुजाता सिंह को 21-16, 21-8 से पराजित कर खिताब जीता। महिला युगल में अलीगढ़ की रमा सिंह और यूपी बैडमिंटन अकादमी की सोनाली सिंह की जोड़ी ने एनईआर की शिवांगी सिंह व यूपी बैडमिंटन अकादमी की सुजाता सिंह को सीधे गेम में 21-12, 21-15 से मात दी। पुरुष युगल में शीर्ष वरीय महराजगंज के बालकेसरी यादव और जौनपुर के शुभम यादव की जोड़ी ने दूसरी वरीय यूपी पुलिस के राजन यादव व गोरखपुर के तुषार गगनेजा को 21-17, 17-21, 21-18 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

# विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रही है भारतीय कॉफी : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल सहित देश के विभिन्न राज्यों में उगाई जाने वाली कॉफी विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रही है। प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो संबोधन मन की बात के 127वें संस्करण में यह भी कहा कि पूर्वोत्तर भी कॉफी की खेती में आगे बढ़ रहा है और इससे दुनिया भर में भारतीय कॉफी की पहचान और मजबूत हो रही है। दुनिया भर में भारत की कॉफी बहुत लोकप्रिय हो रही है। चाहे कर्नाटक में चिकमंगलुरु, कुर्ग और हासन हो या तमिलनाडु में पुलनी, शेवरॉय, नीलगिरी और अन्नामलाई के इलाके हों। कर्नाटकतमिलनाडु सीमा पर नीलगिरि क्षेत्र हो या फिर केरल में वायनाड, त्रावणकोर और मालाबार के इलाके हों - भारत की कॉफी की विविधता देखते ही बनती है। मोदी ने आगे बताया कि कि कोरापुट (ओडिशा) की कॉफी भी लोकप्रियता हासिल कर रही है। कुछ लोगों ने कॉफी की खेती के अपने जुनून को पूरा करने के लिए आकर्षक कॉरपोरेट नौकरियां छोड़ दी हैं। उन्हें कॉफी इतनी पसंद आई कि वे इस क्षेत्र में आ गए और अब इसमें सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं। कई महिलाएं भी हैं, जिनके जीवन में कॉफी की वजह से सुखद बदलाव आया है। कोरापुट क्षेत्र अपनी अनूठी कृषि-जलवायु के लिए जाना जाता है।




# इंग्लैंड की न्यूजीलैंड पर आसान जीत

## जोन्स ने 92 गेंद पर नाबाद 86 रन बनाये जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल



विशाखापत्तनम। इंग्लैंड ने स्पिनरों के कमाल और एमी जोन्स की शानदार पारी की मदद से रविवार को यहां महिला विश्व कप के मुकाबले में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर स्टार ऑलराउंडर सोफी डिवाइन की विदाई को यादगार नहीं बनने दिया। न्यूजीलैंड की कप्तान डिवाइन ने अपने अंतिम वनडे मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे और उसकी पूरी टीम 38.2 ओवर में 168 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड ने दो विकेट पर 172 रन बनाकर 124 गेंद शेष रहते हुए आसानी से जीत हासिल की। जोन्स ने 92 गेंद पर नाबाद 86 रन बनाए जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल है।

उन्होंने टैमी ब्यूमोंट (40) के साथ पहले विकेट के लिए 75 रन और हीथर नाइट (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की। डिवाइन ने नाइट के रूप में अपने करियर का अंतिम विकेट लिया।

इस जीत से इंग्लैंड 11 अंक लेकर अंक तालिका में ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर रहा। इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका था जहां उसका सामना 29 अक्टूबर को गुवाहाटी में तीसरे नंबर की टीम दक्षिण अफ्रीका से होगा। दूसरा सेमीफाइनल इसके एक दिन बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नवी मुंबई में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड की टीम पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी थी लेकिन उम्मीद की जा रही थी कि वह इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी कप्तान डिवाइन को जीत के साथ विदाई देगी जिन्होंने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह वनडे क्रिकेट में उनका आखिरी मैच होगा। न्यूजीलैंड ने चार अंक के साथ छठे स्थान पर रहते हुए अपने अभियान का समापन किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत एक बार फिर अच्छी नहीं रही और अनुभवी सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स ने अपना खराब प्रदर्शन जारी रखा तथा फुलटॉस गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठीं। इसके बाद 20 वर्षीय जॉर्जिया प्लिमर ने 57 गेंदों पर 43 रन की रोमांचक पारी में सात चौके लगाए और दूसरे विकेट के लिए अमेलिया केर के साथ 82 गेंदों पर 68 रन जोड़े। लेकिन इंग्लैंड ने जोरदार वापसी की और एलिस कैप्सी ने अमेलिया केर को पवेलियन की राह दिखा दी जिन्होंने 43 गेंद पर 35 रन बनाए जिसमें पांच चौके शामिल हैं। इसके बाद चार्ली डीन ने अगले ओवर में प्लिमर को पगबाधा आउट कर दिया और इसके बाद न्यूजीलैंड की पारी लड़खड़ा गई। विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक और दक्षिण अफ्रीका तथा बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतक लगाने वाली सोफी डिवाइन ने अपने अंतिम एकदिवसीय मैच की शुरुआत धैर्य और उद्देश्य के साथ की थी, लेकिन वह अपनी पारी लंबी नहीं खींच पाई और 35 गेंद पर 23 रन बनाकर स्टंप आउट हो गई। इस तरह से डिवाइन के 15 वर्ष तक चल वनडे करियर का अंत हो गया। जब वह पवेलियन लौट रही थी तो दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने उनका अभिवादन किया। इंग्लैंड के स्पिनरों ने बीच के ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की जबकि उसकी स्टार स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन मैदान पर नहीं थीं जिन्हें क्षेत्ररक्षण करते समय कंधे में चोट लग गई थी। एक्लेस्टोन कुछ देर के लिए गेंदबाजी करने के लिए लौटीं और उन्होंने अपनी चौथी गेंद पर ब्रुक हैलीडे को आउट कर दिया। इसके बाद वह फिर से मैदान से बाहर चली गईं और पारी में आगे कोई हिस्सा नहीं लिया। लिन्से स्मिथ ने 9.2 ओवर में 30 रन देकर तीन जबकि नेट साइवर ब्रंट और कैप्सी ने दो-दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड ने अपने अंतिम पांच विकेट 13 रन के अंदर गवाएं।

# जीत के साथ खेल को अलविदा कहना चाहती थी: सोफी डिवाइन




विशाखापत्तनम। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन अपने शानदार करियर का अंत जीत के साथ नहीं कर पाने से निराश हैं लेकिन उन्होंने कहा कि वह अपनी क्रिकेट यात्रा के दौरान हुए महिला क्रिकेट के विकास को देखने पर गर्व महसूस करती हैं।

वह इस दौरान बनाई गई अपनी मित्रता और खेल में लगभग दो दशकों तक संजोई गई यादों के लिए भी आभारी हैं। न्यूजीलैंड को टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप चरण मैच में इंग्लैंड के हाथों आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा जिसके बाद डिवाइन ने अपने करियर को अलविदा कहा। डिवाइन ने कहा कि उन्हें जीत के साथ अलविदा कहने की उम्मीद थी। लेकिन ऐसा नहीं हो सका और उन्होंने इंग्लैंड की टीम को अपनी योजनाओं को अच्छी तरह से लागू करने का श्रेय दिया। उन्होंने मैच के बाद कहा, निराशाजनक। मैं जीत के साथ जाना चाहती थी और आज का प्रदर्शन वैसा नहीं था। इंग्लैंड को श्रेय जाता है, उन्होंने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया। छत्तीस वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि संन्यास लेने के फैसले की घोषणा पहले करने से उन्हें अपने विदाई मैच में भावनाओं पर काबू करने में मदद मिली। दरअसल मैं उतना नहीं रोई जितना मैंने सोचा था। घोषणा करने की सबसे अच्छी बात यह थी कि मैं अपनी भावनाओं को समझ पाई। यह आज के दिन का आनंद लेने और 19 साल पहले की जड़ों की ओर लौटने के बारे में था। डिवाइन ने कहा कि अपनी साथी और करीबी दोस्त सूजी बेट्स के साथ आखिरी बार मैदान साझा करना बेहद खास था। सूजी बेट्स के दूसरे छोर पर गेंदबाजी करने के साथ मैच खत्म करना अच्छा लगा जो वाकई खास था।

**संक्षेप**

## क्लच शतरंज चैंपियंस में गुकेश के सामने कड़ी चुनौती

सेंट लुई। विश्व चैंपियन डी गुकेश को यहां शुरू हो रहे 412000 डॉलर इनामी क्लच शतरंज चैंपियन मुकाबले में अब तक की सबसे कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। यूरोपियन क्लब कप में अपनी टीम सुपर चेस को शानदार जीत दिलाने के बाद इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अमेरिका पहुंचने वाले गुकेश को अगर जीत हासिल करनी है तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा क्योंकि विश्व रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन का ब्रेक हाल ही में पिता बनने के बाद समाप्त हो गया है और वह खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। उनके अलावा अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारूआना जैसे दमदार खिलाड़ी भी 18 गेम तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में चैंपियन बनने के दावेदारों में शामिल हैं। एक पखवाड़े के भीतर क्लच शतरंज के दूसरे टूर्नामेंट में बड़ी पुरस्कार राशि गांव पर लगी है। इसके विजेता को 120000 अमेरिकी डॉलर की धनराशि मिलेगी। दूसरा पुरस्कार 90,000 अमेरिकी डॉलर है, जबकि तीसरा और चौथा पुरस्कार क्रमशः 70,000 अमेरिकी डॉलर और 60,000 अमेरिकी डॉलर है। इसके अलावा प्रत्येक राउंड में प्रत्येक जीत पर 72,000 अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त राशि दांव पर लगी है।

## पीसीबी महिला टीम के मुख्य कोच वसीम को बर्खास्त करने की तैयारी में

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत में चल रहे महिला एकदिवसीय विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच मुहम्मद वसीम का अनुबंध नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। पाकिस्तान आठ टीमों की प्रतियोगिता तालिका में सातवें स्थान पर रहा, लेकिन अगर बांग्लादेश अपने आखिरी मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह आखिरी स्थान पर खिसक सकता है। पाकिस्तान ने अपने सात मैचों में से चार मैच गंवाए जबकि उसके बाकी तीन मैच बारिश की भेंट चढ़ गए थे। पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस बात से निराश हैं कि वसीम ने वादे के अनुसार काम नहीं किया। पीसीबी ने पिछले साल वसीम को महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था। उनके कार्यकाल में पाकिस्तान एशिया कप सेमीफाइनल में श्रीलंका से हार गया था और फिर दक्षिण अफ्रीका में महिला टी 20 विश्व कप के चार मैचों में से सिर्फ एक मैच में जीत हासिल कर सका था। मुख्य कोच अपने रवैये के कारण टीम के अन्य अधिकारियों के साथ सहज नहीं रह पाते हैं।

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में शाइना और दीक्षा ने स्वर्ण पदक जीते



चेंगदू। शाइना मणिमुथु और दीक्षा सुधाकर ने रविवार को यहां अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारत बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में अपना अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहा।

अंडर-15 बालिका एकल फाइनल में शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जबकि दीक्षा ने हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से हराकर अंडर-17 बालिका एकल का खिताब जीता। इस तरह से भारतीय दल ने दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदकों के साथ महाद्वीपीय स्पर्धा का समापन किया जो चैंपियनशिप में उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने पिछली बार 2013 में दो स्वर्ण पदक जीते थे। तब सिरिल वर्मा ने अंडर-15 लड़कों का एकल खिताब और चिराग शेट्टी और एमआर अर्जुन ने अंडर-17 लड़कों का युगल खिताब जीता था। शाइना अंडर-15 वर्ग का खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने पहले गेम में तोमिता पर दबदबा बनाया और फिर दूसरे गेम में जापान की खिलाड़ी की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए मैच 44 मिनट में जीत लिया। दीक्षा 27 मिनट तक चले फाइनल में अपना दबदबा कायम रखते हुए अंडर-17 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बनीं। जगशेर सिंह खंगगुरा तथा जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश की मिश्रित युगल जोड़ी ने शनिवार को कांस्य पदक जीता था।

# अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में सुजीत ने किया प्रवेश





नोवी साद (सर्बिया)। भारत के शीर्ष पुरुष 65 किग्रा पहलवान के रूप में अपनी पहचान बना चुके सुजीत कलकल ने रविवार को अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया लेकिन उनके तीन हमवतन पहलवान अपने-अपने वर्ग में हार गए। पिछले साल इसी चैंपियनशिप में कांस्य पदक और इस साल अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में खिताब जीतने वाले सुजीत ने अपने शुरुआती दो मुकाबले तकनीकी श्रेष्ठता से जीते।

उन्होंने मोल्दोवा के फियोडोर चेवदारी (12-2) और पोलैंड के डोमीनिक जैकब (11-0) को हराया। वह क्वार्टर फाइनल में बशीर मागोमेदोव से पिछड़ रहे थे लेकिन अंततः 4-2 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में पहुंच गए जहाँ उनका सामना जापान के युतो निशियुची से होगा। शुभम (61 किग्रा) अपने प्रतिद्वंद्वी की चोट के कारण पहला मुकाबला जीतने के बाद अजरबेजान के जेहुन अल्लाहवरदियेव के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए। आशीष (86 किग्रा) ने क्वालीफिकेशन दौर में 4-6 से हारने से पहले अपने ईरानी प्रतिद्वंद्वी अबोलफजल यासर रहमानी को कड़ी टक्कर दी। विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान के ओटाबेक नजीरबोव (10-0) को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। इसके बाद उन्होंने जॉर्जिया के मेराब सुलेमानिशविली को कड़ी टक्कर दी लेकिन 13-15 से हार गए। प्रविंदर (74 किग्रा), सुमित मलिक (57 किग्रा), नवीन कुमार (70 किग्रा), चंद्र मोहन (79 किग्रा) और सचिन (92 किग्रा) पहले ही बाहर हो चुके हैं। भारत ने 125 किग्रा भार वर्ग में किसी भी खिलाड़ी को नहीं उतारा क्योंकि पात्र उम्मीदवार राष्ट्रीय शिविर में शामिल नहीं हुए और इसलिए उन्हें ट्रायल में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई।

# भारत ने अंतरराष्ट्रीय पोलो कप में अर्जेन्टीना को हराया



नयी दिल्ली। मेजबान भारत ने रविवार को यहां जयपुर पोलो ग्राउंड में कोग्नीवेरा अंतरराष्ट्रीय पोलो कप में अर्जेन्टीना को करीबी मुकाबले में 10-9 से हरा दिया।

भारत के लिए जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। इस करीबी मुकाबले में अंतरराष्ट्रीय पोलो मैच का जुनून, ताकत और साझेदारी सब कुछ देखने को मिला। भारतीय कप्तान सिमरन सिंह शेरगिल ने कहा कि अर्जेन्टीना के खिलाफ जीतना हमारे लिए शानदार लम्हा है। सभी खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और प्रशंसकों की ऊर्जा ने हमें और अधिक उत्साहित किया। यह भारतीय पोलो के लिए गौरव का दिन है।

# 9वीं वर्ल्ड ताइची प्रतियोगिता में भारत ने जीता 2 गोल्ड, 3 सिल्वर, 1 ब्रॉन्ज

## आकाश आनंद ने दो और निर्भय राज ने जीता एक गोल्ड



ताइवान (ताइपे)। 9वीं वर्ल्ड ताइची प्रतियोगिता में भारत के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतिस्पधाओं में आज तीन गोल्ड, तीन सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीतकर धमाकेदार इंट्री की। ताइवान की राजधानी ताइपे में हुई इस वर्ल्ड प्रतियोगिता में 22 देशों के 3000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय ताइची और टुसू खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

यह जानकारी कुंग फू फेडरेशन ऑफ इंडिया की महासचिव श्रीमती मंजू त्रिपाठी ने बताया कि दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का शुभारंभ 25-26 अक्टूबर 2025 को ताइपे में ताइपे एरिना मल्टीस्टोरी स्टेडियम में हुआ था। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन वर्ल्ड ताइची फेडरेशन के अध्यक्ष ग्रैंडमास्टर मिस्टर ये वेन क्वान ने किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 8 सदस्यीय भारतीय टीम अंतर्राष्ट्रीय कोच ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, मंजू त्रिपाठी, आकाश आनंद, संस्कृति त्रिपाठी, खुशी त्रिपाठी, श्रुति सिंह और निर्भय राज 21 अक्टूबर को पहुंचे थे। आज प्रतियोगिता के दूसरे दिन यांग स्टाइल ताइची में आकाश आनंद ने स्टाइल ताई ची पुरुष वर्ग में एक गोल्ड, यांग स्टाइल ताई ची स्टिक एक गोल्ड और फिक्स्ड पुश हैंड पुरुष वर्ग में एक सिल्वर पदक व ताई ची फॉर्म पुरुष वर्ग कांस्य पदक जीत कर कुल चार पदक प्राप्त किया। फिक्स्ड पुश हैंड पुरुष वर्ग में निर्भय राज ने एक गोल्ड जीता। संस्कृति त्रिपाठी ने यांग स्टाइल ताई ची महिला वर्ग में एक सिल्वर मेडल जीता। खुशी त्रिपाठी ने यांग स्टाइल ताई ची स्टिक वर्ग में एक सिल्वर मेडल जीता। भारतीय टीम अंतर्राष्ट्रीय कोच ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि एक रंगारंग में विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने सांस्कृतिक संवर्धन कार्यक्रम के तहत अपने अपने देशों के कार्यक्रम पेश किए। भारतीय खिलाड़ियों ने सूर्य नमस्कार, कलारिपयट्टू, शिव तांडव, इंडियन फीमेल ट्राइबल डांस प्रस्तुत कर विदेशी खिलाड़ियों का मनमोह लिया।

